CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम : 25°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 14 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 30 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा: खड़गे** पेज 2



**ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण** खेल टाइम्स



**भ्रष्टाचार रोकेगा अल्बानिया में एआई मिनिस्टर** पेज 11



**शाहरुख खान और गुरु रंधावा पंजाब के किसानों की मदद को आगे आए** बॉलीवुड



आगरा: ताजमहल के पास यमुना नदी का जलस्तर कम होने के बाद आगरा नगर निगम के कर्मचारी कीचड़ और गाद साफ करते हुए।

### आखिरकार आजिज आकर बोला चुनाव आयोग

# वोटर लिस्ट बनाना, बदलना हमारा काम, SC का नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- कहा: एसआईआर कराना विशेष अधिकार
- सुप्रीम कोर्ट का निर्देश देना हमारे काम में दखल




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी, तो ये अधिकार में दखल होगा।

आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग (ईसी) का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करते हैं। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को भारत में विशेष रूप से चुनावों से पहले एसआईआर कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि देश की राजनीति और नीति केवल भारतीय नागरिक ही तय करें। ईसी ने 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को पत्र भेजकर एक जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर एसआईआर की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था। आयोग ने कहा कि धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है।

### भारत-पाक के बीच मुकाबला आज खून व पानी साथ नहीं तो मैच क्यों: उद्धव

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 के रविवार को (आज) होने वाले मैच का लगातार विरोध हो रहा है। पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच ये पहला मौका है जब दोनों देश आमने सामने होंगे। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे व अन्य नेता मैच को रद्द किए जाने की मांग कर रहे हैं। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आम जनता भी इस मैच के खिलाफ लिख रही है। सुप्रीम कोर्ट में भी मैच को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका दायर की गई, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इन्कार कर दिया। एशिया कप 2025 में भारत पाकिस्तान के बीच 14 सितम्बर 2025 को दुबई में मैच खेला जाएगा। यह मैच शाम 8:00 बजे से शुरू होगा।

### एडीआर फाउंडर प्रो. छोकर का निधन

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाले संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के को-फाउंडर और चुनाव सुधारों के प्रबल समर्थक प्रो. जगदीप एस छोकर का दिल्ली में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 81 साल के थे। प्रो. छोकर की इच्छा के अनुसार उनका शरीर रिसर्च के लिए लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज को डोनेट किया गया है। आईआईएम अहमदाबाद में प्रोफेसर रहे छोकर ने 1999 में एडीआर की स्थापना की। इसके जरिये चुनावी पारदर्शिता के लिए कई कानूनी लड़ाइयां लड़ीं।


### देश की ट्राइबल भाषाओं को समझाएगा एआई

**नई दिल्ली।** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने जनजातीय सशक्तिकरण और भारत की समृद्ध भाषाई विविधता के संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आदि वाणी का बीटा संस्करण शुरू किया। यह जनजातीय भाषाओं के लिए भारत का पहला एआई-संचालित ट्रांसलेटर है। यह प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। समर्पित वेब प्लेटफार्म के माध्यम से उपलब्ध, आदि वाणी को आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदायों के बीच संवाद की खाई को पाटने और उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके लुप्तप्राय आदिवासी भाषाओं की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति को आई सद्बुद्धि

# रिश्तों में दरार, टैरिफ वॉर का ट्रम्प को बड़ा मलाल

**वाशिंगटन, वार्ता**



- कहा: रूस का सबसे बड़ा ग्राहक था, मैंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार किया वह रूस-यूक्रेन विवाद को नहीं सुलझा पाए

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ ने भारत के साथ दरार पैदा कर दी है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि रूस-यूक्रेन विवाद अभी तक सुलझा नहीं है। इसे सभी ने हल्के में ले लिया था।

ट्रम्प ने कहा कि भारत रूस का सबसे बड़ा ग्राहक था, मैंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर जुर्माने सहित 50 (25 फीसदी + 25 फीसदी) टैरिफ लगाया। यह एक बड़ी बात है और इससे भारत के साथ दरार पैदा होती है। याद रखें, यह हमारी समस्या से ज्यादा यूरोप की समस्या है। भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ पर चर्चा करने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार किया कि वह रूस-यूक्रेन विवाद को नहीं सुलझा पाए हैं, जिसे उन्होंने सबसे आसान समझा था। समाचार एजेंसी के मुताबिक, फॉक्स न्यूज को दिए अपने साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मुझे लगा था कि यूक्रेन और रूस के बीच मुकाबला सबसे आसान होगा। समझौते के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। जब पुतिन ऐसा करना चाहते हैं, तो जेलेंस्की नहीं करते। जब जेलेंस्की ऐसा करना चाहते हैं, तो पुतिन नहीं करते। अब जेलेंस्की ऐसा करना चाहते हैं और -शेष पृष्ठ दो पर

### डर के चलते भारत पर टैरिफ लगाया गया: भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि लोगों (अमेरिका) को डर है कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा, इसलिए टैरिफ लगाए जा रहे हैं। भागवत ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे कदम वो लोग उठाते हैं, जो खुद को हमेशा चर्चा में देखना चाहते हैं। भागवत ने ये बातें नागपुर में ब्रह्माकुमारी विश्व शांति सरोवर के 7वें स्थापना दिवस पर कहीं। दरअसल ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। यह 7 अगस्त को लागू हुआ। वहीं रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया, जो 27 अगस्त से लागू हुआ।

# पीएम मोदी ने किया मणिपुर का दौरा



**इंफाल/चुराचांदपुर।** पीएम मोदी शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ और इंफाल में 1,200 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

मणिपुर में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री ने इंफाल में कहा कि मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें राज्य को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है। चुराचांदपुर में पीएम ने कहा कि मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। पीएम चुराचांदपुर में हिंसा पीड़ितों से मिलने रिलीफ कैंप गए। इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की। चुराचांदपुर कुकी बहुल पहाड़ी इलाका है। इंफाल घाटी इलाका है और मैतेई समुदाय का गढ़ है। पिछले दो साल से, दोनों समुदायों की एक-दूसरे के इलाकों में आवाजाही बंद है। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर, मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है। हमें मणिपुर की विकासवादी छवि को लगातार मजबूत करना है। मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ भी बहुत बड़ा अन्याय है। मणिपुर में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम संवाद का रास्ता निरंतर मजबूत करें। हमें पहाड़ी और घाटी के लोगों के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बनाना है। मणिपुर के युवा की पहचान को हिंसा की काली छाया में नहीं डूबने देना चाहिए। मणिपुर आशा और उम्मीद की भूमि है। दुर्भाग्य से, हिंसा से इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था।

- मणिपुर को साढ़े आठ सौ करोड़ की सौगात

### 51 किमी की रेल लाइन से मिजोरम दिल्ली से जुड़ा

**आइजोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सायरंग का उद्घाटन किया। 51 किमी लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन के जरिए मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटी हो गई है। इस रेलवे रूट में 45 सुरंग, 88 छोटे और 55 बड़े ब्रिज हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है, जो कुतुब मिनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है। पीएम ने कहा कि लंबे समय से हमारे देश की कुछ राजनीतिक पार्टियां वोट बैंक पॉलिटिक्स कर रही हैं। जिन्होंने मिजोरम को अनदेखा किया, लेकिन आज मिजोरम फ्रंटलाइन में है।

### नेपाल में सेना ने कर्फ्यू हटाया दैनिक जीवन सामान्य की ओर

**काठमांडू।** नेपाल में तख्तापलट के तीन दिन बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री बन गई हैं। संसद भंग करने के साथ छह महीने में उन्हें संसद यानी प्रतिनिधि सभा के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने अपने पहले फैसले में पांच मार्च, 2026 को आम चुनाव का ऐलान कर दिया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उनकी सिफारिश मंजूर कर ली। अब सभी की नजर कैबिनेट विस्तार पर लगी हुई है। इस बीच अधिकारियों ने शनिवार को काठमांडू घाटी और नेपाल के अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू और प्रतिबंधात्मक आदेशों को हटा दिया। ऐसे में अब दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य होते दिखाई दे रहा है। घटनाक्रम पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेपाल की अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाली पहली महिला प्रधानमंत्री बनने के एक दिन बाद हुआ।

## हिमाचल के बिलासपुर में बादल फटा, मंडी में लैंडस्लाइड



- 10 गाड़ियां मलबे में दबीं, सड़क बही

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के नम्होल में शुक्रवार देर रात बादल फटा है। इससे 10 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दब गईं। सड़कें भी बह गई, कई घरों को भी नुकसान पहुंचा।

वहीं, मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में शनिवार सुबह 4 बजे लैंडस्लाइड हुई। कई घर मलबे से घिर गए हैं। 8 घर खाली कराए गए हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। राज्य में इस सीजन में सामान्य से 43 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। एक जून से 12 सितम्बर के बीच 678.4एमएम बारिश होती है, इस बार 967.2एमएम बारिश हो चुकी है।

### मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है : राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी की मणिपुर की यात्रा को अच्छा तो बताया लेकिन कहा कि उन्हें दो साल से ज्यादा समय से हिंसा में जल रहे राज्य में शांति के लिए वहां की यात्रा पहले करनी चाहिए थी। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा को लेकर कहा कि पीएम मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है, लेकिन मणिपुर दौरे से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश में वोट चोरी का है। श्री गांधी मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री पर लगातार निशाना साधते हुए उनसे जवाब मांगते रहे हैं कि वह मणिपुर कब जा रहे हैं और वहां की स्थिति को सामान्य करने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने दो साल बाद मणिपुर जाने का फैसला किया है। उन्हें बहुत पहले ही जाना चाहिए था।

# वायुसेना को 114 राफेल चाहिएं, रक्षा मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- 60 फीसदी स्वदेशी सामान होगा, दो लाख करोड़ का सौदा संभव, यह सबसे बड़ी डिफेंस डील होगी

**नई दिल्ली।** इंडियन एयर फोर्स को 114 मेड इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमान की जरूरत है। इसके लिए सेना की तरफ से रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

इन विमानों को फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर बनाएंगी। मेड इन इंडिया राफेल में 60 परसेंट सामान स्वदेशी होगा। यह फैसला ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के खिलाफ राफेल के शानदार प्रदर्शन के तुरंत बाद लिया गया है। इस प्रस्ताव की अनुमानित लागत 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना की तरफ से केस स्टेटमेंट (एसओसी) या प्रस्ताव कुछ दिन पहले रक्षा मंत्रालय को प्राप्त हुआ था। रक्षा, वित्त सहित अन्य विभाग इस पर विचार कर रहे हैं। विचार-विमर्श के बाद, प्रस्ताव को रक्षा खरीद बोर्ड (डीपीबी) और उसके बाद रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीआरसी) के पास भेजा जाएगा। अगर फ्रांस के साथ यह सौदा हो जाता है, तो भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील होगी। भारतीय सेना में 176 राफेल विमान हो जाएंगे 114 राफेल की डील पूरी होने के बाद भारतीय सेना के बेड़े में राफेल विमानों की संख्या 176 हो जाएगी। हालांकि अभी इसमें थोड़ा वक्त लग सकता है। भारतीय वायु सेना पहले ही 36 राफेल विमानों को शामिल कर चुकी है, और भारतीय नौसेना ने 26 राफेल मरीन का ऑर्डर दिया है। भारत और फ्रांस के बीच जून में 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हुई थी।

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# हरगनपुर में विकास कार्यों की जांच शुरू

## टीम में शामिल अधिकारियों पर ग्राम प्रधान से हमसाज होने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुंदकी।** जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच टीम ने ग्राम पंचायत हरगनपुर में कराए गए विकास कार्यों और ठोस तरल कचरा प्रबंधन में शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने आदि के आरोपों की जांच की। ग्राम में पहुंची टीम में जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह व अधिशासी अभियन्ता आरईडी बिजनौर अमरनाथ सिंह शामिल थे।



क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरगनपुर में टीम ने पंचायत भवन में ग्राम प्रधान विजयपाल सिंह, पंचायत सचिव शलवेंद्र सिंह और शिकायतकर्ताओं सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच शुरू की। अधिकारियों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से ग्राम में कराए गए विकास कार्य से संबंधित जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत हरगनपुर में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता और ठोस तरल कचरा प्रबंधन में शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने, 14 बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच करने की जिलाधिकारी से की गई थी। जिलाधिकारी द्वारा गठित की गई जांच टीम ने ग्राम में पहुंच कर जांच पड़ताल की। इस दौरान टीम में शामिल अधिकारियों ने निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और विकास कार्यों की माप तोल भी की। ग्रामीणों ने जांच टीम पर ग्राम प्रधान से हमसाज होने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच टीम में शामिल अधिकारियों द्वारा जांच के नाम पर खानापूर्ति की गई और विकास कार्यों की गुणवत्ता को परखने का काम नहीं किया गया। जबकि ग्राम में कराए गए विकास कार्य में गड़बड़झाला है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से किसी अन्य विभाग के अधिकारियों से ग्राम में कराए गए विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

शिकायतकर्ता नरेश पाल सिंह का कहना है कि जब तक ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की पूरी तरह से निष्पक्ष जांच करा कर कार्रवाई नहीं की जाएगी, उनकी यह लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में की गई स्थलीय जांच के दौरान अधिशासी अभियन्ता आरईडी बिजनौर अमरनाथ सिंह की जांच भी संदेह में है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने उनकी कोई नहीं सुनी और ग्राम प्रधान के मुताबिक जांच कर खानापूर्ति करने का प्रयास किया है। उन्होंने जिलाधिकारी से जांच किसी और विभाग के अधिकारियों से करने की मांग की है।

उधर जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने जांच के बारे कुछ बताने से इंकार करते हुए कहा कि वह शिकायत की जांच कर आख्या जिलाधिकारी को प्रेषित करेंगे। जांच के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर जागेश्वर सिंह, अधिशासी अभियन्ता, आरईडी बिजनौर अमरनाथ सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी शलवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान और शिकायतकर्ता सहित अनेक ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

गौरतलब है कि विकास खण्ड कोतवाली की ग्राम पंचायत हरगनपुर निवासी नरेश पाल सिंह पुत्र महिपाल सिंह आदि ने ग्राम पंचायत में विकास/निर्माण कार्यों की जांच कराने, सीसी रोड व नाली निर्माण में घटिया सामग्री लगाने, ग्राम पंचायत में अपात्र लाभार्थियों के आवास स्वीकृत किये जाने एवं ग्राम पंचायत में ओडीएफ योजना, खुले में शौच मुक्त योजना और ठोस तरल कचरा प्रबन्धन में शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने आदि की शिकायत की थी। जिस पर जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा मामले की जांच के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर जागेश्वर सिंह व अधिशासी अभियन्ता आरईडी बिजनौर अमरनाथ सिंह को नामित करते हुए जांच कर रिपोर्ट पेश कराने के निर्देश दिए। शुक्रवार को टीम ग्राम में पहुंची और विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सन शाइन में हिंदी दिवस मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में 14 सितंबर 1949 को मनाए जाने वाला हिंदी दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने हिंदी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही छात्र-छात्राओं को बीच तीन विभागों में विभाजित कर सुलेख व निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराई गयी। छात्र-छात्राओं को अलग-अलग विषयों जैसे स्वच्छता अभियान कितना कुछ देती है प्रकृति, सूचना का सबसे बड़ा साधन सोधत मीडिया, आदर्श विद्यार्थी, विज्ञान वरदान है या अभिशाप, व्यायाम, स्वदेश हमारा सबसे प्यारा, ग्लोबल वार्मिंग, जल संरक्षण आदि अनेक विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक विनोद मित्तल व हिन्दी अध्यापिका पिंकी रानी ने अपने शब्दों से संबोधित करते हुए सभी को बताया कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमारे देश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी एक भाषा ही नहीं बल्कि संस्कृति और सभ्यता व प्रेम की जननी है। गांधी जी ने कहा था कि जिस राष्ट्र की भाषा जितनी मजबूत होगी वह राष्ट्र उतना ही उन्नति करेगा। परंतु हमारे देश की विडंबना है कि हम आज भी पाश्चात्य सभ्यता में फंसकर रह गए है। अपनी संस्कृति और सभ्यता तथा अपनी मात्रभाषा को बोलने में शर्माते हैं। यह हमारे लिए बहुत ही सोचनीय है। हमें हिंदी दिवस के इस अवसर पर प्रण लेना चाहिए हम अपनी मातृभाषा को अधिक से अधिक सम्मान देकर अपने जीवन में उतारेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका मोनिका शर्मा ने बड़े सुंदर तरीके से सुलेख प्रतियोगिता को संपन्न कराया तथा विद्यालय के समस्त स्टेफ प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल व अनु सिंघल, तरु, निधि गुप्ता, नीलम, सुरभि, मनीष, हिमानी रिया, गुनगुन, मीनू, खुशबू, दिव्यांशी, माधवी, अर्जुन आदि ने सहयोग किया।

## एक नजर

### टाइगर ने गाय को निवाला बनाया

**कालागढ़।** नई कॉलोनी में बुध बाजार लगाने की जगह पर चर रही गाय पर टाइगर ने हमाला कर मार डाला। जब टाइगर ने गाय पर हमला किया तब दिन के ग्यारह बजे थे। गनीमत रही कि गाय पर हमला करने वाली जगह पर काफी लोग निवास करते है। टाइगर के हमले में लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दिन दहाड़े टाइगर की चहल कदमी से लोगों में खौफ पनपा हुआ है। यह पहला मामला नहीं है। आएदिन इस इलाके में गायों का शिकार टाइगर कर रहे है।

### छात्र की नाक की हड्डी तोड़ी

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम लालूवाला धनौरा निवासी इकरामुद्दीन पुत्र इस्लामुद्दीन ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका पुत्र हुजैफ एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद में कक्षा दस में पढ़ता है। 29 जुलाई 2025 को मध्यान्तर के समय उसका पुत्र पानी पीने नल पर गया था। पानी पीने के दौरान कॉलेज में ही पढ़ने वाले प्रिंस पुत्र कान्ता प्रसाद ने पानी पीने को लेकर उसके पुत्र के साथ कक्षा 11 के छात्र ने गाली-गलौच व मारपीट करते हुए खाने का टिफिन उसकी नाक पर मार दिया। जिससे उसके पुत्र की नाक की हड्डी टूट गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गुलदार पकड़ने को लगाया पिंजरा



**नांगल सोती।** क्षेत्र लगातार बढ़ते गुलदार के हमले को देखते हुए वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। बीते कुछ दिनों से नांगल क्षेत्र के कई गांवों में गुलदार के हमले देखने मिले है, इन हमलों में गुलदार किसानों और ग्रामीणों के पालतू पशुओं को अपना निवाला बना रहा है। गुलदार के बढ़ते हमलों से किसान खासे चिंतित है। शुक्रवार को गुलदार ने सौफतपुर के समीप चंदक नहर शाखा पर एक बकरी को मारकर अपना निवाला बनाया लिया था। किसी तरह बकरी स्वामी ने अपनी जान बचा ली थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग देकर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की थी। आज सामाजिकी वानिकी के दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने नहर के समीप पिंजरा लगाया है।

### झलरा के मदरसे से पंजाब भेजी राहत सामग्री



**बिजनौर।** जमीयत उलेमा-ए-शाखा झलरा के बैनर तले सर्व समाज के सहयोग से इकट्ठा की गई राहत सामग्री आज पंजाब भेजी गई है। गौरतलब है कि पंजाब में आई बाढ़ से तबाही के बाद वहां के लोग एक वक्त की रोटी के लिए भी तरस गए। देश के अलग-अलग हिस्सों से वहां पर राहत सामग्री पहुंचाई गई। ऐसे में बिजनौर थाना कोतवाली शहर के गांव झलरा के लोगों ने हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए करीब 2 लाख की कीमत का सामान इकट्ठा किया, जिसमें कंबल, चप्पल, कपड़े, बर्तन तथा दवाईयां शामिल है। झलरा के मदरसा जियाउल उलूम में सभी सामान को इकट्ठा किया गया और गांव के जिम्मेदार लोगों की निगरानी में राहत सामग्री को पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भेजा गया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान गुलशेर अहमद, मदरसा संचालक मौलाना हसन, यामीन अहमद, मौहम्मद उमर, अनीस अहमद, शकील अहमद और बस्ती के तमाम लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता के ससुर के इंतकाल पर शोक

**नजीबाबाद।** कांग्रेस कमेटी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता समीउर्रहमान मुल्तानी के ससुर मुख्तार के इंतकाल पर रंजोगम का इजहार किया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरहूम की मगफिरत व उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाने के लिए अल्लाह से दुआ की। शोकसभा में प्रदेश सचिव अनीस विशाल अंसारी एड., नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष सलाहुद्दीन सैफी, जिला महासचिव नसीम अंसारी, नदीम फारूकी, नईमुल अख्तर, शारिब अंसारी एड., अकरम खां, राकेश शर्मा, महमूद कुरैशी, बिलाल एड., खालिद हुसैन, डॉ. सलीम सैफी, डॉ. मजहर आलम आदि मौजूद रहे।

### किसानों की समस्याओं को मजबूती से रखा

**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर के नेतृत्व में नजीबाबाद तहसील में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक मीटर लगाने के बाद आम जनता पर बढ़ते बिलों का बोझ गंभीर चिंता का विषय बताया गया। जनता को अत्यधिक बिजली बिलों का भुगतान करना पड़ रहा है। जिस पर रोक लगाने व समाधान खोजने की आवश्यकता जताई गई। साथ ही पंजाब में प्रभावित किसानों को हर संभव मदद पहुंचाने पर भी विचार रखा गया। बैठक में यूनियन के प्रदेश महासचिव शाहनवाज मंसूरी ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए किसानों की समस्याओं को मजबूती से रखा।

# सिपाही को ब्लैकमेल कर 17 लाख हड़पने की 12 के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बुलंदशहर के ग्राम डोमला हसनगढ़ थाना अहमदगढ़ निवासी नरेंद्र पुत्र श्रीपाल सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका छोटा भाई अमित कुमार पुलिस लाइन बिजनौर में तैनात था। उसके भाई ने उसकी भाभी के मोबाइल पर एक सितम्बर 2025 की रात अपने द्वारा लिखा सोसाइड नोट भेजा। जिसमें उसने दीप्ति, उसकी माता रीना गुप्ता, पिता संजय गुजर, बहन पलक, भाई रितिक, भाभी अंजलि, दीप्ति का पति कुनाल, इसके मामा विशाल गुप्ता, उज्जवल, प्रशांत, मंजीत, शालिनी द्वारा सिपाही को ब्लैकमेल करके लगभग 17 लाख रुपए हड़पने की बात कही गई। जिससे उसका भाई मानसिक रूप से काफी परेशान था।

दीप्ति व उसकी माता ने पुनः एक सितम्बर को सिपाही से और पैसों की मांग की, जिससे उसके भाई ने परेशान होकर सितम्बर की रात में किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे उपचार के लिए मेरठ आनंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान सिपाही अमित कुमार की मृत्यु हो गई। वह तथा उसका परिवार इलाज में लगे होने के कारण थाने पर सूचना नहीं दे पाए थे। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** चाकू की नोक पर दुष्कर्म करने के मामले में युवती की तहरीर पर लिखे गये मुकदमे का आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायालय भेज पेश किया है।

गौरतलब हो कि नगर की एक मौहल्ला निवासी एक युवती का पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहना है कि 7 अप्रैल 2024 को जब वह घर मे अकेली थी तो उसका पड़ोसी अनीस उर्फ बाबू का पुत्र आरिफ कुछ सामान देने के बहाने उसके घर आया तथा कमरे का दरवाजा बंद कर चाकू की नोंक पर उसके साथ बलात्कार किया और उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई। उसने धमकी दी कि यदि किसी से कुछ कहा तो वीडियो वायरल कर दूंगा और किसी को मुंह दिखाने के काबिल नही छोडूंगा। युवती ने भयभीत होकर उसने घटना को किसी से नहीं बताया। युवती का कहना है कि जब कभी भी वह घर पर अकेली होती तो आरोपी उसके घर आता तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ बलात्कार करता। इतना ही नहीं आरोपी उसे धामपुर में नगीना मार्ग स्थित एक होटल में भी ले जाता और बलात्कार करता। ताजा घटनाक्रम के अनुसार आरोपी 6 दिन पहले उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नगीना मार्ग स्थित होटल में ले गया और वहां दो बार उसके साथ दुष्कर्म किया। जिस पर पुलिस ने शुक्रवार को तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था। स्थानीय पुलिस ने नगर के मौहल्ला बकरकसाबान निवासी आरिफ पुत्र अनीस उर्फ बाबू के विरुद्ध चाकू की नोंक पर बलात्कार करने तथा अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी के मामले मे तहरीर के आधार पर न्यायालय भेज दिया है।



अश्लील वीडियो वायरल करने की देता था धमकी

# तीसरे दिन भी किसानों का धरना जारी

## समस्याओं के समाधान होने तक धरना रहेगा जारी: चौ. वीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बिजली की अनेक समस्याओं को लेकर किसानों के सौफतपुर बिजली घर पर तीसरे दिन भी लगातार जारी है। तीसरे दिन बिजली विभाग का कोई भी अफसर किसानों से मिलने धरना स्थल पर नहीं पहुंचा, जिससे किसानों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

बिजली की अनेक समस्याओं को लेकर पिछले तीन दिनों से सौफतपुर बिजलीघर पर चल रहे भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन में तीसरे दिन भी विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान नहीं किया गया। जिस कारण किसानों का धरना लगातार दिन रात बिजली घर के प्रांगण में घर में जारी है। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जब तक विद्युत विभाग से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक धरना अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।



इस मौके पर महासचिव चौ. पदम सिंह, जग्गन अली, नरेश कुमार, डा. अरूण कुमार, नौबहार सिंह, हाजी यामीन सिद्दीकी, अमित कुमार, मास्टर मुनेंद्र सिंह, अतीक अहमद, नितिन ललेरा, अभिनव चौधरी, नितिन ललेरा, हिमांशु सहरावत, सत्यम चौधरी, आशीष मोदी, टीकम सिंह, कामेंद्र सिंह, खूब सिंह, देवेंद्र सिंह, लक्की, दिक्षांत चौधरी, बिट्टू, फुरकान अली, शहाबुद्दीन अहमद, सामत रजा, लवी, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आठ रोजा सीरत प्रोग्राम 21 सितम्बर से

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मुगलूशाह स्थित कोल्हू वाली मस्जिद के इमाम मौलाना इम्तियाज ने बताया है कि उनकी मस्जिद में सीरत कमेटी जमीयत उलमा नजीबाबाद की ओर से 21 से 28 सितम्बर तक रोजाना बाद नमाजे ईशा आठ रोजा सीरत प्रोग्राम आयोजित होगा।

# एसबीडी में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय के हिंदी विभाग और वाणी अखिल भारतीय हिंदी संस्था नजीबाबाद के द्वारा संयुक्त रूप से हिंदी दिवस की पूर्वसंध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि तथा सम्मानित अतिथि, प्राचार्या एवं प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। इसके उपरान्त छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया किया गया। कु. रितिका शर्मा, कु. नाहिद, कु. रूबी, अलीशा, कु. प्राची के द्वारा दोहे, भजन और संस्मरण की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन हिंदी विभाग की सहायक आचार्या डा. अल्पना सिंह द्वारा किया गया। इसके साथ ही संचालन में विशेष रूप से एमए हिंदी की छात्रा कु. निशिका एवं बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा कु. कनक चौहान का विशेष योगदान रहा। प्रबंध समिति की सदस्य उमा अग्रवाल उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. पूनम चौहान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हिन्दी की प्रगति के लिए आवश्यक है कि हम निरन्तर इस दिशा में सक्रिय रहे। लगभग सत्तर छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका वर्ग की उपस्थिति रही।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रिश्तों में दरार....**

पुतिन पर सवालिया निशान है। हमें बहुत मजबूती से उतरना होगा। पुतिन के साथ मेरे हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं, यही एकमात्र युद्ध है, जिसे मैं सुलझा नहीं पाया हूं। ट्रम्प ने आगे बताया कि यूक्रेन-रूस संघर्ष को कम करने के संबंध में वह कैसे बहुत मजबूती से उतरने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें बैंकों पर प्रतिबंध लगाने और तेल व टैरिफ से जुड़े मामलों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। मैं पहले ही ऐसा कर चुका हूं, मैंने बहुत कुछ किया है। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने अन्य संघर्षों को सुलझाने में अपने रिकॉर्ड को भी दोहराया। ट्रम्प ने कहा कि मैंने सात युद्ध रोके, सात। मैंने पाकिस्तान और भारत समेत कई युद्ध सुलझाए। कुछ तो अनसुलझे थे। कांगो और रवांडा, मैंने सुलझाया। लाखों लोग मारे गए। मैंने ऐसे युद्ध सुलझाए जो अनसुलझे थे। व्हाइट हाउस के एक बयान में ट्रम्प ने अपने अमेरिका फर्स्ट व्यापार एजेंडे का बचाव करते हुए कहा कि हम टैरिफ की वजह से सफल रहे हैं। इसने हमें उन देशों के साथ बात. चीत करने की बड़ी ताकत दी है, जिन्होंने हमारा फायदा उठाया था। साथ ही इसने देश में अरबों डॉलर लाए हैं। हमारे पास एक बड़ा मामला है, यह अब सुप्रीम कोर्ट में है। यह मामला जीतना वाकई जरूरी है, क्योंकि इसने हमें एक अमीर देश बनाया है। ट्रम्प के मनमाने टैरिफ के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव आ गया है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की ओर से अपने विशाल कृषि और डेयरी क्षेत्रों को खोलने का विरोध करने के बाद व्यापार समझौते पर बात. चीत विफल हो गई। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार हर साल 190 अरब डॉलर से ज्यादा का होता है। ट्रम्प ने पहले भारत से आयात पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया, फिर कहा कि 27 अगस्त से टैरिफ दोगुना होकर 50 फीसदी हो जाएगा। यह टैरिफ नई दिल्ली की ओर से रूसी तेल की बढ़ती खरीद के दंड के रूप में लगाया गया है, क्योंकि वाशिंगटन यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रयासरत है। हालांकि, जब ट्रम्प रूस और यूक्रेन की जंग नहीं रुकवा पाए, तो अब उन्हें अपने टैरिफ को पछतावा हो रहा है। इसके संकेत इस बात से ही मिलते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा था कि उनका प्रशासन भारत के साथ व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करेंगे। यह हफ्तों के कूटनीतिक गतिरोध के बाद संबंधों में सुधार का संकेत है। ट्रम्प की ओर से भारत में राजदूत के रूप में नामित सर्जियो गोर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले हफ्ते भारत के वाणिज्य मंत्री के वाशिंगटन दौरे पर प्रगति होगी। गोर ने भारत के बारे में कहा कि मैं यह सुनिश्चित करना अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाऊंगा कि वे हमारी ओर आकर्षित हों, न कि हमसे दूर जाएं। गोर ने कहा कि ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी पर व्यक्तिगत रूप से हमला नहीं किया है।

# मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिंसा से जूझ रहे मणिपुर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को दिखावा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने शांति बहाली का ठोस प्रयास करने की बजाय शोर शराबा करने पर ज्यादा ध्यान दिया है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के नाम एक संदेश में शनिवार को कहा ष्श्री नरेंद्र मोदी, मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं, बल्कि एक दिखावा है और हिंसा से घायल हुए लोगों के जख्मों का अपमान है। मणिपुर की राजधानी इम्फाल और चुराचांदपुर में आप जो तथाकथित रोड शो कर रहे हैं, वह राहत शिविरों में रहने वाले लोगों का दर्द सुनने से बचने का एक प्रयास है। उन्होंने मणिपुर हिंसा के जख्मों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 864 दिनों की हिंसा में लगभग 300 लोग मारे गए और 1,500 से ज्यादा घायल हुए तथा हिंसा के कारण 67,000 लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर में भड़की हिंसा के बाद से आपने 46 विदेश यात्राएं कीं हैं, लेकिन अपने देश के नागरिकों को सहानुभूति के दो शब्द कहने के लिए मणिपुर की एक भी यात्रा नहीं की। मणिपुर के दौरे पर आप इससे पहले जनवरी 2022 में गए और वह भी वहां चुनावी यात्रा पर गए थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर हमला करते हुए कहा कि आपकी 'डबल इंजन' सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ले ली है। आप और गृह मंत्री अमित शाह की घोर अक्षमता और सभी समुदायों के साथ विश्वासघात की मिलीभगत को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर जांच से तो बचा लिया, लेकिन वहां हिंसा अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भाजपा की थी लेकिन इसमें केंद्र सरकार फिर से टालमटोल कर रही है। भाजपा को यह भी ध्यान रखना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा पर सुरक्षा आपकी ही सरकार की जिम्मेदारी है। इस बीच पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा इस बात का एहसास कराता है कि एक नेता में सहानुभूति और करुणा का कितना अभाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि मणिपुर 2023 से जल रहा है और उन्हें आज ढाई साल बाद वहां जाने का समय मिला। यह दौरा भी आधे-अधूरे मन से किया गया है। वहां बमुश्किल कुछ घंटे बिताए हैं।



■ डबल इंजन सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ली: खड़गे

और इसे भी मिज़ोरम के दौरे से जोड़ दिया गया है। वहां हिंसा का कारण बनी गहरी सामाजिक खाई को कम करने का कोई काम नहीं हुआ है। दोनों समुदायों को शांति के लिए तैयार करने का प्रयास करने की बजाय मोदी इस दौरे को जनसंपर्क कार्यक्रम की तरह ले रहे हैं और अपने दौरे का भव्य जश्न मना रहे हैं। यह उदासीन, असंवेदनशील और आत्म-प्रशंसापूर्ण स्टंट मणिपुर के लोगों का मज़ाक उड़ाने के अलावा और कुछ नहीं होगा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हिंसा भड़कने के ढाई साल बाद आखिरकार इस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मणिपुर जा रहे हैं, लेकिन सनद रहे, वो आज भी वहां पर लोगों के आंसू पोंछने, विस्थापितों से मिलने, जिन महिलाओं को नोचा गया, उनका हाल जानने या शांति की अपील करने के लिए नहीं बल्कि रेलवे प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने जा रहे हैं और शायद इसीलिए मणिपुर में उनके आगमन का विरोध हो रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किशोरी के साथ मारपीट के आरोपी को चार वर्ष की कैद

## पच्चीस हजार रुपये का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए गाली गलौच व मारपीट के आरोपी नगीना के तसलीम को चार वर्ष के कठोर कारावास एवं पच्चीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 29 सितम्बर 2024 को थाना नगीना में तहरीर दी थी कि मौहल्ला नालबंदान निवासी तसलीम पुत्र खलील ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ व गाली-गलौच करते हुए सरेआम मारपीट की। वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 276/24 धारा 74, 115 (2) व 352 बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने धारा 8 पॉक्सो एक्ट व धारा 115 (2) व 352 बीएनएस में अभियुक्त तसलीम को चार वर्ष के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# अफजलगढ़ में मौलाना हबीबुल्लाह का स्वागत

## नगर में दीन का माहौल बना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर में हजरत मौलाना सय्यद हबीबुल्लाह का स्वागत किया गया। नगर में दीन का माहौल देखा गया।



गौरतलब है कि बीती रात नगर में जलसे का आयोजन किया गया था। जैसे ही मौलाना हबीबुल्लाह नगर में पहुंचे, तो स्थानीय लोगों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। सभासद कलवा कुरैशी ने भी उनका स्वागत किया। मौके पर मौजूद लोगों ने भी मौलाना के नारे लगाए। जामा मस्जिद जाने से पहले इस तरह का स्वागत लंबे समय बाद देखने को मिला है। सभी ने इसे भाईचारे और आपसी सौहार्द की मिसाल बताया। उलेमाओं की आमद से नगर में दीन का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि हमें अपने उलेमाओं की इज्जत करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए।

## एक नजर

### थाना नूरपुर में समीक्षा बैठक



**बिजनौर।** चांदपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी ने थाना नूरपुर में अपराधों व विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए विवेचकों को लम्बित विवेचनाएं गुणवत्तापूर्वक निस्तारीत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने लम्बित विवेचनाओं को समय से पूरा करने के भी निर्देश दिए।

### पंजाब के लिए राहत सामग्री रवाना



**नूरपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से अरदास के उपरांत तीन ट्रक राहत सामग्री लेकर 24 सदस्यी एक जत्था पंजाब के लिए रवाना हुआ। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा के आव्हान पर पंजाब बाढ पीडितों की सहायतार्थ जनपद की सभी सिख संगतों के अलावा ग्राम गोयली के मुस्लिम समाज व छजुपुरा के दलित समाज ने एकजुट होकर प्रभावित परिवारों तक समय रहते राहत पहुंच. ाने के लिए हाथ बढ़ाया है। संगतों की ओर से आटा, दाल, चावल, तेल और अन्य खाद्य सामग्री के साथ ही खाट,चप्पल, बिछौना, साबुन, बर्तन के अलावा लाखों रुपये की नकद मदद इकट्ठा की गई है। पंजाब जाने वाले 24 सदस्यी सेवादारों में कमेटी के उप प्रधान रिंकू सिंह भाटिया, गुरदीप सिंह दारा, बलवेंदर सिंह विशाल, मलकीत सिंह, सिंघराल सिंह, मनप्रीत सिंह विशाल, तरनवीर सिंह प्रिंस, अमन सिंह राठौर, हरविंदर सिंह मोटा, रोहित सिंह भाटिया, अजय सिंह, राहुल, अनमोल, खालसा सिंह, राजन सिंह आदि शामिल थे। जत्थे को रवाना करने में कमेटी के मीडिया प्रभारी गुणवंत सिंह राठौर, सलाहकार रविंदर सिंह, परवेंद्र सिंह बंटी, कुलदीप सिंह मुंशी आदि शामिल रहे।

### डीएम ने किया वादों का निस्तारण

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर कलेक्टेट स्थित अपने न्यायालय में प्रस्तुत राजस्व संहिता के 15 वादों के सापेक्ष 10 तथा स्टाम्प के तीन वादों के सापेक्ष दो वादों का निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आज सम्पन्न होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व विभाग के अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों के सम्मुख कुल 54690 वाद प्रस्तुत हुए। जिसके सापेक्ष 54684 वादों का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि राजस्व विभाग के अधीनस्थ अन्य न्यायालयों में स्टाम्प के तीन वादों के सापेक्ष दो, राजस्व संहिता के 316 वादों के सापेक्ष 311, फौजदारी अधिनियम के अंतर्गत 608 वादों के सापेक्ष 608 तथा प्री लिटिगेशन के 53763 वाद प्रस्तुत किए। जिसके सापेक्ष 53763 वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार आज आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत कुल 54690 प्रकरणों के सापेक्ष 54684 वाद निस्तारित किए गए। निस्तारित वादों का प्रतिशत 99.98 रहा।

### ग्रामीण बैंक के वादों का निस्तारण



**बिजनौर।** आज जजी परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपना स्टॉल लगाकर ग्रामीण बैंक के द्वारा वादों का निस्तारण कराया गया। ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेन्द्र सिंह के साथ बैंक स्टाफ उपस्थित रहा। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा बकाया राशि रुपए 222.70 के सापेक्ष रु. 145.60 लाख के कुल 179 समझौते कराए गए। साथ ही कुल रु. 84.70 लाख की राशि मौके पर हिमांशु, तिलक राम, नरेश कुमार, जाहिद, शीतल, चन्द्रपाल, शाहबाज, लालू, कविता, मुन्नू, प्रशांत आदि ऋणियों के खातों में वसूल हुई। लोक अदालत में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेन्द्र सिंह ने स्वयं अनेक ऋणियों से बातचीत की तथा समझौते के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बैंक के अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# सांड के हमले में मौत

**सहसपुर।** स्थानीय मौहल्ला अफगानान निवासी आरिफ पुत्र रशीद जंगल अपने खेत पर काम कर रहे थे। इतने में पीछे से एक सांड ने आकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको धामपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी देते हुए मौहम्मद आदिल पुत्र नसीम पहलवान ने बताया कि जब उन्होंने आरिफ की चीखें सुनी, तो सांड आरिफ को उठा उठा कर मार रहा था। जिससे किसान आरिफ गम्भीर हालत में जख्मी हो गया था। तभी उन्होंने जंगल मैं पास में ही रहने वाले अनीस और लईक आदि के साथ मिलकर सांड को भगाया। आरिफ को जख्मी हालत में उपचार के लिए धामपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ती देख धामपुर के डॉक्टर ने मुरादाबाद हायर सेंटर रैफर कर दिया था। लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। वह चार बच्चों को अपने पीछे छोड़ गए है।

# तमंचे से फायरिंग का वीडियो वायरल

## पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक व्यक्ति जंगल में खुलेआम तंमचे से फायरिंग कर रहा है, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। उक्त मामला पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही न होना चर्चा का विषय बना हुआ है



मालूम हो कि कुछ दिन से सोशल मीडिया पर एक वीडियो जिसमें एक व्यक्ति जंगल के इलाके मे तंमचे से खुलेआम फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। यह वीडियो आज कल सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। बताया जाता है कि फायरिंग करने वाला व्यक्ति नगर के मौहल्ला कोटरा निवासी है, जिस पर पूर्व में थाने में मौहल्ले के ही लोगों से मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। लेकिन मजेदार बात यह है कि पुलिस अधिकारियों को इस वायरल वीडियो के बारे में सबकुछ पता होने के बावजूद भी अभी तक उक्त व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने से लोगों मे पुलिस के प्रति आक्रोश है। जो भी व्यक्ति इस वीडियो को देख रहा है वो पुलिस पर उंगलियां उठा रहा है। लोगों का कहना कि उक्त व्यक्ति के पास यह तमंचा कहा से आया और जंगल में खुलेआम फायरिंग कर वीडियो बनाकर लोगों मे दहशत फहलाना इसका मकसद है। नगर के लोगों ने एसपी से उक्त वीडियो के बारे में जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की जा रही है।

चर्चा यह भी है कि वायरल वीडियो कुछ दिन पुराना है। उधर सोशल मीडिया पर व्यक्ति द्वारा फायरिंग करने की वायरल वीडियो की दैनिक शाह टाइम्स पुष्टि नहीं करता है।

### रिश्वत के मामले में दो पुलिसकर्मियों की जोड़ी की चर्चा

**शेरकोट।** कस्बे में तैनात दो पुलिसकर्मियों की जोड़ी आजकल छोटे-छोटे मामलों मे लोगों को डरा धमका कर मोटी रकम वसूले जाने की चर्चा जोरों पर है। यदि नगर मे आपसी झगड़ा या कोई मामूली बात हो जाती है तो इन दोनों की जोड़ी की शुरुआत पचास हजार रुपये से शुरू होती है। कुछ दिन पूर्व एक प्रेमी जोड़े के मामले में भी रकम इस नाम से ली गई की दोनों का फैसला करा दिया जायेगा। लेकिन लड़की द्वारा मुकदमा दर्ज कराने की जिद पर पुलिस को मुकदमा लिखना पड़ा।

# हाजी रईस की हालत नाजुक



**बिजनौर।** किरतपुर के सर सय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज की कमेटी के सदर हाजी रईस अहमद भट्टे वाले की अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक है। उनके सेहतमंद होने के लिए दुआए की जा रही हैं।

# थाना दिवस में आई पांच शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना दिवस के मौके पर शनिवार को शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक सुमित राठी ने की। जबकि संचालन एसएसआई श्रीपाल सिंह ने किया। एसएसआई श्रीपाल सिंह ने बताया थाना दिवस में पांच शिकायतें आई, जिसमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी 4 शिकायतें संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई है। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा। उन्होंने कहा क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने सभी प्रधानों से कहा कि छोटी मोटी बातों को अपने यहां बैठकर ही निपटाएं और अगर फिर भी नहीं मानते हैं तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर सभी लेखपाल व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# हादसे में बुजुर्ग सहित दो की मौत

## रोडवेज बस की वजह से हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** बिजनौर रोड पर कीकर खजूरी के पास रोडवेज बस की चपेट में आकर बुजुर्ग सहित दो की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर करीब एक बजे के आसपास एक बाइक से तीन युवक नूरपुर की तरफ से आ रहे थे। जबकि एक बुजुर्ग पैदल सड़क पर चल रहा था। इस बीच नूरपुर की ओर से तेज गति से आ रही रोडवेज की बस ने बाइक और बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। चालक बस सहित फरार हो गया। टक्कर लगने से बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी पहचान रोहन जाटव (18 वर्ष) पुत्र मुकेश उर्फ काले निवासी ग्राम पिलाना, थाना हीमपुर दीपा के रुप में की गई। जबकि पीछे बैठे दो युवक घायल हो गए। घायलों के नाम साजन सैनी (16 वर्ष) पुत्र गुड्डू सैनी व दीपक सैनी (20 वर्ष) पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम पिलाना बताए गए है। हादसे में बुजुर्ग बीरु सैनी (65 वर्ष) पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम खासपुरा, थाना हल्दौर भी घायल हो गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह, उप निरीक्षक अनिल कुमार व प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रोहन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाइक सवार दोनों घायल युवकों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने साजन की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जबकि दीपक को मामूली चोट का उपचार कर छुट्टी दे दी गई। घायल बुजुर्ग बीरु को परिजन उपचार के लिए बिजनौर के विवेक हास्पिटल में ले गये। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। घायल दीपक ने पुलिस को बताया कि वह तीनों दो बाइक से घर से निकले थे। एक बाइक स्योहारा में सर्विस के लिए छोड़कर दूसरी बाईक पर तीनो सवार होकर घर लौट रहे थे। मृतकों के शव उनके ग्रामों में पहुंचने पर मातम छा गया। वहीं परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। हर कोई रोडवेज के ड्राइवर की लापरवाही बता रहा था। रोडवेज बसों की वजह से आएदिन दुर्घटनाएं हो रही है। रोडवेज के चालक लापरवाही से सड़कों पर बसें दौड़ाते है। उन्हें सड़क पर चलने वाले इंसानों की जानों की कोई परवाह नहीं होती है।

# जनपद की आठों सीटों पर जीतेगी सपा

## जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन पार्टी से जोड़ रहे पीडीए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि जनपद की आठों सीटों पर सपा प्रत्याशियों की रिकार्ड वोटों से जीत होगी।

उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग किया गया था। जिसकी वजह से सपा गठबंधन के प्रत्याशी मामूली वोटों के अंतर से हार गए थे। धामपुर, नहटौर एवं बिजनौर विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को वोट चोरी नहीं होने देना है। एक-एक वोट के लिए लड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि न तो किसी का फर्जी वोट बनना चाहिए और न ही किसी का सही वोट कटना चाहिए। किसी भी स्थिति में सही मतदाता वोट न होने की वजह से मतदान केन्द्र से नहीं लौटना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में वोट कटवा पार्टियों का इस्तेमाल सपा को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है। मतदाता अब जागरूक हो गए है। वह भाजपा सरकार से मुक्ति चाहते है। उन्हें नफरत व पक्षपात नहीं, बल्कि विकास व भाईचारे की जरूरत है। आज प्रदेश के हालात किसी से छिपे हुए नहीं है। जनता सब जानती है। जनता विधानसभा चुनाव का इंतेजार कर रही है। वह बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि



धर्म व जाति के आधार पर वोटों का बंटवारा नहीं हो पाएगा। पीडीए पूरी तरह से सपा के साथ जुड़ चुका है। पीडीए को पता है कि सपा की सरकार में ही उनका भविष्य सुरक्षित है। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उपेक्षा व शोषण पीडीए का ही हुआ है। भाजपा सरकार में नौकरियां खत्म हो गई है। स्कूलों को खत्म किया जा रहा है, ताकि शिक्षकों की भर्ती न की जाए। जिन बेरोजगारों ने शिक्षक बनने की उम्मीद से उच्च स्तर की पढ़ाई की थी, वह अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मित्रों के साथ भाजपा सरकार ने इतनी नाइंसाफी की है, यह भी सभी को पता है। किसान विरोधी भाजपा सरकार चीनी मिल मालिकों की भलाई के बारे में सोच रही है। उसे किसानों की बिल्कुल भी चिंता नहीं है। न तो गन्ने के दाम बढ़ाए गए और न ही किसानों को समय पर भुगतान मिल पा रहा है। किसान कर्ज के बोझ तले दबा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया जाए।

# धामपुर में एक किशोर ने किशोरी की इज्जत लूटी

## शादी का झांसा भी दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाज का इतना नैतिक पतन हो गया है कि किशोर भी खुलकर गलत काम कर रहे है। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।

धामपुर थाने में पांच सितम्बर को वादी के द्वारा तहरीर दी गई कि एक किशोर द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम किया गया। साथ ही मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 69, 115 (2) व 351 (3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था पुलिस ने आज आरोपी किशोर को अपनी निगरानी में ले लिया। अभियोग में धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लेने वाले दरोगा साजिद अली ने बताया कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

गौरतलब है कि आज कल किशोर भी बलात्कार जैसे घिनौने कारनामे कर रहे है। छोटी उम्र में ही शादी के ख्वाब देखे जा रहे है। जब ख्वाब पूरे नहीं होते है, तो मामला पुलिस तक पहुंच जाता है।

# सोशल मीडिया पर युवक को तमंचा लहराना पड़ा महंगा



**स्योहारा।** सोशल मीडिया पर अवैध तमंचा लहराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी उत्कर्ष चौहान उर्फ कुश पुत्र कीर्ति कुमार निवासी ज्योतिहमा मुकरपुरी थाना स्योहारा सोशल मीडिया पर तमंचा लहराते हुए वीडियो/तस्वीर डाल रहा था। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया है। इस संबंध में थाना स्योहारा पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी को छुड़ाने के लिए कई दलाल सक्रिय हो गए थे। लेकिन थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह की सख्ती और नेतृत्व में पुलिस ने किसी भी दबाव में आए बिना अभियुक्त को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेश कुमार, मुख्य आरक्षी सरित कुमार, मुख्य आरक्षी मनोज कुमार मौजूद रहे।

# नवीनतम प्रजाति की सरसों से अधिक आय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह ने नवीनतम प्रजाति की सरसों की बुवाई की सलाह देते हुए कहा कि इसके तेल के सेवन से स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ता हैं

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र पर कार्यरत वैज्ञानिक डा. के के सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में किसान सरसों की बुवाई का कार्य शुरू करने जा रहे हैं। बुवाई करने से पूर्व किसान साथियों को ऐसी प्रजाति का चयन करना चाहिए, जिस प्रजाति से उच्चतम उत्पादन प्राप्त हो एवं साथ ही साथ वह प्रजाति मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो। इसी को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों ने पिछले वर्ष सरसों की नई प्रजाति पूसा सरसों - 33 का परीक्षण कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषकों के प्रक्षेत्र पर करवाया। जिसमें इस




## कृषि वैज्ञानिक ने बुवाई की दी सलाह

प्रजाति ने किसानों के प्रक्षेत्र पर 20 कुंतल प्रति हेक्टेयर की दर से उत्पादन दिया है। यदि इस प्रजाति की उत्पादकता की बात की जाए, तो इससे 25 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन लिया जा सकता है। जहां सामान्य तौर पर सरसों की प्रजातियां चाहे पीली हो या काली, उनमें मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक इरूसिक एसिड की मात्रा 40 प्रतिशत के ऊपर एवं ग्लूकोसिलोनेट्स की मात्रा 120 पी.पी.एम. के ऊपर होती है, वहीं पूसा सरसों- 33 प्रजाति के अंदर इरुसिक एसिड की मात्रा दो प्रतिशत से कम एवं ग्लूकोसिलोनेट्स की मात्रा 30 पी.पी.एम. से कम होती है, जो कि निर्धारित पैमाने के नीचे माना जाता है। इसलिए इस प्रजाति को डबल जीरो मस्टर्ड कहते हैं। जहां तक इस प्रजाति की फसल अवधि की बात की जाये, तो इसकी फसल अवधि 140-145 दिन की है। इस वर्ष इस प्रजाति का प्रदर्शन किसानों के खेत पर करवाया जाएगा।


**10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश**

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

| | |
|---|---|
| B.Tech (CS) | MBA |
| BCA | MCA |
| BBA | LLB |
| B.Com | LLM |
| BA LLB | M.TECH. |
| B.Sc Microbiology | MSW |
| B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc. |
| B.Sc Home Sc. | MA Education |
| B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology | |

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# शत्रु संपत्ति पर खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ काटे

## एसडीएम से शिकायत के बाद कानूनगो व लेखपाल ने की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव बैरमाबाद गढ़ी के मौजा बिशनपुरा में शत्रु संपत्ति पर खड़े 50 यूकेलिप्टिस के पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान की ओर से एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। कानूनगो व लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर जांच की है।





गांव बैरमाबाद गढ़ी के ग्राम प्रधान आखरीदा द्वारा एसडीएम से की शिकायत में कहा गया है कि गांव बैरमाबाद गढ़ी के मौजा बिशनपुरा के खसरा नंबर 237 व 238 जो कि शत्रु संपत्ति के नाम दर्ज है। उस पर करीब 50 यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े हुए थे, जिनको काट लिया गया। आरोप है की शिकायत करने के बाद भी कटे हुए यूकेलिप्टस के कटे पड़े पेड़ों को मिलीभगत से उठा लिए गए। इसकी शिकायत उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों व पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायत पर कानूनगो ओमवीर सिंह व लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि भी मौके पर पहुंचे और पेड़ उठाने से मना किया गया। दोपहर के बाद पेड़ों को उठा लिया गया। यूकेलिप्टस के पेड़ करीब तीन लाख रूपए के हैं। जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि शत्रु संपत्ति की उन्होंने पूर्व वर्ष में नीलामी ली है। राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नीलामी की स्वीकृत या अस्वीकृत होने की जांच की जा रही है और रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। उधर ग्राम प्रधान पति निसार अहमद का कहना है कि शत्रु संपत्ति की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस पेड़ काटने की शिकायत उन्होंने सभी अधिकारियों से की है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## युवती को भगा ले गया आलिम

**नूरपुर।** कस्बे के एक मौहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जनपद रामपुर के कस्बा स्वार निवासी युवक मौहम्मद आलिम पुत्र शमशुल हसन गत दस सितम्बर की रात्रि समय करीब एक बजे उसकी पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री घर में रखी 25 हजार की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई। पीड़ित ने आरोपी युवक से अपनी पुत्री को जान का खतरा बताते हुए पुलिस से उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है तथा आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर युवती की तलाश में जुट गई है।

## एक नजर

### सोलह को पत्रकार देंगे ज्ञापन



**नूरपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसो. की ब्लॉक इकाई की बैठक नसीम सैफी के निवास पर हुई। बैठक में जिला संगठन मंत्री गुणवंत सिंह राठौर और ब्लाक प्रभारी चौधरी शेर सिंह ने प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्रनाथ की मंशा के अनुसार 16 सितंबर को जिलाधिकारी को सात सूत्रीय ज्ञापन देने के कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में 16 सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे बिजनौर मुख्यालय पहुंचने का आव्हान किया। बैठक में नसीम सैफी, मन्नान सैफी, इदरीस अंसारी, पंकज शर्मा, विरेन्द्र चौधरी, हकीम असराऊल हक, सरदार सतवेंद्र सिंह गुजराल, अमित संतोषी आदि मौजूद थे।

### भाकियू लोकशक्ति की सदस्यता ग्रहण



**नजीबाबाद।** विद्युत उपकेन्द्र सौफतपुर पर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का धरना आज लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में किसानों ने संगठन में आस्था जताते हुए भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति संगठन की सदस्यता ग्रहण की। संगठन को मजबूत करने के लिए जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने सौफतपुर निवासी अमित राणा को ब्लाक सचिव नजीबाबाद नियुक्त किया है। जबकि अर्जुन सिंह को ब्लाक उपाध्यक्ष नजीबाबाद, अवधेश चौधरी को क्षेत्रीय अध्यक्ष, कृष्ण कुमार को तहसील उपाध्यक्ष नजीबाबाद, चेलाराम को ग्राम उपाध्यक्ष, लेखपाल सिंह को ग्राम सचिव, हरचंदपुर निवासी दीपक कुमार को ग्राम अध्यक्ष, राजेश सिंह को तहसील महासचिव नजीबाबाद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, जग्गन अली, नरेश नेता, डॉ. अरूण कुमार, नौबहार सिंह, हाजी यामीन सिद्दीकी, अमित कुमार, मास्टर मुनेंद्र सिंह, अतीक अहमद, नितिन ललेरा, अभिनव चौधरी, नितिन ललेरा, हिमांशु सहरावत, सत्यम चौधरी, आशीष मोदी, टीकम सिंह, कामेंद्र सिंह, खूब सिंह, देवेंद्र सिंह, लक्की, दिक्षांत चौधरी, बिट्टू, फुरकान अली, शहाबुद्दीन अहमद, सामत रजा, लवी, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ दबोचा

**नहटौर।** बीती रात कांस्टेबल शरद पवार व राजदीप सिंह मौहल्ला ईदगाह में रात्रि गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक मौहल्ला जोशियान से ऑक्सफोर्ड स्कूल की ओर पीले थैले में अवैध रूप से शराब ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दोनों सिपाहियों ने युवक को रुकने का इशारा किया तो वह कोतवाली मार्ग पर कूड़े के ढेर की ओर भागने लगा, जिसे उन्होंने घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध रूप से ले जाए जा रहे नाइट किंग शराब के 20 पव्वे बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम कमल सैनी पुत्र बाबूराम बताया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

### भाकियू ने बताई समस्याएं



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में डीएफओ वन विभाग एसडीओ वन विभाग व रेंजर वन विभाग से विदुर सभा घर बिजनौर कलेक्ट्रेट में मिला। जिनमें सीओ सिटी संग्राम सिंह, एसडीएम नजीबाबाद अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने डीएफओ बिजनौर को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि गुलदार के द्वारा जनपद में आएदिन कोई न कोई घटना किसानों के साथ हो रही है। जो बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गुलदार द्वारा मारे गए किसान परिवारों के मुआवजे को लेकर भी पांच लाख से बढ़कर 50 लाख रुपए दिए जाने की मांग रखी डीएफओ ने आश्वासन दिया है। कि वह इन मांगों को लेकर शासन तक पहुंचाएंगे और जिले में गुलदारों के द्वारा भविष्य में कोई घटना न हो, इसके लिए पूरा प्रयास गुलदारों को पकड़ने के किए जाएंगे। जगह-जगह संवेदनशील इलाकों में पिंजरे लगाए जाएंगे। जिससे भविष्य में गुलदार द्वारा किसी भी जनहानि को रोका जा सके। आज जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के साथ प्रतिनिधि मंडल में बलजीत सिंह, नरदेव सिंह, संदीप सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, जानपाल सिंह, गुरमुख सिंह, सतविंदर सिंह, गुरमेल सिंह, शुभम चौधरी, जितेंद्र सिंह विनीत चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।

### लड्डू गोपाल की पदयात्रा निकाली



**नहटौर।** ग्राम टपरौला में श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति के तत्वावधान मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अष्ठम दिवस पर सुबह 8 बजे से गांव मे लड्डू गोपाल की विदाई पदयात्रा कृष्ण भजन पर झूमकर निकाली गई। जिसने भी अपने घर के मुख्य प्रवेश द्वार पर राधे राधे लिखा, उन सभी के घर लड्डू गोपाल गये और भक्तगणों ने तिलक लगाकर पूजा आरती की। उसके बाद दोपहर 12 बजे से देव एवं पितृ शांति हेतू सामुहिक हवन किया और तत्पश्चात कढ़ी-चावल व हलवे का प्रसाद बितरण किया। कार्यक्रम में मदन सिंह, लोकेंद्र, निशांत, कोमल, शंकर, सौरभ, हिमांशु, हिमेंद्र प्रजा. पति, नरेंद्र सिंह, अभय प्रताप, आशू, राजन, गौरव, राजेश शर्मा, त्रिलोक चन्द सचिन, कृपाल, सुरेंद्र सिंह, संचित, आशू, मनोरमा, आवेश, नेहा,आशी, उर्मि, भावना, शिल्पी, गौरी, सुनिता, ललिता , आकांक्षा, उदिता, प्रीति, सोनी, नूतन, गीता, कविता, मीना, दयावती आदि भारी संख्या मे भक्तगण उपस्थित रहे।

## भाजपा की नीतियों से जनता त्रस्त: मुदस्सर जमा खान

### आने वाला समय कांग्रेस का



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सचिव मुदस्सर जमा खान ने कहा कि आने वाला समय पूरी तरह से कांग्रेस का है। उन्होंने कहा कि देश की जनता आज भाजपा की नीतियों से त्रस्त हो चुकी है और राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के रूप में जिस दमखम और मजबूती के साथ जनता की आवाज बुलंद कर रहे हैं, वह सराहनीय और ऐतिहासिक है।

मुदस्सर जमा खान ने कहा कि राहुल गांधी ने सदन से लेकर सड़क तक हर मुद्दे पर गरीब, किसान, मजदूर और नौजवानों की आवाज उठाई है। वे सच्चे मायनों में जनता के नेता बनकर उभरे हैं। प्रियंका गांधी के संघर्षशील तेवर और जनता से जुड़ाव भी कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा दे रहे हैं। वहीं सोनिया गांधी ने हमेशा संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी को परिवार की तरह जोड़कर रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश की गंगा-जमुनी तहजीब, भाईचारे और संविधान की रक्षा कर सकती है। जनता अब बदलाव चाहती है और वह बदलाव कांग्रेस के नेतृत्व में ही संभव है। मुदस्सर जमा खान ने विश्वास जताया कि 2024 के बाद का राजनीतिक दौर कांग्रेस के पुनरुत्थान का होगा और राहुल-प्रियंका की नेतृत्व क्षमता के दम पर कांग्रेस देश को एक नई दिशा देने में सफल होगा।

## 42 श्रेष्ठ अध्यापकों को किया सम्मानित

### यह पहल समाज में शिक्षा और संस्कार की नींव को मजबूत करेगी: डा. वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रोटरी क्लब संपूर्ण द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर और क्षेत्र के 42 श्रेष्ठ अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि अध्यापक समाज का आईना होते हैं। वे अपने शिष्यों को उच्च ज्ञान और संस्कार प्रदान करते हैं। शिक्षक का दर्जा भगवान से भी ऊपर माना गया है, इसलिए हमें उनका सदैव सम्मान करना चाहिए। रोटरी क्लब द्वारा अध्यापकों का सम्मान उनके अथक परिश्रम और समर्पण को प्रणाम है। सम्मान समारोह का शुभारंभ बिड़ला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज में सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने संगीत अध्यापिका स्नेहा के नेतृत्व में सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कॉलेज की प्रधानाचार्या शील सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर जिन अध्यापकों को सम्मानित किया गया, उनमें नीतीश चौधरी, शादाब, सुनील कुमार, राज्य पुरस्कार विजेता मलका रानी, नूरानी खातून, मोनिका सिंगल, फिरदौस, शीला रानी, रिंकी रानी, अंशु चौहान, विपुल तोमर, शाइना सुल्तान, वैभव चौधरी, विजयपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, हर्षवर्धन शर्मा, राधेश्याम शर्मा, मुख्य अध्यापक मधुबाला शर्मा, प्रधानाचार्य ओमेंद्र कुमार त्यागी, मनोज कुमार दुबे, आर. एस.पी. इंटर कॉलेज के मौहम्मद उस्मान, मौहम्मद नाजिर, मुस्लिम कुदरत इंटर कॉलेज के मेघा अग्रवाल, शहर बानो, बिड़ला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज के सुमित कुमार, जय देव सिंह, सेवानिवृत्त अध्यापक प्रियंका वर्मा सेंट मेरी धामपुर, ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी कॉलेज, गायत्री देवी शिक्षण संस्थान, बी.डी. आर. इंटर कॉलेज, मधुर मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल आदि के शिक्षक शामिल थे। इस दौरान नगर के वरिष्ठ पत्रकार इकबाल अंसारी सहित कई पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष शोभित जैन ने कहा कि अध्यापक ही समाज को दिशा देने वाले सच्चे मार्गदर्शक हैं। उनका सम्मान करना रोटरी क्लब के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सभी अतिथियों, अध्यापकों और पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। क्लब के सचिव समीर रस्तोगी एवं रीता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। सहयोगियों का सराहनीय प्रयास कार्यक्रम की सफलता में क्लब के सभी रोटेरियन सदस्यों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने मिलकर इस भव्य आयोजन को यादगार बनाया है।

# व्यापारियों का पालिका में प्रदर्शन

### सफाई की मांग पूरी न होने पर भड़का गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** मांग करने के बावजूद पालिका प्रशासन द्वारा सफाई न कराने पर व्यापारियों का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने पालिका कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।




प्राप्त समाचार के अनुसार रोड पर दुर्गंध एवं गंदगी के लगे कूड़े के ढेर, बढ़ाया गए हाउस टैक्स को कम करने और गंदगी की सफाई कराने को लेकर एक हफ्ते पहले पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने एक ज्ञापन नगर पालिका प्रशासन को दिया था। लेकिन दोनों ही समस्याओं का आज तक कोई भी समाधान न होने पर व्यापारी आक्रोशित हो गए और नगर पालिका कार्यालय पहुंच कर जमकर नारेबाजी करते हुए अधिशासी अधिकारी से सवाल जवाब किया। व्यापारियों ने उन्हें मौके पर ले जाकर गंदगी दिखाई। वहां पर बहुत ज्यादा बदबू आ रही थी। अधिशासी अधिकारी द्वारा समस्या का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन देने पर व्यापारी शांत हुए। पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल पालिका कार्यालय पहुंचा था। इससे पूर्व नगर अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह द्वारा फोन पर अधिशासी अधिकारी को यह समस्याएं बताने पर व भड़क गए। जिससे व्यापारी नाराज हो गए और नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए। आक्रोशित व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी का घेराव किया गया। उन्होंने जमकर नारेबाजी की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर दो दिन में सफाई नहीं कराई गई, तो व्यापारी आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर तसलीम अहमद इदरीसी, संदीप जोशी, चौधरी अजयवीर एड., सरदार हरभजन सिंह अमन, शाहनवाज मलिक, असलम मलिक, मुकुल गुप्ता, अंकित जोशी, सरदार गुरनाम सिंह, ऋषभ देव राजा, संजीव गुर्जर, ललवंत सिंह आदि मौजूद मौजूद रहे।

## साहू जैन में जनजातीय जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** साहू जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार एवं डॉ. सरोज बाई के निर्देशन में छात्र एवं छात्रा इकाई के द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस जनजातीय जागरूकता अभियान में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई, एनसीसी एवं रोवर रेंजर के अलावा महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रो. बी.एस. तोमर ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता को स्पष्ट करते हुए बताया कि जनजातीय संस्कृति भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इसके संरक्षण से ही हमारी विरासत जीवित रह सकती है। इसके उपरांत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा साथ ही एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में जनजातीय समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा इत्यादि के लिए प्रेरित तथा जागरूक करना था। मुख्य वक्ता के रूप में जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि कर्मयोग का अर्थ है निष्काम भाव से

### भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवित रखने पर जोर

अपने कर्तव्यों का पालन करना, यानी फल की अपेक्षा किए बिना कर्म करना। उन्होंने बताया कि यदि समाज के विभिन्न वर्गों जैसे विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों, युवा और आम नागरिकों अगर अपने कर्तव्यों का सही से पालन करें तो हमारा देश एक बार फिर से सोने की चिड़िया बन सकता है। इसके पश्चात् जनजातीय जागरूकता अभियान को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं सहित सभी सम्मानित शिक्षकगणों ने भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. अरुण देव जायसवाल, प्रो. रीना, प्रो. परमिल, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. गुरप्रीत सिंह, डॉ. शैलेन्द्र पाल सिंह, डॉ. दीपक त्रिपाठी, डॉ. अनिल कुमार राजपूत, डॉ. जयेश कुमार, डॉ. सूर्यकांत भारती, डॉ. मोनिका सागर, डॉ. आनंदिता बोस, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी आदि ने उपस्थित रह कर इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में संपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कराई

**नहटौर।** मौहल्ला नौधा निवासी असगरी पत्नी इस्लामुद्दीन ने पुलिस में दर्ज कराई गुमशुदगी में कहा है कि उसकी 12 वर्षीय धेवती अमरीन पुत्री मुकर्रम अचानक लापता हो गई। काफी तलाशने पर भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## 2027 में नजीबाबाद से विधायक आजाद समाज पार्टी का बनेगा: खुर्शीद मंसूरी

**नजीबाबाद**। क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर में प्रधान अनवार अहमद के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 2027 के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने दलित-मुस्लिम ओबीसी गठजोड़ बनाकर आजाद समाज पार्टी को समर्थन देने पर सहमति जताई। वक्ताओं ने कहा कि जिस तरह से चंद्रशेखर आजाद समाज के हर वर्ग के लिए गरीब व मजलूम लोगों की लड़ाई लड़ रहे है, उसी तरह वोट का हक भी उन्हीं का बनता है। इस मौके पर साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि वह लगातार नजीबाबाद विधानसभा में पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। 2027 में नजीबाबाद से विधायक आजाद समाज पार्टी का ही होगा। बैठक में मुख्य अतिथि खुर्शीद मंसूरी, प्रधान अनवार, मुफ्ती ताहिर, जुल्फिकार, अकील, कारी जुबैर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अमीर नहटौरी का उत्कृष्ट बूथ लेवल अधिकारी के रूप में चयन

### प्रशिक्षण के लिए जाएंगे लखनऊ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी बिजनौर के आदेशानुसार जनपद बिजनौर से एक उत्कृष्ट सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और एक उत्कृष्ट बूथ लेवल अधिकारी बिजनौर का 16. 09.2025 को आयोजित उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकादमी (उपाम) अली गंज लखनऊ में विशेष प्रशिक्षण हेतु चयन हुआ।

जिसके अंतर्गत जनपद बिजनौर से अमीर अहमद स.अ. जूनियर हाई स्कूल गंगोड़ा जट, विकास क्षेत्र हल्दौर बिजनौर से एकमात्र उत्कृष्ट बूथ लेवल अधिकारी एवं अमित कुमार नायब तहसीलदार, नजीबाबाद (उत्कृष्ट सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) के रूप में नियुक्त किये गये हैं। इसके अनुपालना में अमीर नहटौरी विशेष प्रशिक्षण हेतु 16 सितम्बर को लखनऊ जाएंगे।

उक्त प्रशिक्षण के संबंध में आमीर नहटौरी का कहना है कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि जनपद बिजनौर से एक मात्र उत्कृष्ट बूथ लेवल अधिकारी के रूप में मेरा चयन हुआ और निर्वचान जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु लखनऊ प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है।

ज्ञात हो कि अमीर अहमद (अमीर नहटौरी) एक कर्मनिष्ट शिक्षक ही नहीं अपितु सुप्रसिद्ध शायर एवं लेखक भी है। उन्हें साहित्यिक क्षेत्र में सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा बहुत से एवार्ड और सम्मान प्राप्त हो चुके हैं तथा गत 12 वर्षो से अपने बीएलओ क्षेत्र मे सराहनीय कार्य करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी बिजनौर द्वारा कई बार बेस्ट बीएलओ पद पर सम्मानित किया जा चुका है।

# विद्युत कार्यालय पर किसानों का धरना

### अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** विद्युत विभाग के दफ्तर पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के पदाधिकारियों का धरना-प्रदर्शन जारी रहा।



प्राप्त समाचार के अनुसार किसान नेताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर किसानों व उपभोक्ताओं का शोषण करने का आरोप लगाया है। किसानों ने कहा कि पाडली में घरों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को उतारने की मांग की गई थी, लेकिन इसे पूरा नहीं किया गया।

किसानों का कहना था कि विद्युत विभाग के अधिकारी किसानों को सिर्फ और सिर्फ झूठे आश्वासन देने में लगे हुए हैं। किसानों की किसी भी समस्या को हल नहीं किया गया। अगर समस्या का हल नहीं किया गया, तो उनके खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया जायेगा।

इस मौके पर मंडल प्रभारी भूपेश चौधरी, संगठन के युवा जिला अध्यक्ष चौधरी आकाश डबास, तहसील अध्यक्ष संजीव डबास, जिला सचिव अवनीश कुमार, नगर अध्यक्ष नूरपुर मौहम्मद इरशाद सैफी, चौधरी महेंद्र सिंह, मौहम्मद शफीक अहमद, चौधरी जोगिंदर सिंह, मौसम डबास, चाहत डबास, मोहित डबास, रोहित कुमार डबास, अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार, मौहम्मद सरफराज, भीम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम मुमताज जहां से बदलकर मुमताज बेगम रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**मुमताज बेगम पत्नी अल्ताफ खान मौहल्ला भजड़ावाला, कस्बा बढ़ापुर, जिला बिजनौर**

# गुलदारों के आतंक को लेकर प्रशासन गंभीर

## सीडीओ ने बैठक में दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट स्थित सभागार में जिले में गुलदार से सम्बन्धित मुद्दों पर बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएफओ, एसडीओ तथा सभी रेंजर्स उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि गुलदार की बढ़ती सक्रियता के दृष्टिगत ब्लॉक कोतवाली, नजीबाबाद व अफजलगढ़ क्षेत्रों में 30 और पिंजरे खरीदे जाएंगे तथा सभी विद्यालयों के शिक्षकों को गुलदार से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी, सुरक्षा एवं बचाव आदि के बारे में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके पश्चात शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों को सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का प्रचार-प्रसार करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सभी ग्राम प्रधानों के साथ गुलदार के हमलों से बचाव एवं सुरक्षा से संबंधित पहले जूम बैठकें आयोजित की जाएंगी, तत्पश्चात ब्लॉकवार बैठकों का आयोजन कर प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को भी प्रतिभागी बनाया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी श्री बोरा ने यह भी बताया कि जिले के अति संवेदनशील 70 प्राथमिकता वाले सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों में सोलर लाइट, फेस मास्क, ब्लिंकिंग लाइट, शौचालय संतृप्ति, कूड़ा निस्तारण तथा ग्राम चौपाल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुलदार से सुरक्षा एवं बचाव के संबंध में वन विभाग के साथ यथासंभव समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए ताकि गुलदार के आतंक को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। बैठक में डीएफओ द्वारा अवगत कराया गया कि आबादी के पास गन्ने की फसलें खड़ी होने के कारण घटनाएं बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कृषकों का आहवान किया कि आबादी के करीब अपने खेतों में गन्ने की फसल के स्थान पर अन्य फसलों की खेती का उत्पादन करें ताकि गुलदार को छुपने के लिए स्थान न मिले।

# आरएसएम के छात्रों ने परीक्षा में हासिल की शानदार सफलता







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज के बीएससी एग्रीकल्चर संकाय के छात्रों ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की प्रवेश परीक्षा एआईईईए में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर संस्था एवं जिले का नाम रोशन किया है।

छात्रा खुशी गुप्ता ने भौतिक विज्ञान समूह (मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन) में संपूर्ण भारत स्तर पर 16वीं रैंक प्राप्त की है। इसी प्रकार कुणाल चौधरी ने 129वीं रैंक तथा आमिर खान ने शस्य विज्ञान समूह में 262वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं आशीष कुमार, सुमित कश्यप, श्रुति अग्रवाल, दिवेश, वंदना अन्य छात्रों ने भी शस्य विज्ञान समूह में परीक्षा उत्तीर्ण की। कृषि संकाय के शिक्षकों ने बताया कि इन छात्रों ने निरंतर कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह सफलता प्राप्त की है। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने सफल अभ्यर्थियों के लिए कामना की। कृषि संकाय के प्राध्यापक डा. रवि धनकड़ ने बताया कि आईसीएआर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को कृषि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अवसर उपलब्ध कराना है।

# धामपुर में ई-रिक्शा की टक्कर से युवक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कालागढ़ मार्ग पर स्टेट बैंक के पास एक हादसा हुआ। बाइक सवार युवक को ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। युवक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।

हाफिजाबाद निवासी राहुल पुत्र गंगाराम बाइक से धामपुर से लौट रहे थे। जब वह स्टेट बैंक के पास पहुंचे तो पीछे से आए ई-रिक्शा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि राहुल का हेलमेट सिर से निकलकर दूर जा गिरा और वह सड़क पर बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया।

यह पूरा वाकया पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना के बाद लोगों ने सड़क पर लापरवाह वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।

# एजुकोल में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता

## दोहा, चौपाई, भाषण और कविता पाठ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में शनिवार को 'हिंदी दिवस' बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने दोहा, चौपाई, भाषण और कविता पाठ जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

दोहा-चौपाई गायन प्रतियोगिता में ओलिविया हाउस, कोडिल्या हाउस, क्लोपैटरा हाउस और पोर्सिया हाउस की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में पारुल चौहान और मनोज कुमार ने छात्राओं के गायन का मूल्यांकन आरोह-अवरोह, लय और गति के आधार पर किया। ओलिविया हाउस ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की छात्रा कृतिका राज ने किया। प्रधानाचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा के प्रति प्रेम बनाए रखना और शुद्ध हिंदी का प्रयोग करना ही सच्चे अर्थों में हिंदी का सम्मान है। भाषा की शुद्धता से ही किसी भी क्षेत्र में पहचान और प्रसिद्धि मिलती है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं साक्षी दुआ, रीता कुमारी, आंचल चौहान, तनु गुप्ता, जागृति ठाकुर, उषा रानी, पारुल गोयल, लीना चौहान, साक्षी चौहान, शीरीन बरी और अरुण शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### भाई की बाइक में लगाई आग

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला बुखारा में आज सनसनीखेज घटना को अंजाम दिखा गया। आमिर ने दुकान के बाहर खड़ी बड़े भाई दानिश की बाइक में आग लगा दी। आग लगने के बाद दानिश की बाइक धूं-धूं कर जल उठी। मौके पर भीड़ लग गई। बताया जाता है कि आमिर नशे का आदि है। वह आग लगा कर फरार हो गया। भीड़ ने बामुश्किल आग को पानी डाल कर बुझाया। गनीमत रही कि दुकान में कोई नुकसान नहीं हुआ।

### सांड के हमले से किसान घायल



**सहसपुर।** मौहल्ला अफगानान निवासी आरिफ पुत्र रशीद जंगल अपने खेत पर काम कर रहे थे। इतने में पीछे से एक सांड ने आकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको धामपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौहम्मद आदिल पुत्र नसीम पहलवान ने बताया कि जब उन्होंने आरिफ की चीखे सुनी, तो सांड आरिफ को उठा-उठा कर मार रहा था तभी उन्होंने जंगल में पास में ही रहने वाले अनीस और कुछ लोगों के साथ मिलकर भगाया। किसी तरह से आरिफ को बचाया। नागरिकों ने बताया कि यह सांड बहुत दिन से परेशान कर रहा है और कई लोगों को घायल कर दिया है। नागरिकों ने अधिकारियों से सांड को पकड़वाने की मांग की।

### लूट की सूचना से मचा हड़कंप

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा में चांदपुर-बिजनौर रोड स्थित पेट्रोल पंप के निकट बीती देर रात एक कार सवार को बाइक सवारों ने रोकते हुए लूट का प्रयास किया। लूट के दौरान बाइक सवारों ने कार सवारों को पीटते पीटते लहूलुहान कर दिया। बमुश्किल कार सवारों ने पास ही के पेट्रोल पंप पर दौड़कर अपनी जान बचाई। जहां से डायल 112 पर पुलिस को लूट की सूचना दी गई, जिस पर पुलिस ने बताए गए स्थान की ओर दौड़ लगा दी। उधर बाइक सवार पुलिस के आने से पहले ही रफूचक्कर हो गए तो पुलिस घायलों को थाने ले गई थी।

### तीन सांप रेस्क्यू कर जंगल में छोड़े



**शेरकोट।** मौहल्ला समना सराय निवासी सुनील कुमार के घर तीन सांप को देखे जाने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। सांप को पकड़ने नहटौर निवासी सर्प मित्र बी. भास्कर को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद दो सांप पकड़ लिए गए जबकि तीसरा सांप नही मिल पाया। बी. भास्कर ने बताया कि पकड़ा गया एक सांप coman krait था जो कि काफी जहरीला था तथा दूसरा सांप घोड़ा पछाड़ था। जबकि धामपुर के फूलबाग कालोनी निवासी आयुष प्रजापति के घर से कोबरा सांप का रेस्क्यू किया।

### श्रद्धांजलि सभा आज

**कोतवाली देहात।** पूर्व गवर्नर सतपाल सिंह को श्राद्ध पक्ष में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बरुकी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। जाट महासभा के जिला अध्यक्ष चौधरी अमन सिंह ने बताया कि रविवार को होने वाली श्रद्धांजलि सभा में सतपाल सिंह के जीवन पर आधारित कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया। इस दौरान नितिन मौर्य, विकुल मलिक, समरपाल सिंह, मास्टर नरेश, नेपाल सिंह, नवनीत राठी, खड़क सिंह आदि मौजूद रहे।

### एएसपी नगर ने पेट्रोल पंपों पर पकड़ी कमियां

**बिजनौर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं यातायात प्रभारी ने कल बिना वर्दी के सामान्य कपड़ों में बाइक पर यातायात उपनिरीक्षक के साथ पेट्रोल पंपों पर पहुंच कर बड़ी कमियां पकड़ी। उन्होंने प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान के तहत नगर क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा पाया गया कि कुछ पेट्रोल पंपों पर कर्मचारी बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल उपलब्ध करा रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि ऐसे पेट्रोल पम्प संचालकों को नोटिस जारी किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल उपलब्ध न कराया जाए।

### लोडेड वाहनों के लिए भी खुला बैराज रोड

**बिजनौर।** रावली तटबंध के क्षतिग्रस्त होने से आठ सितंबर की रात को बंद किया गया बैराज रोड भारी वाहनों के लिए खोल दिया गया। जिससे ट्रांसपोर्टरों ने राहत की सांस ली। गत सोमवार आठ सितम्बर की दोपहर तटबंध पर बढ़ते रिसाव और कटान के खतरे को देखते हुए पहले बड़े वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। देर शाम होते-होते स्थिति गंभीर होने पर प्रशासन ने छोटे वाहनों पर भी पूरी तरह रोक लगा दी थी। हालांकि तटबंध की स्थिति में सुधार होने और पानी का रिसाव थम जाने के बाद अगले दिन मंगलवार की सुबह पुलिस प्रशासन ने छोटे वाहनों पर रोक लगी रही। तटबंध मुकम्मल होने और बाढ़ का खतरा टल जाने पर शुक्रवार की देर शाम भारी वाहनों के लिए बैराज रोड खोल दिया गया। बैराज रोड खुलने से ट्रांसपोर्टस ने राहत की सांस ली। ट्रैफिक इंचार्ज दरोगा रवि नैन न बताया कि देर शाम लोडेड वाहनों के लिए बैराज रोड पूरी तरह चालू कर दिया गया है।

# केएस में वाद-विवाद प्रतियोगिता

## विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी में इंटर हाउस हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। जिसमें जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जूनियर वर्ग का विषय 'समाज और चरित्र' रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने समाज में चरित्र के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए और यह स्पष्ट किया कि चरित्र ही किसी भी व्यक्ति की वास्तविक पहचान होती है। सीनियर वर्ग का विषय 'ए.आई.' (Artificial Intelligence) रहा। जिस पर प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष दोनों में गहन दृष्टिकोण रखते हुए ए.आई. के लाभ एवं हानियों पर विस्तार से चर्चा की।

प्रतियोगिता के परिणाम में जूनियर वर्ग में एयर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसकी इंचार्ज शिवानी चौधरी रहीं, द्वितीय स्थान फायर हाउस को मिला, जिसकी इंचार्ज रेनुका गौतम थीं तथा तृतीय स्थान वॉटर हाउस को मिला जिसकी इंचार्ज पारुल मेहरा रहीं। वहीं सीनियर वर्ग में फायर हाउस प्रथम, अर्थ हाउस द्वितीय तथा एयर हाउस तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का मूल्यांकन शिफा मैम और चंचल मैम ने निष्पक्षता के साथ किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य इन्द्रपाल सिंह ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं और दोनों विषयों पर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी देकर उनके ज्ञान में वृद्धि की। यह संपूर्ण आयोजन गतिविधि प्रभारी मानसी अग्रवाल की देख-रेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# करीमपुर बमनौली में चोरी छिपे हो रही अवैध रूप से शराब की बिक्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत करीमपुर बमनौली उर्फ नंगली में पिछले काफी दिनों से चोरी छिपे रात्रि में अवैध रूप से शराब का कारोबार फल फूल रहा है।

विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक शाम ढ़लते ही गांव में कुछ व्यक्ति निम्न वर्ग के लोगों को तय रेट से ज्यादा रेट में अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इस कारोबार में शामिल कई व्यक्तियों में एक व्यक्ति ऐसा भी है जो लगभग 800 वोटों की ग्राम पंचायत में अपने आप को गांव स्तर का नेता मान बैठा है। गांव के अक्सर छोटे मोटे विवादों में आगे आकर अपनी भूमिका जमा लेता है और मन में आगामी पंचायत चुनाव का सपना मन में संजोए बैठा है। गौरतलब है कि वर्ष 2020 अप्रैल में कोरोना काल के समय यह गांव उस समय भी चर्चा में आ गया था। जब गांव के एक परिवार के कई व्यक्तियों ने मिलकर अपने घेर में कच्ची शराब के लिए लाहन बनाना शुरू कर दिया था। उस समय भी गई के संभ्रांत व्यक्तियों ने इन लोगों को समझाकर यह मामला बंद करा दिया था। एक आंकड़े के मुताबिक मंडावर थाने का करीमपुर बमनौली ऐसा गांव है। जहां पर शराब का सेवन सबसे अधिक होता है जिसके कारण युवा वर्ग अत्यंत नशाखोर हो चुका है। महिलाओं के साथ आए दिन उनके पतियों के द्वारा मारपीट के मामले सामने आ रहे है। परिवारों का सामाजिक पतन हो रहा है। गांव के मुख्य होली चौराहे से महिलाओं का निकलना शाम ढ़लते ही दूभर हो जाता है। इसी होली चौराहे पर शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार भी लगता है।

### गांव में एक दलाल भी सक्रिय

**मंडावर।** थाने के हल्का नंबर तीन का करीमपुर बमनौली नंगली एक ऐसा गांव है। जिसमें यह दलाल पति पत्नी के आपसी विवाद जैसे छोटे स्तर के विवाद को भी थाने के दरबार तक ले जाता है। इस दलाल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह संबंधित पुलिस के व्यक्ति की आवभगत बहुत ही अच्छे से करता है और समय-समय पर अपने आवास पर बढ़िया जलपान कराता है। यह दलाल पर्सनेलिटी में भी खूब नजर आता है। कलफ लगा कुर्ता पहनकर अपनी नेतागर्दी भोले भाले लोगों पर चमकाने में लगा है।

# गुलाब सिंह महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर संगोष्ठी

## प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया।

महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि हिंदी भाषा में शब्दों की बढ़ती हुई क्लिष्टता एवं जटिलता पर चिंता व्यक्त करते हुए हिंदी भाषा का प्रयोग सरल रूप में करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आज वैश्वीकरण के दौर में ग्लोबल लैंग्वेज के पीछे भागते-भागते हमें अपनी मातृभाषा हिन्दी का महत्व नहीं भूलना चाहिए। डा. उदिता राजपूत ने कहा कि हिन्दी न केवल साहित्यिक क्षेत्र में बल्कि पत्रकारिता, सिनेमा, अनुवाद, प्रशासन और तकनीकी क्षेत्रों में भी रोजगार के अनगिनत मौके देती है। डा. ज्ञानेन्द्र सिंह ने भारतीय संविधान में उल्लखित अन्य भाषाओं की तुलना में हिंदी भाषा के महत्व की विवेचना की। समाजशास्त्र के शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने हिंदी में उत्कृष्ट काव्य पाठ से सभी को प्रभावित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने कहा कि हिन्दी महज एक भाषा ही नहीं वरन एक भावना, संस्कृति एवं धरोहर भी है तथा विश्व पटल पर हिन्दी भाषा हम हिंदुस्तानियों की पहचान होने के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक भी है। शिक्षकों के अतिरिक्त महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं कु. अंशिका, कु. प्रीति, कुलदीप, मानसी आदि ने भी हिंदी दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में प्रो. दिनेश सिंह, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. महीपाल सिंह, प्रदीप कुमार तालान, जैनुल आबेदीन, डा. अखिलेश देवी, डा.. कुलदीप, मौहम्मद आरिफ, डा. अमित कुमार पुंडीर, डा. देवेश कुमार, नरेंद्र कुमार, गौतम सिंह, डा. मीनाक्षी चौहान, डा. संतोष देवी, डा. उदिता राजपूत, डा. राजकुमार, पूजा राजपूत तथा अन्य शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के अतिरिक्त अधिसंख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डा. रामबिलास यादव ने किया। इस कार्य मे महाविद्यालय के कार्यालय वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव का भी सहयोग रहा।

# वन विभाग नींद से जागा, खूनी गुलदार को पकड़ने के लिए कई टीमें लगाई

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में गुलदार द्वारा एक सप्ताह के अंदर तीन बच्चों को मौत के घाट उतारने व इन घटनाओं के बाद दहशत का माहौल व ग्रामीणों में रोष पैदा होने से शायद वनविभाग नींद से जाग गया है। जिसके बाद उसने खूनी गुलदार को पकड़ने के लिए प्रयास तेज कर दिए है। विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर हिंसक गुलदार को पकड़ने के लिए मथुरापुर मोर नयागांव में कैम्प कार्यालय खोल दिया गया है। गुलदार पकड़ने के लिए मुरादाबाद से जोन टीम बुलाई गई है। स्थानीय टीम गुलदार को पकड़ने के लिए पहले से लगी है। उच्चाधिकारियों से गुलदार को बेहोश कर रेस्क्यू करने की अनुमति मांगी गई है। वनविभाग के एसडीओ ज्ञान सिंह ने बताया कि गुलदार को लेकर वन विभाग पूरी तरह से गंभीर है। गुलदार को पकड़ने के लिए छह टीमें लगाई गई है। दर्जनों अधिकारी व कर्मचारी हिंसक गुलदार को पकड़ने के लिए संभावित क्षेत्रों में डेरा डाले हुए है। गुलदार को पकड़ने के लिए डब्ल्यूएचओ व कई चिकित्सकों की टीमें भी बुलाई जा रही है। हिंसक गुलदार को पिंजरा लगाकर पकड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा सर्च आप्रेशन चलाया जा रहा है।

### बरूकी नहर के पास घूम रहा गुलदार

**कोतवाली देहात।** बरूकी क्षेत्र में लगातार गुलदार दिखाई दे रहे हैं। गुलदार को पकड़ने में वन विभाग की टीम नाकाम रही है। ग्राम सिकेडा में वायरल वीडियो में गुलदार एक कुत्ते पर हमला करता दिखाई दे रहा है। क्षेत्रवासी वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है। वायरल वीडियो बरूकी-सिकेडा नहर के पास नरेंद्र के घर के पास की बताई जा रही है।

# विधि छात्रों ने किया लोक अदालत का भ्रमण

## लोक अदालत की कार्यवाही को देखा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विधि छात्र छात्राओं ने जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही को देखा तथा लोक अदालत द्वारा अपनाये जाने वाली प्रक्रिया की बारीकियों को समझा।

महाविद्यालय प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने विधि विद्यार्थियों के समूह को हरी झण्डी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर की ओर रवाना किया। महाविद्यालय के सहायक प्रवक्ता शिव कुमार ने कहा कि आपसी समझौतों के द्वारा वादों के निस्तारण में विधि विद्यार्थियों को अहम भूमिका हो सकती है। इसलिए विधि विद्यार्थियों को इस प्रकार की कार्यवाहियों में शत-प्रतिशत भागीदारी करनी चाहिए। विधि विद्यार्थियों को लोक अदालत की स्थापना एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों से भी अवगत कराया।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने विधि के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के मामलों जैसे मोटर एक्सिडेंट क्लेम, बैंक लोन, व्यवाहिक मामलों आदि के बारे में विस्तार से बताया।

सहायक प्रवक्ता डा. एम.ए. खान ने विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना व उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया एवं न्यायालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधि विद्यार्थियों एवं सभी प्रवक्तागण शिव कुमार, दीपिका सिंह, श्रीमती पूजा ठाकुर, अभिषेक प्रताप सिंह, मीनू कोठारी का विशेष योगदान रहा।

# आधा दर्जन नलकूप बने चोरों का निशाना

शाह टाइम्स, संवाददाता

**0 चोरी की वारदातों से किसानों में दहशत**

**असमोली।** चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। जगह-जगह चोरियों की हो रही वारदातों सेपुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े होने लगे हैं जबकि निरंतर हो रही चोरियों से लोगों में भी भय का माहौल पनपे लगा है। चोरो ने दर्जनों किसानों के निजि नलकूपों पर धावा बोलकर उपकरण चोरी कर लिसे। पीड़ित किसानों ने पुलिस चौकी पर तहरीर देकर माल बरामद कर चोरों पर कार्रवाई की गुहार लगायी।

जानकारी के अनुसार असमोली थाना क्षेत्र के गांव निबोला निवासी मेहर सिंह पुत्र दुलीचंद के नलकूप की कोठरी का ताला तोड़कर चोर केबिल व स्टार्टर ले गए। चोरों का कहर यहीं नहीं थमा बल्कि चोरों ने जोगिंदर पुत्र जगराम, महिपाल सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह, और श्रृषिपाल के नलकूपों में नकब लगाकर स्टार्टर व केबिल चोरी कर लिए गए। वहीं, सैदपुर इम्मा निवासी दिलशाद व त्रिमल के नलकूपों को भी चोरों ने निशाना बनाते हुए उपकरण साफ कर दिए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में दहशत है। पीड़ित किसानों का कहना है कि अगर पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो चोरियां और बढ़ सकती हैं। पीड़ित किसानों की ओर से मंसूरपुर पुलिस चौकी पर तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



असमोली- असमोली थाना क्षेत्र में नलकूपों से चोरी किए गए उपकरणों को देखते खेत स्वामी।

## गृह कलेश में फांसी लगाकर किशोरी ने दी जान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भला।** गृह क्लेश के चलते किशोरी ने फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के मढ़ावली गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी गृह क्लेश के चलते घर में फांसी का फंदा गले में डाल लटक गई। भाई ने देखा तो उसकी चीख निकल गई। उसे परिजन आनन फानन में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। शनिवार सुबह उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# जिला पंचायत कार्यालय को जाने वाले मार्ग से हटेगा अतिक्रमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**0 जिलाधिकारी व सीडीओ ने संयुक्त रूप से मार्ग का किया निरीक्षण डिप्टी कलैक्टर को दिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश**

**सम्भल।** मार्ग पर किये गए अतिक्रमण पर जल्द ही बुल्डोजर गरजेगा। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से मार्ग का निरीक्षण कर अतिक्रमण चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बहजोई से कनेटा की ओर जाने वाला मार्ग जिला पंचायत के कार्यालय की ओर जा रहा है। मार्ग पर जगह-जगह अतिक्रमण किया हुआ हैं जिससे मार्ग संकुचित होने से आगे आने वाले समय में दुश्वारियों का सामना करना पड़ेगा। इसी को लेकर जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसया और मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने संयुक्त रूप से जिला पंचायत कार्यालय को जाने वाली कनेटा रोड बहजोई का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई/डिप्टी कलैक्टर नीतू रानी को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व एवं तहसील से मानचित्र निकलवा कर अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें तथा रोड़ की साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिया को सही कराने के लिए भी दिशा निर्देशित किया।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई नीतू रानी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह आदि अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कर बनाएं जनोपयोगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**0जिलाधिकारी ने विभिन्न निर्माण कार्यों की ली विस्तार से जानकारी**
**0राजकीय महाविद्यालय चन्दौसी पर की चर्चा**
**0कार्यदायी संस्थाओं को समय से कार्य पूरा करने के निर्देश**

**सम्भल।** विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्थाओं के पेंच कसे गए। डीएम ने निर्माण कार्यो में गुणवत्ता को चैक कर परियोजना को जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए।

जनपद में विभिन्न निर्माण कार्य कराये जा रहे है। करोड़ों की लागत से हो रहे निर्माण कार्यों पर प्रशासन की नजर बनी हुई है। गुणवत्ता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने और जनोपयोगी निर्माण कार्य समय से पूरा कराने को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने जनपद की कार्य योजना की जानकारी ली। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में 100प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। उन परियोजनाओं की निर्माण गुणवत्ता को चेक करते हुए परियोजना को जन उपयोगी बनाया जाए।जिलाधिकारी ने आरईडी एक्सईएन को निर्देशित करते हुए कहा कि जो कार्य अभी पूर्ण नहीं किए गए हैं उनको यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए।उन्होने राजकीय महाविद्यालय चंदौसी पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों के जो भी निर्माणाधीन कार्यों का उनके द्वारा निरीक्षण किया गया है उसका सत्यापन करते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।इसके साथ कलक्ट्रेट निर्माण कार्य एवं आवासीय भवनों के की भी जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग के कार्य को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी ली। इसके अलावा विभिन्न विभागों के द्वारा निर्माणाधीन परियोजनाओं की जानकारी लेकर कार्यदायी संस्थाओं को समय से व गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर/जिला विद्यालय निरीक्षक निधि पटेल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज कुमार विश्नोई आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी

### पीएम के जन्मदिन पर रक्तदान को किया प्रेरित

**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी के एकता विहार कालोनी स्थित जिला कार्यालय पर युवा मोर्चा की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितम्बर से शुरू होने जा रहे सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों में भागीदारी करने के लिए आग्रह किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी शिवम चौहान ने युवा मोर्चा पदाधिकारियों को हर अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने तथा आगामी 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर युवा मोर्चा के नेतृत्व मे आयोजित करने तथा युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता जिला अधयक्ष युवा मोर्चा शिखर गोयल ने की। इस अवसर पर माधवेन्द्र राघव रीफिल चौधरी आलोक भारती सजन श्रीमाली मनोज यादव अक्षित अग्रवाल प्रियांशु वर्ष्णेय पंकज शर्मा दीपक शर्मा अरविंद प्रजापति यश शर्मा शिवम त्यागी अविनेश चौधरी आदि मौजूद रहे। संचालन सोनू चाहल ने किया।

### विद्याकुंज में मनाया विश्व हिंदी दिवस

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल बबराला में हिंदी दिवस बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा एलजी एवं यूकेजी के शिवन्या एवं अनंत वही कक्षा छ्ह के नित्यम,पार्थ यादव वंशिका एवं कक्षा तीन की सिया ने कविता सुनाई चार से श्रुति एवं कक्षा आठ से रोली तथा गौरी राघव ने संस्कृत के श्लोक एवं भजन प्रस्तुत किया कार्यक्रम का संचालन कक्ष 7 के दुष्यंत एवं प्रिया यादव ने किया। विद्यालय की शिक्षिका विनीता अग्रवाल सोनल शर्मा ,नव्या गुप्ता, मीनल अशोक एवं अंजलि ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन होने से पूर्व विद्यालय में सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

### डीएम-एसपी ने सुनी थाना समाधान दिवस में समस्याएं

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** शासन के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये प्रत्येक जन सामान्य की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना धनारी एवं थाना रजपुरा में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधाान दिवस में आयी जन सामान्य की शिकायतों को शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण किया जाए निस्तारण।इस दौरान थाना धानारी में 17 प्रार्थना पत्र मिले जिनमें 04 का निस्तारण एवं थाना रजपुरा में 06 प्रार्थना पत्र में 02 का शिकायत का निस्तारण किया गया।

### तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विद्युत वितरण खण्ड बबराला के अंतर्गत बबराला में निर्बाधविद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए 14 सितम्बर 2025 (आज) सुबह 09 से 12 बजे तक 33 के.वी. लाइन के निकट पेड़ों तथा टहनियों की कटाई-छंटाई का कार्य कार्मिकों तथा मशीन के माध्यम से किया जायेगा। जिस कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि बिजली लाइन पर आ रहे पेडों व टहनियों को हटाने का कार्य होने से सप्लाई तीन घण्टे बाधित रहेगी।

# देश को मजबूती देगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं के स्वस्थ को बेहतर बनाये जायेगा। अभियान की सफलता को निजि चिकित्सा इकाइयों का भी सहयोग लिया जायेगा। अभियान की शुरूआत 17 सितंबर से की जायेगी।

बाल विकास मंत्रालय द्वारा पोषण माह के साथ मिलकर महिलाओं के स्वास्थ्य को ओर भी बेहतर बनाने के लिए अभियान की शुरूआत की जायेगा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलने वहे इस अभियान की शुरूआत पीएम मोदी मध्य प्रदेश के इंदौर से इसका उदघाटन करके करेंगे। अभियान का उददेश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है, क्योंकि एक स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार, समुदाय और राष्ट्र की नींव रखाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य महिलाओं और बच्चों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि वे इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान देश को मजबूती देगा। सीएमओ डा. तरुण पाठक ने बताया कि इस अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य की पूरी जांच की जाएगी। इसमें हाइपरटेंशन, शुगर, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग शामिल है। इसके अलावा, किशोरियों और महिलाओं में एनीमिया की जांच और परामर्श भी दिया जाएगा। उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए टी.बी. की जांच की भी व्यवस्था रहेगी। सीएमओ ने बताया कि मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ डाक्टरों की टीमें मौजूद रहेंगी। इनमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, त्वचा विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक और दंत विशेषज्ञ शामिल होंगे। अभियान के नोडल अधिकारी डा.. पंकज कुमार बिश्नोई ने बताया कि प्राइवेट अस्पताल और क्लीनिकों को महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने में शामिल किया जाएगा। उनका योगदान अभियान की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर ने बताया कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सीएचसी और जिला अस्पताल में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्घाटन सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, युवा मामले एवं खेल, पंचायती राज और ग्रामीण विकास जैसे विभागों का भी सहयोग लिया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि 17 सितम्बर को जिला अस्पताल सम्भल में रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।

## बड़े बकायदारों से वसूली को टीम ने कराई गांव में मुनादी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बैंकों के बड़े बकायदारों पर प्रशासन का शिंकजा तेज हो गया है। नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर मुनादी करायी जबकि बकाया जमा न करने पर नीलामी की चेतावनी दी।

शनिवार नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम में शामिल नायब तहसीलदार अमीनों के साथ बैंक के बड़े बकायेदारों से ग्राम मूसापुर में पहुंची। राजस्व वसूली की कार्रवाई करने गई टीम ने 5000000 का बकाया बैंक देय के बकायदार की गांव मे मुनादी करायी। इस दौरान बकाया जमा न करने पर उनकी सम्पत्ति को नीलाम कराने की भी चेतावनी दी।

# गुन्नौर में पूरी रात रही बिजली साफ

शाह टाइम्स,संवाददाता

**0 गर्मी में बिजली कटौती से लोग अकुलाए**

**बबराला।** नगर गुन्नौर में बिजली फाल्ट के कारण पूरी रात गेम रही। दिन में भी यही स्थिति रही। नगर व गुन्नौर सहित ग्रामीण इलाकों में उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचोली की समस्या से लोग परेशान है।

नगर सहित ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है। ऊपर से बिजली की आंख मिचोली में अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। शुक्रवार पूरी रात गुन्नौर के बाशिंदों को बिजली नहीं मिली। लोगों ने जाग कर रात गुजारी। एक दिन में कई घंटे बिजली गुल होना आम बात हो गया है। कर्मचारियों ने बताया कि गर्मी में लोड व फाल्ट के कारण बिजली कट हो जाती है। प्रशान्त वार्ष्णेय ने कहा कि नगर बबराला, गुन्नौर व देहात क्षेत्र में बिजली कटौती व रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते हैं। बिजली की आंख मिचोली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राजवीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी इसका कोई समय सारणी ही नहीं है। निहाल सलमानी ने कहा कि बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई धयान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। सुमित वार्ष्णेय ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी बढ़ गई है। जबकि बिजली का आना जाना लगा रहता है।

## दिन दहाड़े दुकान से डेढ़ लाख की नकदी चोरी

शाह टाइम्स ब्यूरो


**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के खिरनी पुलिस चौकी के नजदीक समरसेबल की दुकान से दिनदहाड़े लाखों रुपए की चोरी कर ली गई। दुकान संचालक शुक्रवार दोपहर के समय सौंधन में नमाज अदा करने गया था। लौट कर देखा तो सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था।

थाना क्षेत्र के खिरनी गांव निवासी अलाउद्दीन पुत्र मुंशी की खिरनी पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर अपने घर में ही समरसेबल की दुकान है। बीते शुक्रवार दोपहर को अलाउद्दीन अपने भतीजे सलमान के साथ सौंधन मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए गए थे। जैसे ही दोपहर बाद वापस पहुंचे तो कमरे में सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था तथा संदूक का ताला भी टूटा हुआ था। खोल कर देखा तो उसमें रखी 1. 50 लाख रुपए की नकदी गायब थी। घटना के बाद मौके पर ग्रामीण भी एकत्रित हो गए तथा सूचना पर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# छठे नदी महोत्सव के सेशन की अध्यक्षता करेंगे डा. हरीश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा 26 सितंबर को आयोजित होने वाले छठे नदी महोत्सव के सेशन की अध्यक्षता डा. हरीश यादव करेंगे।



कार्यक्रम नदी महोत्सव की कमेटी के अनुसार डा. हरीश यादव की विशेषज्ञता व विद्वता को देखते हुए कमेटी ने उनके नाम को इस सेशन की अध्यक्षता के लिए चुना है ताकि वह मार्गदर्शन दे सकें। नदी महोत्सव की थीम विज्ञान और नदियां। डा. हरीश यादव मूलत न्यौरा के रहने वाले हैं।वह भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में सहायक निदेशक के पद पर तैनात है। इन्होंने सरकारी सेवा के अतिरिक्त नदी संरक्षण पर भी काफी बड़ा काम किया है। इन्होंने जल राशियों और नदी संरक्षण के डाटा बेस को लागू करवाया। सम्भल की महावा नदी के संरक्षण पर भी इनका कार्य प्रसिद्व है। अंतर्राष्ट्रीय रिवर फाउंडेशन ने पर्यावरण संबंधी कार्य के लिए इन्हें पुरस्कृत भी किया है।

# बिना बुलडोजर जस्टिस के बसपा नेता को 20 साल बाद मिली भूमि

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बीस साल से जमीन पाने को भागदौड़ कर रहे बसपा नेता को योगी सरकार में कब्ज़ा मिल सका। पुलिस और राजस्व विभाग टीम कब्ज़ा दिलाने पहुंची मगर दोनों ने आपसी समझौता कर लिया। छोटे-छोटे मामलों में बुल्डोजर जस्टिस गरजाने वाली राजस्व टीम मौके से वापस आ गयी।

नगर के गवां मार्ग चौधरी सराय निवासी बसपा नेता हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा की लगभग 2200 गज ज़मीन पड़ोस में स्थित उवैस कोल्ड स्टोरेज में आ रही थी। जिसे पाने के लिए वह लगातार प्रयास कर रहे थे, लेकिन जमीन पर कब्ज़ा मिल नहीं पा रहा था। प्रदेश सरकार में चल रहे बुल्डोजर जस्टिस के चलते बसपा नेता ने मल्ली सराय स्थित अपनी भूमि पाने को शासन-प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचायी। इसकी शिकायत शासन स्तर की गयी। तत्पश्चात प्रशासन हरकत में आ गया। बसपा नेता को



जमीन पर कब्ज़ा दिलाने को तहसीलदार ने नायब तहसीलदार भूड़ अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में चन्द्रपाल सिंह राजस्व निरीक्षक गुमसानी, मुकेश कुमार लेखपाल, लेखपाल राहुल कुमार धारीवाल, लेखपाल ज्ञानेश कुमार की पांच सदस्यीय टीम का का गठन किया गया। शनिवार को राजस्व विभाग की टीम चौकी पुलिस के साथ कब्ज़ा व नापतौल कराने पहुंची। टीम के मौके पर पहुंचते मूल भूमि के स्थान पर दूसरे पक्ष की ओर से कोल्ड स्टोरेज की बाउंड्री के बराबर स्थित भूमि लेने का प्रस्ताव रखा। जिस पर बसपा नेता ने अपनी रज़ामंदी दे दी। दोनों पक्षों में आपसी सहमति के आधार पर बिल बुल्डोजर जस्टिस के बसपा नेता ने राजस्व विभाग की टीम और पुलिस की मौजूदगी में उवैस कोल्ड स्टोरेज के निकट स्थित बाउंड्रीवाल वाली 1500 मीटर जमीन पर कब्ज़ा ले लिया।

## शासन-प्रशासन की सख्ती से वापस मिली भूमि: छिद्दा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बुल्डोजर जस्टिस को लेकर विपक्ष भले ही प्रशासन पर आरोपों की बौछार करता हो लेकिन अवैध कब्ज़ों से भूमि को मुक्त कराने की बसपा नेता भी प्रशंसा करते थक नहीं रहे हैं। तीन बार विस चुनाव लड़ चुके हैं। उवैस कोल्ड स्टोरेज में उनकी भूमि निकल रही थी। जिसे पाने के लिए वह कब्जा वापस मिलने के बाद बसपा नेता हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा ने कहा कि वह 20 साल से जमीन हासिल करने की लड़ाई लड़ रहा था, लेकिन प्रशासन की सख्ती के बाद उन्हे अब जाकर न्याय मिल सका है। उन्होने स्थाानीय व जिला प्रशासन की प्रशंसा की साथ कहा कि जिस तरह प्रशासन बसपा सरकार में काम करता था वैसा ही आज कर रहा है।



सम्भल-धर्म स्थलों को हटाने का ग्रामीणों को निर्देश देते तहसीलदार।

## अब रायां बुजुर्ग और सलेमपुर सलार में धर्म स्थलों पर पड़ी राजस्व विभाग ने तरेरी नज़र

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सरकारी भूमियों पर बने कई धर्मस्थलों को छोड़कर अब राजस्व प्रशासन की नज़र बरसों पुरानी बनी एक समुदाय के धर्म स्थल पर पड़ गयी है। टीम के साथ पहुंचे तहसीलदार ने मदरसा और मस्जिद को सरकारी भूमि बनी होने की बताकर लाल निशाल लगाए जबकि स्वयं न हटाने पर बुल्डोजर जस्टिस की कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

सर्वोच्च न्यायालय के सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत रूप से बने धर्म स्थलों के निर्माण और उन्हे हटाने के दिशा-निर्देश जारी किये गये, लेकिन इसके बावजूद कई सरकारी भूमियों और सार्वजनिक स्थानों पर धर्म स्थलों का निर्माण करा दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय की अंदेखी से आज भी समुदाय विशेष के धर्म स्थल मौजूद हैं। शनिवार को तसीलदार धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में राजस्व प्रशासन ने असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम राया बुजुर्ग और सलेमपुर सालार उर्फ हाजीपुर में ग्राम समाज और तालाब की भूमि पर मस्जिद व मदरसा और ग्रामीणों के घर बने होने की जानकारी देकर टीम ने लाल निशान लगाए और अवैध कब्ज़ा 20 सितंबर तक स्वयं कब्जे हटाने का निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया कि काफी समय पहले उक्त कब्जे दारों के खिलाफ शिकायत मिली थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए विभागीय जांच करने के बात पता चला कि शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत सही पाई गई। उपरोक्त लोगों से स्वयं कब्जे हटाने को कहा गया अन्यथा राजस्व विभाग की टीम अवैध कब्जे को हटवाएगा। दोनों गांवो में राजस्व विभाग की कार्यवाही से हड़कंप मच गया।

## हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नगर के बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल संभल में हिंदी दिवस के अवसर पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा 6 के छात्राओं ने कविता लेखन कक्षा 7 के साथ छात्राओं ने वाक्य पोस्ट और कक्षा 8 के छात्राओं ने महान व्यक्तियों के रंगीन चित्रांकन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रातः काल की सभा में विद्यालय की हेड गर्ल कुमारी नया गोल हेड वॉच अवधेश तथा सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने हिंदी दिवस पर अपने विचारों को प्रस्तुत कर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में कृतिका देश कुमारी जय श्री रहे। निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार कविता लेखन में कक्षा 6 की रितिका प्रथम कुमारी पूर्णिमा का द्वितीय कुमारी भावना तृतीय स्थान पर रहे।

# वादकारियों का हित सर्वोपरि: जिला जज

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि जिला जज व विशिष्ट अतिथि अपर जिला जज अवधेश रहे।

तहसील सभागार में हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, महासचिव सुरेशचन्द्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूदेव सिंह, कोषाध्यक्ष चंद्रभान सिंह पाल व अन्य पदाधिकारियों अशोक कुमार, नरेश पाल, मंजू लता, मुनेश और मोनू शर्मा, रामवीर सिंह, सोनू कुमार जुगेंद्र सिंह, अजय यादव, शीलेन्द्र यादव, श्रृषिपाल सिंह, राहुल पाल, धर्मपाल, राम अवतार ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जज दुर्ग नारायण सिंह ने कहा कि वकीलों



बबराला- बार वेल्फेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराते जिला जज।

का हित वादकारियों के हित में निहित है। पीड़ित दुखी को त्वरित न्याय मिले। वकील वादकारियों के विश्वास को जाग्रत करें। उनके वाद का फैसला जल्द होगा। वकीलों का हित वादकारियों के हितों से जुड़ा है, इसलिए हमें उनके हित को धयान रखकर कार्य को अंजाम देना होगा। विशिष्ठ अतिथि अपर जिला जज अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों व वकीलों को वादकारियों के हितों में काम करते हुए उन्हें न्याय दिलाना है। हम सभी के लिए वादकारियों को न्याय दिलाने के सदैव तत्पर रहना चाहिए। सिविल जज गुन्नौर नाजिम अकबर ने कहा कि हम सभी को मिलकर जनता को न्याय दिलाने के लिए काम करना है। पुराने केस निस्तारित हो रहे हैं। बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने कहा कि अधिवक्ता हमारे लिए सर्वोपरि है। इसके लिए हम न्यायिक अधिकारियों के साथ मिलकर अधिवक्ता हित में काम करेंगे। इस दौरान सब रजिस्टार नरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, धनेश चन्द्र गौड़, श्रीकृष्ण भारद्वाज नाजिम अली, राजेन्द्र सिंह, अजयपाल गुप्ता, बीरेश यादव, अब्दील सलीम, भगत सिंह, निखिल, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# चौराहे पर फैले अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने वालों पर चौराहे के चौड़ीकरण और सौन्दर्यकरण कोर बुल्डोजर जस्टिस गरजा। टीम के साथ पहुंची जेसीबी ने सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया।

सौंधन मुख्य चौराहे पर अतिक्रमण के चलते आवागमन बाधित रहता है। शुक्रवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार के दिन अधिक भीड़ होने के चलते निकलना मुश्किल हो जाता है। जहां वाहन जाम में फंस जाते हैं। जाम से निजात दिलाने के लिए मुख्य चौराहे के चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा बीते दिनों दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। जिससे कि जल्द ही अतिक्रमण हटाकर चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया जा सके। बीते दिनों दुकानदारों ने भी कुछ अतिक्रमण हटाना स्वयं शुरू कर दिया था। बीते दिनों हाइड्रो मशीन द्वारा अतिक्रमण की जद में आ रहे खोखे को हटाया गया था। शनिवार को फिर जेसीबी के जरिए अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया। चौराहे से अतिक्रमण हटाने के बाद वाहन चालकों को राहत मिलेगी तो वही लोगों को जाम से भी राहत मिलेगी।

# आवारा कुत्ते ने मासूम बच्ची पर हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है, ऐसे ही मामला सामने आया है जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र में, जहां घर में घुसकर एक मासूम बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। बच्ची की चीख पुकार सुन किसी तरह परिवार के लोगों ने बच्ची को कुत्ते के चंगुल से बचाया और उसे आनन फानन में भोजपुर के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गम्भीर देख उसे बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जहां बच्ची का उपचार चल रहा है। बता दे की भोजपुर थाना क्षेत्र के



गांव वाजिदपुर का रहने वाला उस्मान खेती-बाड़ी करता है। उसकी 2 साल की बच्ची सोफिया घर के आंगन में खेल रही थी, इसी दौरान एक आवारा कुत्ता घर में घुस गया और मासूम बच्ची सोफिया पर हमला कर बच्ची को बुरी तरह से घायल कर दिया। बच्ची कि चीख पुकार सुन परिवार के लोग जब आंगन में आए तो वह दंग रह गए। उन्होंने किसी तरह कुत्ते के चंगुल से बच्ची को बचाया और घायल हालत में लेकर भोजपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचे।

जहां चिकित्सकों ने बच्ची को प्राथमिक उपचार प्रदान कर उसे बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बच्ची के ताऊ यूनुस ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में आवारा कुत्तों का काफी आतंक है।

आए दिन यह कुत्ते किसी न किसी पर हमला कर उसे घायल कर देते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आवारा कुत्तों से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

## मेले में उमड़ रही दर्शकों की भीड़

**चन्दौसी।** अपने अंतिम पड़ाव पर मेला पूरे यौवन पर है। दर्शकों की लगातार बड़ रही है। मेला कमेटी व दुक. ानदार प्रसन्न हैं। लोग मेले में जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों की बल्ले-बल्ले है। फिलहाल मेला अंतिम पड़ाव पर जाने के बाद भी इतनी भीड़ उमड रही है कि मेला ग्राउंड छोटा लगने लगा है और सच्चाई भी है। आसपास ग्रामीण क्षेत्र व चन्दौसी की जनसंख्या तुलना में मेला ग्राउंड बहुत छोटा है। रात्रि 09 से 12 बजे के बीच इतनी भीड़ हो जाती है कि मेले में पैर रखने की जगह नहीं रहती। वहीं हवाई झूलों पर इतनी भीड़ रही कि लोगों को झूलों पर पहुंचने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। यहां बताते चलें कि बच्चे व बड़े सभी लोग झूला झूलना चाहते हैं। जहां मेले में जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते हैं तो वहीं रंगमंच पर प्रस्तुति देते हैं। बड़े-बड़े हवाई झूले दर्शकों को बर्बस अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

फिलहाल पुलिसकर्मी भी अपने जानकारों व परिवार जनों को झूला झुलाने के लिए मशक्कत करते नजर आते हैं। कोई पास का सहारा लेता है तो कोई पुलिसकर्मियों से पहचान का। फिलहाल मेला में भारी उमड़ रही है।

# ऑडिट के नाम पर उत्पीड़न करने का लगाया आरोप

### ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति की आयोजित हुई बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ग्राम विकास अधिकारी/ ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति की बैठक का आयोजन शनिवार को विकासखंड मुरादाबाद के सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने की एवं संचालन आमोद चौहान के द्वारा किया गया।बैठक में वक्ताओं द्वारा कहा गया कि जनपद स्तर एवं मंडल स्तर के ऑडिट अधिकारी एवं ऑडिटर सचिवों का शोषण कर रहे हैं।

ऑडिटर जानबूझकर ग्राम पंचायत के अभिलेखों में कमियां निकालते हैं, कमियां दिखाकर प्रधान एवं सचिव को डराया धमकाया जाता है। जबकि वास्तविकता यह है कि प्रधान व सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में सभी निर्माण कार्य कराए जाते हैं, जिसकी पुष्टि अवर अभियंता अपनी माप पुस्तिका में तथा विकासखंड के



अधिकारी अपने भौतिक सत्यापन में करते हैं, इसके बावजूद भी ऑडिटर अभिलेखों में कमियां बताकर सचिव व प्रधान को भयभीत करते हैं, जिससे ऑडिट अधिकारियों की मनमर्जी चल सके।मनरेगा ऑडिट के संबंध में स्पष्ट शासन आदेश न होने के बावजूद भी ऑडिट कर अधिकार निकाले जा रहे हैं। अधिकार में कार्यक्रम अधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर तथा लेखाकार को भी अधिकार में शामिल किया जाए।वहीं बैठक में ग्राम विकास अधिकारियों का वाहन भत्ता शासन आदेश के अनुरूप दिलाए जाने की मांग भी उठाई गई। बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सागर, आमोद चौहान, कुल गौरव चौहान, सुशील यादव,सूरज नायक, रविंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमित गुप्ता, जयपाल सिंह, विनय आशीष, प्रदीप राठी,लोकेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले में कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज, चार गिरफ्तार



**कांठ।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी में पुराने मकान को लेकर विवाद हो गया इसमें हुए जानलेवा हमले में महिला घायल हो गई पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कई के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिनमें से चार को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है। गढ़ी निवासी मुस्तकीम पुत्र वजीर अहमद का कहना था कि वह अपना पुराना मकान तोड़कर नया मकान बनाने की तैयारी कर रहा था दोपहर 12:00 बजे मुन्ना पुत्र बजीर आजम पुत्र मुन्ना वसीम पुत्र अब्दुल गफ्फार नफीस पुत्र अब्दुल गफ्फार इमरान अहमद पुत्र तस्लीम सलमा पत्नी तस्लीम आसमा पत्नी नईम आए और गाली गलौज करनी शुरू कर दी। इसका विरोध किया तो इन्होंने लाठी डंडे और चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। पुत्री कासमा ने विरोध किया तो आजम ने चाकू से उस पर हमला किया जिससे उसके सिर व गले पर काफी चोट आई।

पीड़ित थाने पहुंचे और हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई पुलिस ने मुन्ना पुत्र वजीर वसीम पुत्र अब्दुल गफ्फार इमरान अहमद पुत्र तसलीम और आजम पुत्र मुन्ना को गिरफ्तार कर चालान किया है।

# आरएसएस की स्थापना को 100 वर्ष पूर्ण

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर वर्षभर चलेंगे विशेष कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी विजया दशमी 2 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर संघ द्वारा वर्षभर विविध आयोजन किए जाएंगे। बुद्धि विहार स्थित माला निकेतन में आयोजित एक संक्षिप्त वार्ता को संबोधित करते हुए मेरठ प्रान्त के प्रान्त प्रचार प्रमुख सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि संघ अपने स्थापना शताब्दी वर्ष को विशेष रूप से समाज के हर वर्ग की सहभागिता के साथ मनाएगा। इसके लिए सात प्रमुख कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया है, जो विजयादशमी 2025 से प्रारंभ होकर विजयादशमी 2026 तक संचा. लित होंगे। ये सात प्रमुख कार्यक्रम होंगे-विजयादशमी उत्सव, गृह सम्पर्क अभियान, हिन्दू सम्मेलन, प्रमुख जन गोष्ठी, सामाजिक सद्भाव बैठक, युवाओं के कार्यक्रम, अधिकतम स्थानों पर शाखा। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को किसी न





किसी रूप में जोड़ना है, ताकि सामा. जिक समरसता, राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक चेतना का व्यापक प्रसार हो सके। प्रान्त प्रचार प्रमुख ने बताया कि संघ संस्थापक परम पूजनीय डॉक्टर हेडगेवार का संदेश लेकर स्वयंसेवक घर-घर पहुंचेंगे। इसी के साथ यह भी स्मरणीय है कि विजयादशमी 1925 के दिन ही संघ की स्थापना हुई थी, इसलिए यह दिन संघ के लिए अत्यंत पावन और ऐतिहासिक है। इस अवसर पर आयोजित बैठक में विभाग प्रचारक प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन, क्षेत्रीय टोली सदस्य एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. विशेष गुप्ता, महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी, हरिमोहन गुप्ता, राजेश तोमर, प्रशान्त भरद्वाज, मनोज रस्तोगी, दुष्यन्त बाबा सहित अनेक विचारक, साहित्यकार एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से यह संकल्प लिया कि शताब्दी वर्ष का यह उत्सव केवल औपचारिक न होकर समाज परिवर्तन का आधार बनेगा और इसमें युवाओं से लेकर महिलाएं वैचारिक रूप से जो भी सामाजिक संस्थान हमारे साथ हैं तथा सभी सामाजिक वर्ग सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

**एक नजर**

## थाना दिवसों का नहीं बढ़ रहा क्रेज, चंद लोग करा रहे हैं अपनी शिकायतें दर्ज



**कांठ।** सरकार की मनसा के अनुरूप थाना दिवसों का क्रेज नहीं बढ़ पा रहा है चंद लोग ही अपनी शिकायतें दर्ज करा कर निस्तारण की उम्मीद रख रहे हैं बतादे की सरकार ने तहसील दिवसों के साथ-साथ माह में दो शनिवार को थाना दिवस का आयोजन करने के भी निर्देश दिए हैं जिसके क्रम में आज क्षेत्र के थाना छजलैट और कांठ में थाना समाधान दिवसों का आयोजन किया गया। इनमें लेखपाल कानून गो एवं पुलिस के अलावा अन्य किसी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति हर बार की तरह नगण्य रही चंद लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिनमें कुछ का मौके पर तो बाकी का सप्ताह भर में निस्तारण करने का भरोसा फरियादियों को दिया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लीव पेस्टिंग एक्टिविटी का आयोजन



**कांठ।** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांठ में कक्षा नर्सरी के छात्र -छात्राओं द्वारा लीव पेस्टिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया। जिसमे छात्रों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उप प्रधानाचार्य विवेक चौहान ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लीव पेस्टिंग एक्टिविटी एक रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधि है, जिसमें छात्र पत्तियों का उपयोग करके विभिन्न डिजाइन और चित्र बनाते हैं। यह गतिविधि न केवल उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देती है।

बल्कि उन्हें प्रकृति के करीब भी लाती है। इस प्रकार की गतिविधियों से छात्रों की रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति में वृद्धि होती है। यह गति. विधि छात्रों को प्रकृति के करीब लाती है और उन्हें पत्तियों की विविधता के बारे में जानने का अवसर प्रदान करती है।पत्तियों को चुनना, पकड़ना और चिपकाना छात्रों के हाथों और उंगलियों के मोटर कौशल को विकसित करने में मदद करता है।

स्कूलों में इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन छात्रों को सीखने के नए तरीके प्रदान करता है और उनकी समग्र विकास में मदद करता है। इस अवसर पर समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# एफआर इंटर कॉलेज में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज चन्दौसी में विद्यालय स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कक्षा 09, 10, 11 व 12 के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किये। जूनियर वर्ग में 80 विज्ञान मॉडल व सीनियर वर्ग में 11 मॉडल प्रदर्शित किए गए। विज्ञान मॉडल को जज करने के लिए एस.एम.कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. एस. के. अग्रवाल, संगीता भार्गव, अशफाक भारती एड. ने छात्र-छात्राओं के मॉडल को जांचा, परखा और जज किया। जूनियर वर्ग में कक्षा 10 के तौहीद आलम ने वॉटर इरिगेशन मॉडल बनाकर प्रथम पर रहे, कक्षा 10 के ही अहमद रजा, मोहम्मद अर्श, मोहम्मद हम्माद ने रोबोट मॉडल बनाकर द्वितीय स्थान हासिल किया, इसी वर्ग के कक्षा 09 के छात्र मोहम्मद दानिश ने सेंसर टू प्रोटेक्ट क्लोथस फ्रॉम रेन मॉडल बनाकर तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में कक्षा 11 की छात्राएं शहरुन और नंदिनी ने फ्लोटिंग हाउस बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा



12 के शोएब, फरहान ,अयान ने मानव जीवन में विज्ञान का मॉडल बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 की विज्ञान छात्राएं राबिया और रिमशा मलिक ने हाइड्रोफोनिक्स फार्मिंग का मॉडल प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को विज्ञान में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए एस.एम. कॉलेज के विज्ञान प्रोफेसर डॉ0 एस.के. अग्रवाल ने कहा कि आज के छात्र-छात्राएं कल के वैज्ञानिक हैं, इनके बनाए गए खूबसूरत और नवाचार से भरपूर मॉडल विज्ञान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम है, आगे और कार्य करने की आवश्यकता है। विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाने में विद्यालय के विज्ञान अध्यापक शफीक मियां, मोहम्मद नाजिर, वाहिद हुसैन, जुबेर आलम, रिजवान अहमद खान, सलमान अहमद खान, मोहम्मद सुभान, अब्दुल शारिक ,मोहम्मद एजाज आदि का विशेष सहयोग रहा। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय का स्टाफ सैयद अली आसिम, वाजिद अली, हुमायूं शमसी, अख्तर अंसारी, मोहम्मद यामीन, गौस मोहम्मद, इकबाल अहमद, शाजिया खानम, शबनूर, खुशबू, नजमा आदि मौजूद रहे।

## जिला अध्यक्ष रहेंगे धनेंद्र शर्मा, समन्वय समिति ने कराया मनमुटाव खत्म

**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट में जिला अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे आपसी मनमुटाव का आज समिति ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठा कर निस्तारण कर दिया। भाकियू नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि टिकैट संगठन में जिला अध्यक्ष व अन्य किसान नेताओं में आपसी मतभेद चल रहा था जिसको देखते हुए एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे। लेकिन राष्ट्रीय नेतृत्व ने पांच सदस्य समिति बनाकर मुरादाबाद भेजी और आज दोनों पक्षों को बैठाकर मनमुटाव दूर किया गया। बताया गया कि जिला अध्यक्ष घनेंद्र शर्मा ही रहेंगे। समिति के समक्ष दोनों पक्षों ने एक साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। समिति में विजेंद्र सिंह यादव प्रदेश प्रमुख महासचिव प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश चौधरी शिशुपाल सिंह प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी मंडल अध्यक्ष सहारनपुर गुड्डू प्रधान मंडल अध्यक्ष मेरठ राहुल यादव प्रभारी बरेली रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नो सिंह चौधरी ऋषिपाल सिंह चौधरी सतबीर सिंह मान भयराज सिंह शुभम राठी गौरव तोमर पंकज चौधरी यशपाल सिंह धनेंद्र शर्मा ऋषभ चौधरी आशु बालियान अमित चौधरी सचिन आदि नेता भी इस वार्ता का हिस्सा बने।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेरनी में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ए.आर.पी. बनियाखेड़ा कविता शर्मा एवं ए. आर.पी. अंकित शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण न्याय पंचायत के विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंत में सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर नोडल संकुल प्रभारी मुहम्मद हफीज, अमित कुमार, अनुज सिंह, सुरीति देवी, प्रेमपाल, अरविन्द कुमार, हिमांशु वार्ष्णेय, स्वप्निल गुप्ता, अमन दीक्षित, जयप्रकाश यादव, विनीत कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।जूनियर स्तर में खो-खो बालिका वर्ग में बेरनी, कबड्डी बालिका वर्ग में बेरनी, लंबी कूद बालिका वर्ग में देवकी(बेरनी), ऊंची कूद बालिका वर्ग में दुर्गा (बेरनी), रेस 100 मी0 बालिका यामिनी (बेहटाखास), रेस 200 मी0 बालिका मधुबाला (बेरनी) विजयी रही। वहीं खो-खो बालक वर्ग में बेरनी, कबड्डी बालक वर्ग में बेरनी, लंबी कूद बालक वर्ग में विपिन (बेरनी), ऊंची कूद बालक वर्ग में अर्पित(बेरनी), रेस 100 मी0 बालक में अनुराज (बेरनी), रेस 200 मी0 बालक में विपिन (बेरनी) विजयी रहे।

साथ ही प्राइमरी स्तर में रेस 50 मी0 बालक वर्ग रवि (भगतपुर मिर्जा), रेस 100 मी0 बालक वर्ग में संजय (रतनपुर), लंबी कूद बालक वर्ग रवि (भगतपुर), खो-खो बालक वर्ग में बेरनी, कबड्डी बालक वर्ग में बेरनी, रेस 50 मी0 बालिका में कु. होशियार ( बेरनी), रेस 100 मी0 बालिका में पूजा यादव (बेरनी), लंबी कूद बालिका वर्ग में रूबी (बेहटाखास), खो-खो बालि. का वर्ग में बेरनी, कबड्डी बालिका वर्ग में बेरनी विजयी रहे।

## गणेश मेले में हुआ देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ के भूपाल रंगमंच पर श्रीवार्ष्णेय यूथ संगठन चन्दौसी के तत्वाधान में देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्धघाटन मुख्य अतिथि के रूप में शहीद प्रदीप यादव एवं शहीद मोहित राठौर के परिजनों ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने देशभक्ति पर आधारित एक से बढ़कर एक गीतों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। निर्णायक मंडल में डॉ कविता गुप्ता, हेमलता वार्ष्णेय एवं दीपांशी भारद्वाज रही तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ दुर्गा टंडन ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक अनुज वार्ष्णेय अन्नू, मयंक वार्ष्णेय, लकी वार्ष्णेय, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, अमित चौधरी, मंगतेश वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय सहित श्रीभूपाल विनायक गणेश मन्दिर ट्रस्ट एवं श्री गणेश मेला परिषद के पदाधिकारी एवं सहयोगी मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण शुक्ल को हिन्दी साहित्य गौरव सम्मान

### हिन्दी साहित्य संगम ने किया हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम द्वारा हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुरादाबाद के वरिष्ठ रचनाकार श्रीयुत श्रीकृष्ण शुक्ल को संस्था की ओर से शहिन्दी साहित्य गौरव सम्मानश से सम्मानित किया गया। दुष्यंत बाबा द्वारा प्रस्तुत माँ शारदे की वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदत्त द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि राजीव सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. चन्द्रभान सिंह उपस्थित रहे। सम्मानित रचनाकार श्रीयुत श्रीकृष्ण शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित आलेख का वाचन राजीव श्प्रखरश ने किया। प्रदत्त मानपत्र का वाचन योगेन्द्र वर्मा व्योम तथा कार्यक्रम का संच. ालन जितेन्द्र जौली द्वारा किया गया। सम्मान स्वरूप श्री शुक्ल को अंगवस्त्र, मानपत्र, प्रतीक चिह्न एवं श्रीफल प्रदान किए गए। रचना पाठ करते हुए श्रीकृष्ण शुक्ल ने कहा - सोच जरा क्या खोया तूने, सोच जरा क्या पाया। धन वैभव के ही चक्कर में, जीवन व्यर्थ गंवाया। अंतिम पल भी यह धन तेरे किंचित काम न आया। कार्यक्रम में वर्तमान में हिन्दी की स्थिति को लेकर विचार मंथन भी हुआ हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेश शदिवाकरश का कहना था कि आज हिन्दी की स्थिति पिछले वर्षों में निश्चित रूप से बेहतर हुई है तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर




पर हिन्दी के उत्थान हेतु सतत प्रयास जारी हैं। आशा की जाती है कि हिन्दी शीघ्र ही राष्ट्रभाषा घोषित होकर संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा अनुसूची में स्थान बनायेगी। ओंकार सिंह ओंकार के अनुसार षहिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर श्रीकृष्ण शुक्ल जी का सम्मान अत्यंत हर्ष का विषय है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।ष योगेन्द्र वर्मा व्योम के अनुसार -श्री शुक्ल जी का सम्मान हर उस व्यक्ति का सम्मान है जो संस्था के संस्थापक एवं हिन्दी के प्रति समर्पित रहे स्मृति शेष राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग जी के पदचिन्हों पर चलता है एवं उनके द्वारा स्थापित साहित्यिक मूल्यों में आस्था रखता है। कार्यक्रम में राजीव श्प्रखरश, हरि प्रकाश शर्मा, दुष्यंत बाबा, नकुल त्यागी, योगेन्द्र वर्मा व्योम, कमल शर्मा, समीर तिवारी, डॉ महेश शदिवाकरश, डॉ. मनोज रस्तोगी, डॉ. कृष्ण कुमार नाज, रघुराज सिंह निश्चल, ओंकार सिंह ओंकार, आवरण अग्रवाल, रवि चतुर्वेदी, विवेक निर्मल आदि साहित्यकार उपस्थित रहे एवं श्रीकृष्ण शुक्ल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी की स्थिति पर विचार किया। नकुल त्यागी द्वारा आभार अभिव्यक्ति के साथ कार्यक्रम विश्राम पर पहुँचा।

## बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का समापन



**कांठ।** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ में तीन दिनों से चल रहे स्काउट गाइड कैंप का आज समापन किया गया। स्काउट गाइड प्रशिक्षक शिवम कुमार ने छात्राओं को ध्वजारोहण करना स्काउट गाइड नियम गाइड प्रार्थना झंडा गीत गाइड प्रतिज्ञा गांठबंधन टोली विधि प्राथमिक चिकित्सा कैंप फायर टेंट लगाना आदि विधाओं की जानकारी उपलब्ध कराई। सहायक प्रशिक्षक के रूप में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती नीरज यादव ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग किया।

समस्त गाइड छात्राओं के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजना शर्मा ने कहा की गाइड प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है छात्राओं में साहस अनुशासन एवं टीम भावना का विकास होता है छात्राओं ने टेंट निर्माण में सुंदर और छोटे टेंट लगाए टेंट में टोली नंबर 6 झांसी की रानी टोली नायक कामिनी एवं आलिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टोली नंबर 9 रानी लक्ष्मीबाई टोली नायक अंशिका और इसीका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया टोली नंबर 3 मणिकर्णिका जिसकी नायक आलिया नूर एवं तस्मिया थी इन्होंने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सहयोग विद्यालय के समस्त स्टाफ का रहा।

# गो हत्या के फरार आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर साधु संत व अन्य संगठनों के लोग भड़के



**ठाकुरद्वारा।** चेतावनी के बाद भी गो हत्या के मामले में फरार चल रहे जिला पंचायत सदस्य की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी न होने पर क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता व साधु संत भारी संख्या में पुलिस के विरुद्ध पैदल पद यात्रा निकालने के लिए शिव नगर पत्थरखेड़ा स्थित शिव मंदिर पर भारी संख्या में मंदिर के महंत बच्चा बाबा के नेतृत्व में भारी संख्या में एकत्र हुए। इसकी सूचना प्रशासन को पहले ही दे दी गई थी। जैसे ही प्रशासन को भारी संख्या में एकत्र होने की सूचना मिली तब पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी व पुलिस प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल भारी पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर में पहुंचे । वहां पर मौजूद विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं व साधु संतों से अनुरोध किया की वह पदयात्रा न निकाले । लेकिन साधु संत पदयात्रा निकलने पर आ गए । जिसको लेकर साधु संतों ब संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि स्थानीय पुलिस द्वारा इसमें लापरवाही बढ़ती गई है एक मुख्य आरोपी को छोड़कर सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लेकिन इसमें लगातार पुलिस द्वारा लापरवाही बरती जा रही है एक सप्ताह पूर्व कोतवाली में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता व साधु संतों ने कोतवाली प्रभारी से मिलकर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की चेतावनी दी थी। एक सप्ताह के भीतर अगर गिरफ्तारी नए हुई तो तब क्षेत्र के तमाम संगठनों के लोग व साधु संत शिव नगर पत्थर खेड़ा स्थित शिव मंदिर पर एकत्र होकर पुलिस की विरुद्ध पदयात्रा निकालेंगे। इसके बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन चुपचाप बैठा रहा । तमाम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से स्थानीय पुलिस प्रशासन पर नाराजगी जताई। भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से वार्ता की उन्होंने आश्वासन दिया कि रविवार की शाम तक गो हत्या के मामले में फरार चल रहे जिला पंचायत सदस्य जरिफ मलिक को गिरफ्तार कर लेंगें। कई घंटे वार्ता चलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए आश्वासन पर साधु संतों ने अपनी पदयात्रा स्थगित कर दी इस दौरान शिव मंदिर के पुजारी बच्चा बाबा बैजनाथपुर शिव मंदिर के योगी परमनाथ, सेमहंत रवि नाथ , लोगी कला स्थित शिव मंदि. रके महंत अनिल नाथ बाबा माही दास , जगदीश सक्सेना, विश्व हिंदू परिषद के पंकज पाल , जिला सह मंत्री सुभाष सिंह , आकाश कुमार, कमल अवतार राणा, रवि सैनी ,सुनील कुमार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता क्षेत्र के हजारों लोग मौके पर मौजूद रहे। साथ ही चेतावनी दी कि यदि रविवार की शाम तक मुख्य आरोपी गिरफ्तारी नहीं हुई तब जनपद मुरादाबाद के साधु संत विभिन्न संगठन के कार्यकर्ता सड़कों पर उतारकर पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन करेंगे।

## मोबाइल टावर पर चढ़कर युवक ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा

**ठाकुरद्वारा।** नगर में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक नशेड़ी युवक मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा करने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों मशक्कत कर युवक को समझा-बुझाकर नीचे उतारा, लेकिन पुलिस को चकमा देकर वह मौके से फरार हो गया। नगर में सुबह नगर के शगुन तिराहे के पास एक कंपनी के मोबाइल टावर पर युवक चढ़ गया।

उसकी हरकतों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। स्थानीय नागरिकों की सूचना पर पुलिस टीम भी पहुंच गई और युवक को नीचे उतारने का प्रयास शुरू कर दिया कई घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस उसे नीचे उतारने में सफल रही, लेकिन तभी युवक मौका पाकर पुलिस को चकमा देकर भाग खड़ा हुआ।

## एक नजर

### सहकारी गन्ना विकास समिति की बैठक में बकाया गन्ना मूल्य भुगतान का मुद्दा छाया



**बिलारी।** सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन सिरोही बैंकट हॉल में किया गया जिसमें प्रमुख मुद्दा किसानों का बकाया गन्ना मूल्य साढ़े पैंतीस करोड़ के भुगतान का मुद्दा छाया रहा। इसको लेकर किसानों ने हंगामा काटा और मिल प्रबंधन पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया। सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष चौधरी विजय सिंह ने तथा संचालन गन्ना समिति के सचिव आरके पाठक ने किया। बैठक में संबंधित चीनी मिलों के अधिकारियों ने अपनी क्रय केंद्रों संबंधी मांग रखी। मौजूद गन्ना किसानों ने कहा कि पहले हमारे गन्ने का भुगतान दिलवाया जाए तभी हम गन्ना आपूर्ति करेंगे। कुछ मिलों द्वारा बकाया भुगतान कर दिया गया है। समिति समिति चौधरी विजयपाल सिंह ने भी कड़ाई के साथ बकाया भुगतान की बात रखी तब श्री लक्ष्मी शुगर मिल के महाप्रबंधक ने कहा कि हम हर संभव 31 अक्टूबर तक बकाया भुगतान किसानों को कर देंगे। समिति सचिव ने सदन के समक्ष समिति के संतुलन पत्र का ब्यौरा रखा जिसमें चालू वर्ष में एक करोड़ 52 लाख 49 हजार 724 का लाभ तथा समिति का कुल लाभ 19 करोड़ 80 लाख बताया जिस पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में किसानों ने यह मांग भी उठाई की बिलारी समिति के 16 गांव संभल जिले में हैं जिन्हें गन्ना विकास संबंधी अनुदान नहीं मिल पा रहा है अनुदान जिले की बजाय समिति वार मिलना चाहिए। इस पर सभापति ने कहा कि हमने इस मांग को लेकर गन्ना मंत्री को ज्ञापन दे रखा है जिस पर उन्होंने समाधान करने का आश्वासन दिया है। बैठक में उपसभापति आराम सिंह यादव, राजवीर सिंह, राम औतार सिंह यादव, अमित कुमार यादव,नरेश कुमार सिंह, ठाकुर अनीश कुमार,अतर सिंह, कुसुम देवी, उदयवीर सिंह, अमित कुमार, भाकियू असली अराजनीतिक के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी महक सिंह, भाकियू नेता विक्की चौधरी, उदयपाल सिंह, सूरज सिंह, आशु चौधरी, भयराज सिंह समेत सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

### मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में बिलारी से हरिद्वार के लिए रवाना हुई सद्भावना साइकिल यात्रा



**बिलारी।** सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति तत्वावधान में सबेरे 9 बजे पौड़ा खेड़ा मंदिर से सद्भावना साइकिल यात्रा का शुभारम्भ हुआ। यात्रा को भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजीव सैनी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष आनंदी प्रजा. पति, अभिषेक जैन व देशराज प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शनिवार को यह यात्रा बिलारी से शुरू होकर सम्भल, अमरोहा, बिजनौर और नजीबाबाद मार्ग से गुजरेगी तथा विभिन्न स्थानों पर सद्भावना सत्संग शिविरों का आयोजन करेगी। 20 सितम्बर को यह यात्रा हरिद्वार स्थित प्रेमनगर आश्रम पहुँचेगी। जहां 20-21 सितम्बर को विशाल सद्भावना सम्मेलन का आयोजन होगा। इस अवसर पर परमपूज्य सतपाल महाराज एवं परमपूज्या अमृता माता अपने दिव्य प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्रदान करेंगे। इस दौरान सद्भावना यात्रा में आनंदी प्रजापति, विकास गुप्ता ,अभिषेक जैन, डॉ राजीव सैनी, रामपाल सिंह, देशराज सिंह, जबर सिंह, चंद्रावती, इमरती, रामेश्वरी, राजवती ,बसंती देवी, कमलेश, उषा देवी, इत्यादि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### युवती को बहला-फुसला कर ले जाने का लगाया आरोप

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपने ही गांव की एक युवती पर अपनी पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही गांव की एक युवती पर अपनी पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगा कर पुलिस को तहरीर दे कर अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। बताया जाता है आरोपित युवती भी कुछ दिन पूर्व अपने प्रेमी के साथ चली गयी थी।

### जेएलएम इंटर कॉलेज के पास बनेगा नया रावण दहन स्थल

**कुन्दरकी।** नगर के जेएलएम इंटर कॉलेज के समीप स्थित खेल के मैदान का जल्द ही सौंदर्यकरण कराया जाएगा। इस मैदान को स्थायी रूप से रावण दहन स्थल के रूप में भी इस्तेमाल किया जाएगा। नगर में अब तक रावण दहन परंपरागत रूप से उस स्थान पर होता था, जो वर्षों से ष्रावण वाला खेतष नाम से मशहूर रहा है। लेकिन बीते कुछ सालों में उस जमीन पर स्थानीय व्यक्ति ने मालि. काना हक जताते हुए कोर्ट का सहारा लिया। अदालत के आदेश के बाद वहां रावण दहन पर रोक लग गई। प्रशासन ने अस्थायी तौर पर वैकल्पिक व्यवस्था तो की, लेकिन बाद में स्थायी स्थल के रूप में जेएलएम इंटर कॉलेज के पास खाली पड़ी भूमि का चयन कर लिया। रखा जाएगा। अब नगर दशहरा उत्सव सुचारु रूप से मन सकेगा और साथ ही नगर को एक व्यवस्थित खेल मैदान भी मिलेगा।

### गांधी स्मारक महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार

**सुरजननगर।** गाधी स्मारक महाविद्यालय सुजननगर जयनगर में आज एक सेमिनार आयोजित की गयी। जिसमें आज के विषय ष्डिजीटल युग में साक्षारता को बढ़ावा देनाष् में विभिन्न छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर छात्र ने उत्साह के साथ भाग लिया जिसमे मुख्य अतिथी डा० भूपेन्द्र सिहं ने छात्रों का सम्बोधन किया। इस मौके पर डा० ओमप्रका सिंह प्रकाश डा० एस० पी० शर्मा, डा० सजय डा० रमेश सिंह, परवेन्द्र कुमार, श संजीद पूजा सिह आदि उपस्थित हुए, छात्र छात्रा में कनिश, वंशिका, सोनू, विकास दानिश आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत 809 वादों का कांठ ग्रामीण न्यायालय में निस्तारण कर 12 हजार 250 जुर्माना वसूला




**कांठ।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज कांठ के ग्रामीण न्यायालय में किया गया। जिसमें दीवानी वाद के 26 एवं अन्य के 4, आईपीसी एक्ट के 800, जुआ अधिनियम के 5 और आवकारी एक्ट के 35 कुल मिलाकर 870 मुकदमे निस्तारण के लिए लगाए गए थे। इनमें दीवानी का 1 अन्य के 2, आईपीसी के 785, जुआ अधिनियम के 2 आवकारी के 19 कुल मिलाकर 809 वादों का निस्तारण कर दिया गया। जिनमे दीवानी एवं अन्य केस से 2300, आईपीसी से 7850 रुपए जुआ अधिनियम से 100 आवकारी से 2000 कुल 12250 जुर्माना वसूला गया। माननीय न्यायाधीश कुंवर सूर्य सेन सिंह ने कहा कि इस तरह के लोक अदालतों के माध्यम से लोगों को चल रहे मुकदमों की भाग दौड़ से निजाद मिल जाती है। वादकारियों ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत को आम जनता के लिए अच्छा कदम बताया। इस मामले को लेकर ग्रामीण न्यायालय में काफी भीड़ रही।

## शॉर्टहैंड सेंटर संचालक पर छात्र से मारपीट व ठगी का आरोप तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** शॉर्टहैंड सीखने आए युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर सेंटर संचालक पर 20 हजार रुपये हड़पने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। उत्तराखंड के जिला हरिद्वार के ग्राम वघेड़ी महावतपुर रुड़की निवासी वाजिद पुत्र इदरीश अहमद ने आरोप लगाया कि वह शॉर्टहैंड सीखने के लिए नगर के एक शॉर्टहैंड सेंटर, आया था। सेंटर संचालक ने 30 हजार रुपये में कोर्स पूरा कराने का ठेका लिया। इस पर उसने 20 हजार रुपये एडवांस दे दिए। पीड़ित का कहना है कि कोचिंग संचालक ने बकाया राशि मांगी तो उसने कहा कि कोर्स पूरा होने के बाद शेष भुगतान कर देगा। इतना सुनते ही संचालक भड़क गया और अपने साथियों अन्य दो साथियों के साथ मिलकर उसकी डंडों से पिटाई कर दी। आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।वाजिद ने बताया कि वह आंखों से विकलांग है। इसके बावजूद आरोपियों ने उसकी आंखों पर वार किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और आंखों से दिखाई देना कम हो गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कोचिंग संचालक व उसके दो साथियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए जमा कराए गए रुपये वापस दिलाए जाएं या कोर्स पूरा कराया जाने की मांग की है।

## जमीन पर कब्जे को लेकर मारपीट ग्रामीणों ने पुलिस को दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम उस्मानपुर में जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उस्मानपुर निवासी ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गाटा संख्या 89, रकबा 0.053 हेक्टेयर भूमि उनकी पैतृक संपत्ति है। इस जमीन की पैमाइश 28 अगस्त को राजस्व टीम की मौजूदगी में तहसीलदार ने कराई थी, जिसमें स्पष्ट हुआ कि जमीन उन्हीं की है। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष दबंगई करके कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शनिवार को करीब साढ़े 11 बजे विपक्षी पक्ष निर्माण सामग्री लेकर जमीन पर पहुंचा और जब उन्होंने रोकने की कोशिश की तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों का कहना है कि वे वर्षों से इस भूमि पर काबिज हैं, लेकिन विपक्षी पक्ष जबरन निर्माण कर विवाद खड़ा करना चाहता है।ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि विपक्षी पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कब्जे की कार्रवाई रोकी जाए और पैमाइश के अनुसार उन्हें न्याय दिलाया जाए। इस दौरान पाकेश कुमार, छत्रपाल सिंह, आनन्द सिंह, राजेश सिंह, मुन्ना सिंह, सुदेश सिंह, वत्तु सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## देशभर के पत्रकारों की आवाज और बुलंद करने व पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने का लिया संकल्प

### आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय कार्यकारणी के चुनाव के लिए संतोष कुमार चतुर्वेदी को किया गया चुनाव अधिकारी नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/जोधपुर।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन समारोह राजस्थान सरकार के मंत्री के. के. बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की तरफ से मोहम्मद जान तुर्की ने अपने साथियों के साथ मिलकर मुरादाबाद निर्मित स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित किया। इस अधिवेशन में देश के 15 राज्यों से आए 600 से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में विविधता और ऊर्जा का संचार हुआ। इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने गए आई० एफ० डब्ल्यू० जे० राष्ट्रीय कन्वीनर मोहम्मद जान तुर्की ने जानक. ारी देते हुए बताया कि इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह के नेतृत्व ने आयोजित इस समारोह के विशिष्ट अतिथियों में पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, जोधपुर महापौर वनिता, पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, जिला परिषद के सीईओ आशीष मिश्रा, साध्वी प्रीति प्रियवंदा, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, मारवाड़ राजपूत सभा अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा, वरिष्ठ पत्रकार आयशा खानम व अमित भट्ट के अलावा आई एफ डब्ल्यू जे के राष्ट्रीय महासचिव विपिन धूलिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहन कुमार,रजत मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव विश्वदेव राव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। देशभर के पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स का राष्ट्रीय अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में 15 राज्यों से आए 600 से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया और पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, चुनौतियों तथा संगठन की भूमिका पर गंभीर मंथन किया।अधिवेशन के दौरान संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव कराने का निर्णय लिया, जिससे संगठनात्मक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शिता और मजबूती मिली। संतोष कुमार चतुर्वेदी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो आगामी चुनाव प्रक्रिया का संचालन करेंगे। इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय कन्वीनर मोहम्मद जान तुर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि,इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पत्रकारों ने एकमत होकर देशभर के मीडिया कर्मियों की आवाज को और अधिक बुलंद करने का संकल्प लिया। साथ ही, पत्रकारों की सुरक्षा, वेतनमान, प्रेस की स्वतंत्रता और फील्ड रिपोर्टर्स की समस्याओं को केंद्र में रखकर रणनीति तय की गई।कार्यक्रम का समापन जोश और उत्साह के साथ हुआ, जिसमें एक बार फिर पत्रकारों ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूती प्रदान करने का वादा किया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के हितों, मीडिया की स्वतंत्रता, डिजिटल युग में पत्रकारिता की चुनौतियों और सरकार की नीतियों पर विचार-विमर्श हुआ। अतिथियों ने अपने उद्बोधनों में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए पत्रकारों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा की। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति में शामिल विक्रम सिंह करनोत, प्रवीण बोथरा, अश्वनी व्यास, डॉ रंजन दवे, मनोज जैन , डॉ लक्ष्मण मोतीवाल, योगेश दवे, अफरोज पठान, शेखर व्यास, समीर खान, भूपेंद्र बिश्नोई, महेश शर्मा ईश्वर सिंह, सुमेर सिंह चूंड़ावत, डॉ पाबूराम, भवानी सिंह भाटी, रमेश सारस्वत, शिव सिंह सिसोदिया, राजेश पुरोहित, सूर्यांश मूथा, प्रदीप दवे, दीपक पुरोहित, लक्षित दवे, पवन जोशी, नरेंद्र ओझा, हर्षित जोशी, प्रवीण बोथरा, मनोज जैन, पवन प्रजापत, संवितेश्वर पुरोहित, जितेंद्र डूडी, पुनीत माथुर, मुकेश श्रीमाली, श्रेयांश भंसाली, मनोज शर्मा, राजेश मेहता, राजेश जैन, राजकुमारी और अनीता चौधरी का सहयोग रहा।



## श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी

**मुरादाबाद।** दिल्ली रोड स्थित राही होटल में मुरादाबाद नगर विधान सभा से भाजपा विधायक रितेश गुप्ता व भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता के सौजन्य से हो रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन भी जारी रही। सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित कथा व्यास डा. जगदीश प्रसाद कोठारी ने कहा कि ब्रह्मा जी के चार पुत्र ज्ञान के भंडार हैं। उन्होंने बताया कि मनु हमारे आदि पुरुषों से मनु से मनु स्मृति पृथ्वी हमारी आधार है। पृथ्वी के जीवन हमारा जीवन नहीं है। श्री कोठारी जी ने कहा कश्यप ऋषि की कथा का वर्णन भी बड़ा सुंदर बखान किया गया है।

उन्होंने बताया तिल और कोष के बारे में भी बताया उन्होंने कहा कि तिल के बिना यज्ञ अधूरा है। श्री कोठारी जी ने कहा कि जगत के रूप में परमात्मा है। साथ ही साथ उन्होंने कहा भगवान का कोई अंत नहीं है इसलिए उन्हें अनंत कहते हैं। भगवान आदि से अंत तक है। श्री कोठारी जी ने बताया कि सत्य का उपासक विज्ञान है तथा आज पूरे विश्व में योग की जय जयकार है। वेद का मतलब ज्ञान से होता है।

उन्होंने श्राद्ध के माध्यम पितरों की सेवा व तर्पण के बारे में बताया। श्राद्ध करने से पितरों को सद्गति मिलती है। कथा व्यास ने भगवान की भक्ति को बड़ा ही सुंदर बताते हुए कहा कि यदि पितृ प्रसन्न है तो देवता भी प्रसन्न होते हैं उन्होंने वीरभद्र के बारे में भी विस्तार से बताया।

श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पितृपक्ष में श्रीमद् भागवत कथा कराना और उसका श्रवण करना बहुत ही लाभकारी होता है। श्रीमद् भागवत कथा पितरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के बारे में बताती हैं। पितरों का आशीर्वाद सदैव परिवार पर बना रहे इसीलिए हम पितृपक्ष में उनकी उपा. सना करते हैं, तर्पण करते हैं, दान पुण्य करते हैं।

ब्रह्म भोज करवाते हैं आदि विभिन्न सत्कार्य करते हैं।इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के अलावा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृजमोहन, विभाग संघ चालक सुरेंद्र, प्रसिद्ध व्यवसाय राकेश आहूजा, अजय अग्रवाल, भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह, एमएलसी डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त, महापौर विनोदअग्रवाल, सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष आकाशपाल, नीरज गुप्ता, विपिन गुप्ता, निमित जायसवाल, ठाकुर राकेश सिंह, संजय शर्मा, डा विशेष गुप्ता, मनमोहन सैनी, डॉ पवन अग्रवाल, दीपक बाबू सीए, विवेक भारती धर्मेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी को न भेजने पर दामाद ने सास पर फावड़े से किया महिला हमला

**ठाकुरद्वारा।** पत्नी को भेजने से मना करने पर एक युवक ने गुस्से में आकर अपनी सास पर फावड़े से हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी दामाद मौके से फरार हो गया। नगर के मोहल्ला बिलाल मस्जिद निवासी सेबू पुत्र बाबू की शादी थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागूवाला निवासी मुस्कान के साथ हुई थी। बताया गया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसकी जानकारी पर मुस्कान की मां रेशमा अपनी बेटी का हाल जानने ससुराल पहुंची और उसे अपने मायके रामनगर खागूवाला ले आई। शनिवार को सेबू अपनी पत्नी को लेने ससुराल पहुंचा, लेकिन सास रेशमा ने बेटी को भेजने से मना कर दिया।

इससे गुस्से में आकर युवक ने पास रखा फावड़ा उठाकर सास के कान पर वार कर दिया। हमले से महिला लहूलुहान होकर घायल हो गई। आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी दामाद पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे पैसे पीड़ित ने कोतवाली में लगाई गुहार

**ठाकुरद्वारा।** विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जीसपर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एजेंट के खिलाफ कार्यवाही व पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला जमनावाला निवासी शहजाद पुत्र फईम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी पहचान करीब एक माह पूर्व ग्राम सरवरखेड़ा थाना कुण्डा जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड) से हुई थी। व्यक्ति ने खुद को एजेंट बताते हुए कहा कि वह बेरोजगार युवकों को विदेश में अच्छी नौकरी दिलाता है। इसी भरोसे में शहजान ने उसे हजार रुपये दे दिए। शहजान के अनुसार एजेंट ने उसे पैसे ले लिए। रकम देने के बाद भी न तो उसे नौकरी के संबंध में कोई सूचना दी गई और न ही पैसे वापस किए। अब वह व्यक्ति मोबाइल नंबर पर कॉल करने पर भी कोई जवाब नहीं दे रहा है।

उक्त एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी ठगी गई रकम वापस दिलाई जाने की गुहार लगाई है।

## दुख का मूल कारण है जन्मः आचार्य सोमदेव शास्त्री



**मुरादाबाद।** वेद प्रचार मण्डल द्वारा गुलजारीमल की धर्मशाला में 4 दिवसीय सामवेद परायण यज्ञ और ३०वां वार्षिकोत्सव का प्रारंभ सामवेद के मंत्रों के माध्यम से आचार्य सोमद. ेव शास्त्री द्वारा रमेश सिंह आर्य एडवोकेट -छाया रानी, निर्मल आर्य -प्रीता आर्य, हिमांशु रस्तौगी -निम्मी रस्तोगी, प्रमोद कुमार यादव-अनिता यादव, नवनीत कुमार -भावना रुहेला, अखिलेश रस्तोगी-सुषमा रस्तौगी,की यज्ञ मानी में वृहद् यज्ञ वैदिक रीति से सम्पन्न कराया। यज्ञोपरांत अन्तर्राष्ट्रीय भजनोपदेशक अमृता आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किये तत्पश्चात भारत मे वेदों, उपनिषदों एवं न्याय दर्शनो के सुविख्यात मर्मज्ञ आचार्य सोमदेव शास्त्री ने सामवेद और न्याय दर्शन के मंत्रों की व्याख्या करते हुए बताया कि संसार में जितने भी दु:ख होते हैं उनका मूल बार बार जन्म लेना होता है।

आचार्य जी ने आगे बताया कि न्याय दर्शन में महर्षि गौतम ऋषि ने दु:ख ५प्रकार के, महर्षि पतंजलि ने ४प्रकार के, कपिल मुनि ने ३प्रकार के और महर्षि मनु ने १दुख जीवन में बताया । न्याय दर्शन के अनुसार गर्भ अवस्था का दु:ख,जन्म अवस्था का दु:ख,व्याधि दुख,जरा दु:ख और मृत्यु दु:ख बताये। सभी अवस्थाओं से गुजरते हुए जीव को अत्यंत पीड़ा होती है। वहीं परिणाम दु:ख,ताप दु:ख, संस्कार दु:ख भी जीव को पीणाएं व परेशान करते हैं। यदि दुखों से बचना है तो बार बार जन्म लेने से बचना होगा । बार बार जन्म लेने का विराम केवल मोक्ष अवस्था में ही सम्भव है। मोक्ष यम और नियमों का पालन करने से ही सम्भव होती है।' इस अवसर पर अरविंद आर्यबंधु मयंक आर्य आचार्य भूपेंद्र शास्त्री,पं लालकिशौर शास्त्री,पं वीरेंद्र आर्य डा अभय श्रोत्रिय अजब सिंह आर्य,प्रभा सैनी, लोकेश आर्य यशपाल आर्य उमेश आर्य,पूनम शास्त्री,पूनम रस्तोगी,ऊषा गुप्ता सुषमा श्रीधर आशा जैमिनी सुनीता गुप्ता, कुसुम आर्य मीरा सोती,पूनम कत्याल मनोज योग गुरु विजय नंदन,वसुधा रस्तोगी,आशा यादव भारती रस्तोगी, भगवान सिंह यादव ऋषिपाल सिंह यादव मथुरा प्रसाद आर्य -गायत्री देवी हरवीर सिंह शिवांगी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## कृषि भूमि खरीदने के नाम पर साढ़े सात लाख की ठगी का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** कृषि की भूमि दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का आरोप लगया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर की जमीन या पैसे दिलाने की गुहार लगाई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर गोसाई निवासी तेजराम पुत्र रघुनाथ सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि काशीपुर (उत्तराखंड) निवासी एक व्यक्ति ने उससे कृषि भूमि दिलाने के नाम पर सात लाख पचास हजार रुपये लिए। इसमें से दो लाख रुपये नकद और पांच लाख पचास हजार रुपये भारतीय स्टेट बैंक ठाकुरद्वारा शाखा के खाते में 15 जनवरी 2024 को ट्रांसफर किए गए। प्रार्थी का कहना है कि रुपये लेने के बाद आरोपित ने जमीन न दिलाई और न ही अब तक रुपये लौटाए। जब भी अपने पैसे वापस मांगता है तो आरोपित जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मांग की है कि आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर पैसे वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

## भाजपा देंहात मंडल की बैठक में प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरि बैंक्वेट हाल सुर. जननगर में मण्डल ठाकुरद्वारा देहात की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाने को विचार विमर्श किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष मतस्य प्रकोष्ठ नरेन्द्र सिहं आचार्य, मण्डल अध्यक्ष हरिओम सिहं, जिला मन्त्री भानूप्रताप सिहं, मण्डल प्रभारी मुनेश चौहान, मण्डल महामन्त्री शरद विश्नोई, मण्डल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, राहुल चौहान, भूपेन्द्र सिहं, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इन्तजार हुसैन, नरेन्द्र सिहं, अखिलेश विश्नोई, दिग्विजय सिहं, रोहिताश देशबन्धु, रवि चौहान आदि उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए सिंगल पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद और शाहजहाँपुर के बीच में उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, मुरादाबाद के कार्यालय, अधीनस्थ कार्यालय, अधिकारियों के विश्राम गृह और कर्मचारी आवासों की मरम्मत/रखरखाव हेतु विविध प्रकार के सिविल कार्य के सम्बन्ध में |
| 2. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 81.64 लाख |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानत राशि | रू. 1,63,300.00 |
| 5. | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी | ई निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 12.09.2025 से दिनांक 04.10.2025 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना की बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6. | अन्तिम तिथि/ई-निविदा अपलोड करने की तिथि | 04.10.2025 को 11:30 बजे तक। ई-निविदा दिनांक 20.09.2025 से 04.10.2025 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। |
| 7. | ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | 04.10.2025 को 11:30 बजे तक ई-टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। |

निविदा सूचना सं०- 1-डब्लू- टेण्डर-290A-उप मु० अभि० नि० मुरादाबाद दिनांक- 12.09.2025 2806/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मीनाक्षी, जैस्मीन और नूपुर फाइनल में

**लिवरपूल, वार्ता।** जैस्मीन (57 किग्रा) ने वेनेजुएला की ओमैलिन कैरोलिना अल्काला सेगोविया को 5-0 से हराकर लिवरपूल में 2025 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय बन गईं हैं। जैस्मीन के बाद नूपुर (80 किग्रा) ने तुर्की की दुजतास सेयमा को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इन दोनों की कामयाबी के बाद मीनाक्षी (48 किग्रा) ने मंगोलिया की लुत्सैखान को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### महाराज ग्रोइन चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैचों से बाहर

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के बाकी बचे दो मैचों से बाहर हो गए हैं, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को घोषणा की। महाराज को ग्रोइन में चोट लगी है। 30 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर ब्योर्न फोर्टुइन, जिन्होंने आखिरी बार सितम्बर 2024 में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था, को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

### साल्ट के विस्फोटक 141 रन, इंग्लैंड की रिकॉर्ड जीत

**मैनचेस्टर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड का मुकाबला रिकॉर्ड तोड़ने वाले तमाशे में बदल गया, जहां बाउंड्रीज की बरसात हुई, कई यादगार पल टूटे और इतिहास की किताबें पल-पल बदलती रहीं। मेजबान टीम ने शुक्रवार रात 304/2 का स्कोर बनाया, जो पुरुषों के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में किसी पूर्ण सदस्य देश द्वारा बनाया गया।

● **दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता का एक और अध्याय लिखा जाएगा आज** ●

# भारत-पाक के बीच आज होगा महासंग्राम

**दुबई, वार्ता।** भारत-पाक मैच में कुछ खास होता है। दिन भर उत्सुकता धीरे-धीरे बढ़ती है, और जब तक खिलाड़ी मैदान पर उतरते हैं, तब तक माहौल उम्मीदों से भर जाता है।

रविवार शाम, दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में, प्रशंसक इस चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता का एक और अध्याय देखेंगे, और यह मुकाबला कौशल और साहस दोनों से ही गढ़ा हुआ होने का वादा करता है। भारत के लिए, ध्यान उनकी गेंदबाजी पर होगा। कुलदीप यादव एक ऐसे गेंदबाज के रूप में परिपक्व हो गए हैं जिनके पास असाधारण नियंत्रण और विविधता है। यूएई के खिलाफ उनका स्पैल इस बात की याद दिलाता है कि धैर्य के साथ कलाई की स्पिन कितनी प्रभावी हो सकती है। वरुण चक्रवर्ती बल्लेबाजों के लिए एक अलग तरह की पहेलियां लेकर आते हैं, और अक्षर पटेल की निरंतर सटीकता उनकी चतुराई का पूरक है। दूसरी तरफ जसप्रीत बुमराह हैं, एक ऐसा गेंदबाज जो पारी के हर चरण में अपने कप्तान को विकल्प देता है-नई गेंद से, बीच के ओवरों में, और आखिरी क्षणों में जब दबाव में स्पष्टता की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

भारत की बल्लेबाजी भी कम आशाजनक नहीं है। युवा अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले में बढ़त हासिल करने की क्षमता दिखाई है, जबकि शुभमन गिल का शांत स्वभाव दूसरे छोर पर आश्वस्त करने वाला है। सूर्यकुमार यादव अपने स्ट्रोक्स की विविधता के साथ एक बार फिर टीम की धुरी होंगे, जिनका साथ तिलक वर्मा, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल देंगे। यह एक ऐसा लाइनअप है जो परिस्थिति के अनुसार




ढल सकता है, चाहे इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत हो या अचानक तेजी की। पाकिस्तान अपनी तांकतें लेकर आएगा। फखर जमान में बड़े मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है, और सैम अयूब का क्रीज पर संतुलन उन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाता है। मोहम्मद हारिस मध्यक्रम में एक ऊर्जावान खिलाड़ी हैं। गेंद से, मोहम्मद नवाज और अबरार अहमद भारत की प्रगति को धीमा करने में सक्षम हैं, जबकि शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ गति और लस्वग से खतरनाक बने हुए हैं। दुबई की पिच अक्सर उन लोगों को फायदा पहुंचाती है जो इसे समझने में समय लगाते हैं। शुरुआत में, गेंद तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी हिल सकती है, लेकिन एक बार सतह स्थिर हो जाने पर, स्ट्रोक खेलना आसान हो जाता है। अगर स्पिनर अनुशासन बनाए रखते हैं, तो उन्हें अपने काम में मजा आएगा, और हमेशा की तरह, ओस की संभावना कप्तानों को पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करने के बारे में सावधानी से सोचने पर मजबूर करेगी। इन दोनों टीमों के बीच मैच शायद ही कभी सीधे होते हैं। एक पल की चमक या एकाग्रता की कमी खेल की दिशा बदल सकती है। अपनी गेंदबाजी में अनुभव और विविधता के साथ, भारत थोड़ी बढ़त के साथ शुरुआत करता है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में, और खासकर इस मुकाबले में, भविष्यवाणियां हमेशा अनिश्चित होती हैं। प्रशंसक इस बात को लेकर निलश्चत हो सकते हैं कि कल की शाम उन्हें उस खेल का आनंद लेने का एक और कारण देगी जिसे वे सभी पसंद करते हैं, जो कौशल, तीव्रता और आपसी सम्मान के साथ खेला जाता है।

**भारत की संभावित प्लेइंग इलेविन:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), दुबे, पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप, बुमराह, वरुण

**पाक की संभावित प्लेइंग इलेविन:**-सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ/सुफियान मुकीम, अबरार अहमद



## स्वर्ण पदक से एक जीत दूर सात्विक-चिराग

हांगकांग, वार्ता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने ली-निंग हांगकांग ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जो इस साल का उनका पहला फाइनल है। स्मैश ब्रदर्स की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन लबग-वेई को केवल 38 मिनट में 21-17, 21-15 से हरा दिया। भारत की दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता जोड़ी अब फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से भिड़ेगी। भारतीय जोड़ी अब स्वर्ण पदक जीतने से एक कदम दूर रह गयी है।

## नई पीढ़ी के सामने पुराना रोमांच पैदा करने की चुनौती

● **दोनों टीमें इस एशिया कप में नई पीढ़ी के सितारों के साथ मैदान पर उतरेंगी, पिछले कुछ सालों में भारत ने पाक पर अपना दबदबा बना रखा है**

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप 2025 का सबसे बड़ा मैच भारत बनाम पाकिस्तान आज दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की है।

भारत ने अपने पहले मैच में यूएई टीम को 9 विकेट से हराया है तो पाकिस्तान ने अपने पहले मैच में ओमान टीम के खिलाफ 93 रन से बड़ी जीत दर्ज की है। दोनों टीमें इस एशिया कप में नई पीढ़ी के सितारों के साथ मैदान में उतरेंगी। पुराने दिग्गज जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा पाकिस्तान के तरफ से बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान इस बार खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा हाई वोल्टेज मुकाबले देखने को मिले है लेकिन पिछले कुछ सालों में भारतीय टीम ने पाकिस्तान के ऊपर दबदबा बनाए रखा है। यह दोनों टीमें इस साल चैंपियन ट्रॉफी के बाद फिर से आमने-सामने होगी। दोनों टीमों की कोशिश टूर्नामेंट में अपनी दूसरी दर्ज करने के ऊपर रहेगी। भारत बनाम पाकिस्तान के बीच खेले गए पिछले 10 मैचों के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो भारतीय टीम ने पाकिस्तान के ऊपर अपना दबदबा कायम रखते हुए 7 मैच जीते हैं।

### इन पर रहेंगी नजरें

अभिषेक शर्मा ने पिछले मैच में दिखाया था कि वह किस कदर की आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं। अभिषेक के आने से भारतीय टीम के प्रदर्शन में और भी अधिक सुधार आया है। वह टीम के एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान के नए तूफानी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस पर भी नजरें होंगी।

शुरुआती कुछ मैचों में ही उन्होंने दिखाया है कि वह बेहद ही आक्रामक बल्लेबाजी करने का हुनर रखते हैं। बतौर विकेटकीपर भी वह टीम के लिए अहम योगदान देते दिखे हैं।

### मौसम और पिच रिपोर्ट

एशिया कप का यह हाई वोल्टेज मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा। इस मैच में मौसम थोड़ा गर्म रह सकता है। तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक जाने की उम्मीद है तथा ह्यूमिडिटी 61प्रतिशत तक रहेगी। इस मैच में बारिश होने की संभावना काफी कम है। कुल मिलाकर एक टी-20 मैच के लिए अच्छा वातावरण है। इस मैदान पर अभी तक खेले गए मैचों में पिच काफी संतुलित नजर आई है। स्पिनर्स ने इस पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत ने यूएई के खिलाफ अपना पहला मैच इसी मैदान पर खेला है, जिसमें कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए थे। पाकिस्तान टीम ने भी ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच दुबई मैदान पर ही खेला है। दोनों टीमों को पिच और मैदान के बारे में पर्याप्त जानकारी है। भारतीय टीम ने चैंपियन ट्रॉफी में भी अपने सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेले थे जिससे टीम को इस मैच में फायदा मिल सकता है।

## पेरेज और डनफी ने टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

● **महिला वर्ग में गत चैंपियन पेरेज ने 35 किमी. पैदल चाल में लगभग शुरुआत से लेकर अंत तक 2:39:01 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता**

**टोक्यो, वार्ता।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में स्पेन की एथलीट मारिया पेरेज ने 35 किलोमीटर पैदल चाल का अपना खिताब बरकरार रखा है तथा पुरुष वर्ग की इसी स्पर्धा में कनाडा के धावक इवान डनफी ने अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। 34 वर्षीय डनफी दौड़ के शुरुआती चरणों में धैर्यपूर्वक पीछा करने वाले समूह में बने रहे और 30 किलोमीटर के बाद मसातोरा कवानो और हयातो कात्सुकी की अग्रणी जापानी जोड़ी को पछाड़कर मेजबान टीम की नौ दिवसीय टूर्नामेंट में स्वर्णिम शुरुआत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जापान नेशनल स्टेडियम में हुई इस स्पर्धा में आखिरी लैप में यह कनाडाई धावक थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन जल्द ही उसने स्वयं को संभाला और आगे बढ़ता गया और दो घंटे, 28 मिनट और 22 सेकंड में फिनिश लाइन को पार किया। ब्राजील के कैओ बोनफिम ने भी जापानी जोड़ी को पीछे छोड़ते हुए 2:28:55 का समय लेकर रजत पदक जीता, उनके बाद एशियाई खेलों की चैंपियन कात्सुकी ने 2:29:16 का समय लेकर कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में गत चैंपियन पेरेज ने महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल में लगभग शुरुआत से लेकर अंत तक 2:39:01 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। इटली की एंटोनेला पाल्मिसानो, तीन मिनट से अधिक पीछे रहकर 2:42:24 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

## ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता सोना

**ईशा ने महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया**

**निंगबो, वार्ता।** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैम्पियन ईशा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल, निंगबो (चीन) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में हुए फाइनल में ईशा ने मेजबान चीन की पसंदीदा और फॉर्म में चल रही याओ चियानसुन को मात्र 0-1 अंकों से पछाड़ा। वहीं, इस स्पर्धा की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कोरिया की ओ येजिन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पहली बार विश्व कप एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीतने के बाद ईशा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं क्योंकि एयर पिस्टल वही स्पर्धा है जिससे मैंने शूटिंग की शुरुआत की थी। इसमें विश्व कप स्वर्ण जीतना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेरे कुछ लक्ष्य पूरे होते देख अच्छा लग रहा है। आगे की चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि इस साल का अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप है।

हम उसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि काहिरा में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। फाइनल के दौरान मानसिकता पर बात करते हुए ईशा बोलीं कि हां, मुझे पता था कि भारत को अब तक कोई पदक नहीं मिला है और मुकाबले में विश्व स्तरीय निशानेबाज हैं। लेकिन मैं इन खिलाड़ियों के खिलाफ कई बार फाइनल खेल चुकी हूं और अब मुझे विश्वास है कि पिस्टल मेरे हाथ में है और असली लड़ाई मेरी खुद के साथ है। इसलिए मैं मैच को ज्यादा से ज्यादा एंजॉय करने की कोशिश करती हूं। ईशा और रिदम सांगवान ने 578 अंक बनाकर महिलाओं की एयर पिस्टल फाइनल के अंतिम दो स्थान हासिल किए। याओ चियानसुन 584 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। वहीं, केवल रैंकिंग अंक के लिए खेल रही एशियाई खेलों की चैम्पियन पलक गुलिया ने शानदार 586 अंक बनाए, जो सभी से बेहतर था। भारत की तीसरी प्रतिभागी सुरभि राव 568 अंक बनाकर 25वें स्थान पर रहीं। आठ निशानेबाजों के फाइनल में ईशा और रिदम ने अच्छी शुरुआत की। पहले पांच शॉट के बाद रिदम शीर्ष पर थीं और ईशा दूसरे स्थान पर, जबकि हंगरी की पेरिस ओलंपिक पदक विजेता वेरोनिका मेजर पीछा कर रही थीं। दूसरी सीरीज के बाद ईशा 0-2 अंकों की बढ़त से शीर्ष पर आ गईं। रिदम पांचवें स्थान पर खिसक गईं और अंत तक उसी पर रहीं। सिंगल शॉट शुरू होने पर दबाव का असर ओलंपिक चैम्पियन ओ येजिन पर भी दिखा जब उन्होंने 11वें शॉट पर निचले 8 अंक लगाए। 12वें शॉट के बाद चीन की 19 वर्षीय ज़ेंग सबसे पहले बाहर हुईं। ईशा ने 13वें शॉट पर 10-8 का सटीक निशाना लगाया। रिदम ने भी 15वें शॉट पर 10-8 मारकर कुछ समय के लिए चौथे स्थान पर चढ़ाई की, लेकिन 18वें शॉट तक पहुंचते-पहुंचते उनका अभियान समाप्त हो गया। अंतिम छह शॉट्स में ईशा 1-1 अंकों से आगे थीं, लेकिन 19वें शॉट के बाद याओ ने अंतर घटाकर 0-6 कर दिया। ईशा ने दबाव झेलते हुए लगातार दो 10-7 लगाए और अंत तक 0-1 अंक की नजदीकी बढ़त बनाए रखी। उन्होंने 242-6 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिन की दूसरी स्पर्धा, पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में, भावेश शेखावत 575 अंकों के साथ 22वें स्थान पर रहे। उनके हमवतन प्रदीप सिंह शेखावत भी समान स्कोर के साथ 23वें स्थान पर रहे।



## नवनीत कौर ने 200 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की



**हांगझोऊ, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारतीय खिलाड़ी नवनीत कौर को महिला एशिया कप 2025 में जापान के खिलाफ सुपर 4 मैच में 200 अंतर्राष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है।

नवनीत वर्तमान में चल रहे महिला एशिया कप 2025 में भारत के लिए दूसरी सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। 29 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2013 जूनियर महिला विश्व कप में जूनियर टीम को कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद 2014 में सीनियर टीम में पदार्पण किया था। तब से वह भारतीय महिला हॉकी टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने हर बड़े वैश्विक टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टीम के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रमंडल खेलों में नवनीत ने बर्मिंघम में 2022 संस्करण में भाग लिया, जहां उन्होंने भारत को कांस्य पदक दिलाने में मदद की। वह एशियाई खेलों में टीम के यादगार अभियानों का भी हिस्सा थीं, जहां उन्होंने 2018 में जकार्ता-पालेमबांग में रजत पदक और 2022 में हांगझोऊ में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा नवनीत उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने काकामिगाहारा में 2017 महिला एशिया कप में स्वर्ण पदक और बाद में मस्कट में 2022 संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

## क्रिकेट के अलावा हमारे दिमाग में कुछ भी नहीं है: कोटक

**दुबई, वार्ता।** भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले पर हमेशा लोगों को ज्यादा ध्यान रहता है, लेकिन एशिया कप 2025 में इन दोनों देशों के मुकाबले से दो दिन पहले तक फोकस सिर्फ क्रिकेट पर है। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि बीसीसीआई और सरकार की अनुमति के बाद ही हम खिलाड़ी और कोच इस मुकाबले के लिए तैयार हैं। हम यहां खेलने के लिए आए हैं। यह एक टक्कर का मैच होगा। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा टक्कर का होता है। तो हम उसी पर फोकस करना चाहेंगे। शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र से पहले कोटक से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान के खिलाफ मैचों का बहिष्कार करने की बातों के बीच सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान देना मुश्किल होता है? भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक रिश्ते तनावपूर्ण हैं, जो हाल के महीनों में और बिगड़े हैं। अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया था। कोटक ने कहा कि सच कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता। जब हम खेलने आते हैं, मुझे लगता है कि खिलाड़ी सिर्फ क्रिकेट खेलने पर फोकस करते हैं। मुझे नहीं लगता कि उनके दिमाग में क्रिकेट के अलावा कुछ और होता है और हम भी उसी पर फोकस करते हैं। दूसरा बड़ा मुद्दा भारत के बल्लेबाजी क्रम का है और सवाल है कि संजू सैमसन 5 या 6 नंबर पर सफल हो पाएंगे या नहीं? कोटक ने साफ कर दिया कि ओपनर्स और नंबर 3 के बारे में साफ सोच है लेकिन बाकी बल्लेबाजी लचीली है और खिलाड़ी उसी हिसाब से तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप हमारी बैटिंग लाइन-अप देखें तो हर कोई किसी भी नंबर पर जाकर मैच खत्म कर सकता है। हमारे पास चार-पांच आक्रामक खिलाड़ी हैं, जिन्हें प्रमुख कोच या कप्तान, स्थिति के हिसाब से भेजते हैं।

## हरभजन की बीसीसीआई प्रमुख की दौड़ में शामिल होने की अटकलें



● **हरभजन ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जिससे उनकी संभावित रूचि को लेकर अटकलें लगाई जा रही है**

**मुंबई, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बाद अब स्पिनर हरभजन सिंह का नाम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष पद के लिए जोड़ा जा रहा है। तेंदुलकर पहले ही इस दौड़ में शामिल होने से इनकार कर चुके हैं, लेकिन हरभजन ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जिससे उनकी संभावित रुचि को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) द्वारा 45 वर्षीय पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह को नामांकित किए जाने से इस ताजा चर्चा में कुछ दम नजर आ रहा है। नामांकन आधिकारिक रूप से दाखिल होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी, क्योंकि केवल राज्य संघ द्वारा समर्थित उम्मीदवार ही चुनाव लड़ने के पात्र हैं। हरभजन ने सभी प्रारूपों में 367 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है। सत्तारूढ़ भाजपा का बीसीसीआई के कामकाज पर काफी प्रभाव है और यह सरकार खेल संस्थाओं में शीर्ष पदों के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने के लिए जानी जाती है। गांगुली और रोजर बिन्नी, दोनों पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, सत्तारूढ़ पार्टी की खिलाड़ी-प्रथम नीति के कारण ही बीसीसीआई अध्यक्ष बने चुके है। हरभजन ने क्रिकबज के फोन और संदेशों का जवाब नहीं दिया। उम्मीदवारों के इन पदों के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद सच्चाई सामने आ जाएंगी। बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी एके जोति के अनुसार, नामांकन विंडो 20 और 21 सितम्बर तक खुली रहेगी और चुनाव 28 सितम्बर को होंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होना है। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक के हालिया रुझानों को देखते हुए मौजूदा अध्यक्ष देवजीत, प्रभतेज सिंह भाटिया व रोहन के क्रमशः सचिव, कोषाध्यक्ष व संयुक्त सचिव पद पर बने रहने की उम्मीद है।

## हिंदी दिवस पर शिवसेना ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**मुरादाबाद।** शिव सेना ने हिंदी दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को आरएसडी अकैडमी में किया, समारोह की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज, मां सरस्वती व बालासाहेब ठाकरे के चित्र पर माल्यार्पण कर एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ.विशेष गुप्ता, शुभम सिंह (सुपुत्र भूपेंद्र सिंह जी)केके मिश्रा और शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित कर की गयी। छात्र-छात्राओं को स्कूलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने वाले प्रधानाचार्य व शिक्षकों के सम्मान में आयोजित इस समारोह में टिमिट के विपिन जैन,आरएसडी के कुमार जी, गोल्डन गेट के सचिन कुमार ,पीएमएस के मैथ्यू ,जीके वैलम के शर्मा जी, आकांक्षा विद्यापीठ के प्रत्यांशु यादव, साई के अनिल खन्ना, नोसगे के नीरज गुप्ता सहित आदि इस शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में कमल सिंह राव,मुदित उपाध्याय, विपिन भटनागर, आकाश सिंह,मयंक कुमार, प्रदीप ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# फर्म स्वामी के सुसाइड के मामले में जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** फर्म स्वामी के सुसाइड के मामले में मझोला थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है, वही फर्म स्वामी की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में फर्म स्वामी का शव फर्म में फांसी के फंदे पर लटका मिला था।

सूचना लगते ही मझोला थाना पुलिस के साथ ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई थी वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। मझोला थाना पुलिस ने छानबीन शुरू करने के साथ ही शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हालांकि इस मामले में अभी तक मृतक के परिजनों के द्वारा



पुलिस को कोई भी ताहिर नहीं दी गई है,फिलहाल पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दे की मझोला थाना क्षेत्र के गागन वाली मैनाठेर में शुक्रवार को एच आर हैंडीक्राफ्ट फर्म में उस समय सनसनी फैल गई जब फर्म मालिक फुरकान का शव फांसी के फंदे पथार लटका मिला। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को फर्म में अवकाश रहता है। अवकाश के दिन मलिक फुरकान फर्म पहुंचे और उन्होंने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। फर्म मलिक ने यह कदम क्यों उठाया है इस मामले की जांच पड़ताल में पुलिस टीम जुटी हुई है। फर्म मालिक के द्वारा सुसाइड किए जाने की जानकारी लगते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और मामले की जानकारी ली।वहीं इस मामले में एसपी सिटी रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक मृतक के परि. जनों के द्वारा पुलिस को कोई भी तहरीर नहीं दी गई है,फर्म स्वामी ने सुसाइड क्यों किया है इसका कारण भी अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस टीम मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## पिंक पावर वूमेन क्लब के कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंची महिलाएं और युवतियां



**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइन्स क्षेत्र रामगंगा विहार में रामगंगा विहार में शनिवार को पिंक वूमेन पावर क्लब के पहले भव्य कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। क्लब की फाउंडर प्रेरणा भारद्वाज एवं को-फाउंडर रुमा पुरी ने महिलाओं के लिए एक अत्यंत ही शानदार मंच प्रदान किया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और संगठित बनाना है।कार्यक्रम का संचालन तनिष्का भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अल्टीमेट फिटनेस जिम की ओनर, सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट एवं सोशल वर्कर अपूर्वा शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं को मानसिक तनाव से दूर रहने के उपाय बताए तथा यह भी समझाया कि महिलाओं को एकजुट रहना कितना आवश्यक है। कार्यक्रम में क्लब की प्रेसिडेंट प्रियंका जैन, वाइस प्रेसिडेंट संजना भटनागर, सेक्रेटरी शालिनी कुमार, इवेंट इंचार्ज ईशा एवं ऋतु, कल्चरल इंचार्ज हिमानी एवं निशी, फूड इंचार्ज रजनी, नमिता, डॉली एवं सुचिता, मीडिया इंचार्ज मीनू, नीति एवं साक्षी के साथ ही रोपिका कौशिक एवं अन्य सदस्यों का कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान रहा।

# टीएमयू में न्यूरो-इमरजेंसीज मैनेजमेंट पर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के एनेस्थीसिया विभाग की ओर से एक्यूट न्यूरोकेयर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के एनेस्थीसिया विभाग की ओर से एक्यूट न्यूरोकेयर-फोकस्ड अप्रोच टू न्यूरो इमरजेंसीज पर दो दिनी सीएमई-कम-वर्कशॉप में एम्स नई दिल्ली, एम्स ऋषिकेश, मेदांता नोएडा, आर्टेमिस गुरुग्राम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को स्वर्णिम समय- गोल्डन ऑवर्स में न्यूरो-आपात स्थितियों के प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इससे पूर्व एम्स, दिल्ली में न्यूरो एन्सथीसिया एंड न्यूरो क्रिटिकल केयर के प्रो. केशव गोयल और प्रो. नीरज कुमार, मेदांता, नोएडा के डायरेक्टर डॉ. मनीष मारदा, एम्स, ऋषिकेश की डॉ. प्रियंका गुप्ता, आर्टिमिस, गुरुग्राम की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. श्वेता मोहन आदि ने बतौर एक्सपर्ट्स मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके सीएमई-कम-वर्कशॉप का शंखनाद किया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के डीन एकेडमिक्स प्रो. एसके जैन, मेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, एडिशनल मेडिकल सुप्रिटेंडेंट प्रो. वीके सिंह आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। टीएमयू रेडियोलॉजी विभाग के सीनियर प्रो. राजुल रस्तोगी और प्रो. श्रुति चंडक ने भी न केवल व्याख्यान दिए,बल्कि तकनीकी बारीकियां भी समझाईं। वर्कशॉप में मेडिकल स्टुडेंट्स की ओर से विभिन्न विषयों पर



35 रिसर्च पेपर्स और पोस्टर्स भी प्रस्तुत किए। न्यूरोक्रिटिकल केयर सोसायटी ऑफ इंडिया-एनसीएसआई और इंडियन सोसायटी ऑफ न्यूरो एनेस्थीसियोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर-आईएसएनएसीसी के संयुक्त तत्वावधान में हुई सीएमई- कम-वर्कशॉप में एक्सपर्ट्स ने विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों में कोमाग्रस्त रोगी की देखभाल, सिर एवम् रीढ़ की चोटें, स्ट्रोक, सब-अरैक्नॉइड हेमरेज, स्टेटस एपिलेप्टिकस, मेनिन्जाइटिस, एन्से फलाइटिस और गैर-आघातजन्य न्यूरोलॉजिकल कमजोरी पर व्याख्यान के संग-संग केस चर्चा एव हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी। साथ ही टीएसआई, एयरवे, ब्रीथिंग एंड सेडेशन, रेडियोलॉजी बेसिक्स, एक्यूट हेमेरेजिक स्ट्रोक, एक्यूट इस्चेमिक स्ट्रोक, सब ऐरेकनोइड हेमरेज, स्टेट्स एपीलेप्टिकस, नॉन ट्रोमेटिक वीकनेस, मैनेंजाइटिस एंड एनसेफेलाइटिस, इंट्रा सेरीब्ररल हेमेरेज सरीखे विषयों पर एक्सपर्ट्स अपने-अपने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में एन्सथीसिया विभाग के एचओडी एवम् ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. मुकेश कुमार प्रसाद, साइंटिफिक सेक्रेटरी प्रो. मो. शाहबाज आलम, प्रो. पायल जैन की भी मौजूदगी रही।

## सुलभ न्याय के लिए लोक अदालत का आयोजन



**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। न्यायालय परिसर में सुबह से ही फरियादियों, अधिवक्ताओं व पक्षकारों की भीड़ लगी रही। लोक अदालत की कार्यवाही जिला न्यायाधीश दुर्ग नरायन के दिशा-निर्देशन एवं विभिन्न पीठों की देखरेख में संपन्न हुई। इस लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, बैंक रिकवरी, विद्युत विभाग, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, राजस्व संबंधी व अन्य प्रकार के लंबित वादों की सुनवाई की गई। लोक अदालत की विशेषता रही कि यहां अधिकतर मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर हुआ, जिससे पक्षकारों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण भी देखने को मिला। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी/अपर जनपद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि लोक अदालत के जरिए विवादों का त्वरित और कम खर्चीला समाधान संभव हो पाता है और सुलभ न्याय प्राप्त होता है। वाद निस्तारण होने पर इसकी अपील कहीं नहीं होती। अधिवक्ताओं ने भी अपने मुवक्किलों को समझौते के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में प्रकरणों का निस्तारण हुआ। लोक अदालत के सफल आयोजन में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पैरवीकारों, न्यायालय स्टाफ, कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### भारत विकास परिषद ने बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित



**कांठ।** भारत विकास परिषद के तत्वाधान में शनिवार को षगुरु वंदन-छात्रअभिनंदनष कार्यक्रम नगर के बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया स यहां मेधावी छात्राओं एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयास कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली दिथी, कामिनी, अक्शा, इशिका, सोफिया, मानसी गौतम, जिया, फारिया नाज,गोगिया हनिफ ,समीरा अरसी, सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका रेनू गौतम को सम्मानित किया गयास भारत विकास परिषद ने विद्यालय के लिए 10 सीलिंग फैन दान में देने का ऐलान किया जिसकी सभी ने सराहना की स इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, सचिव गौरव बिश्नोई, डॉ अशोक चौहान, सचिन चौहान उर्फ बंटी, अभय केसरी के संपादक डॉ नरेंद्र सिंह, सतपाल सिंह गुर्जर, रजत प्रभाकर, सुरेश चौहान, राजेश शर्मा आदि मौजूद थे स आगंतुकों का आभार प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजना शर्मा ने व्यक्त किया।

### बाबूराम सरस्वती इंटर कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग, छात्रों को मिले सफलता के सूत्र



**चन्दौसी।** शनिवार को बाबूराम सरस्वती इंटर कालेज चन्दौसी में कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन हुआ जिसमें काउंसलर मदन पाल ने छात्रों को अपना करियर चुनने और सफल होने के बारे में बताया। उन्होंने ट्रेडीशनल और प्रोफेशनल कोर्सों के साथ साथ स्वत रोजगार के विषय में भी बताया। साथ ही सफलता पाने के लिए और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को किस तरह क्रैक किया जाता है उसके गुण भी छात्रों को बताए।

छात्र अपने कैरियर को कैसे बनाएं अथवा आगे कैसे बढ़ें? अब अलग-अलग विद्यालयों में छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए कैरियर काउंसिल का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को बाबूराम इंटर कॉलेज में बरेली आए प्रसिद्ध काउंसलर मदनपाल द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग कराई गई। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि इंटरमीडिएट से कैरियर स्वयं आपको सुनिश्चित करना है। छात्र-छात्राओं को पहले से ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना पड़ेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी मात्रा में छात्र उपस्थित रहे। बताते चलें कि मदन पाल क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बरेली में काउंसलर के पद पर कार्यरत हैं तथा एक अराजनैतिक संगठन महादलित परिसंघ के राष्ट्रीय महासचिव संगठन के पद पर भी कार्यरत हैं।

### मां परमेश्वरी प्रताप सिंह गायन प्रतियोगिता में प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा

चन्दौसी। मेला गणेश चौथ के भूपाल रंगमंच पर इंडियन टैलेंट सर्च क्लब चन्दौसी द्वारा मां परमेश्वरी प्रताप सिंह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गायन प्रतियोगिता में मुरादाबाद, रामपुर, अलीगढ़, बुलंदशहर, बरेली, बहजोई, मेरठ, बदायूं, चन्दौसी व आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो चरणों में हुई जिसमें प्रथम चरण माता-पिता को समर्पित तथा दूसरा चरण सेल्फ च्वाइस का रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी तथा उनके पति रामपाल सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र कुमार एवं सर्वेश चीनी ने किया। प्रतिभागियों में विकास ने बड़ी दूर से आए हैं...., ऋषभ ने इस तरह आशिकी का....., करिश्मा गौड़ ने दिल तो है दिल....., सचिन ने दर्दे दिल दर्दे जिगर...., सनि ने होंठो से छू लो तुम...., कवित यादव ने ऐसी लागी लगन मीरा..., विवेक कुमार ने जब दीप जले आना... आदि ने प्रतिभाग किया। इस अवसर माधव मिश्रा, संजय मदान, अंकित जैन, सुधीर मल्होत्रा, प्रवीण गुप्ता एड., मनोज कठैरिया, वीरेन्द्र कश्यप, राजेश यादव, पुष्पा बौद्ध, नवनीत यादव एड0, छत्रपाल यादव, रामरुप रुपी, हेमराज सिंह, विभोर बंसल, अंजु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## भागवत कथा में ध्रुव-प्रहलाद चरित्र व भगवत नाम की महिमा का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कैथल गेट स्थित एम.सी.सी. गोदाम में चल रही श्रीमदभागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस में व्यासपीठाधीन रमेशदास महाराज ने ध्रुव एवं प्रहलाद के चरित्र का वर्णन करते हुए विशेष रूप से बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके आध्यात्मिक क्षेत्र को भी मजबूत करने का निवेदन श्रोताओं से किया। तदन्तर अजामिलोपख्यान के माध्यम से भगवत नाम की महिमा तथा उससे होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। साथ ही भगवान के जन्म की कथा ओर नंदोत्सव ने भी भक्तों के मन को प्रफुल्लित किया। कथा के अवसर पर मोहित गुप्ता, देव तिवारी, अनुराग तिवारी, कौशलेंद्र तिवारी, चितरंजन पाण्डेय आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।





# टिमिट के पांच छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट का नया शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के लिए अनेक सुनहरे अवसर लेकर आया है। शुरुआत से ही देश की नामी कंपनियाँ कैंपस में आ रही हैं और लगातार हमारे छात्र-छात्राओं को उच्च पैकेज पर अवसर प्रदान कर रही हैं। यह उपलब्धि कॉलेज के उत्तम सिलेबस, अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लेसमेंट टीम के मजबूत कॉरपोरेट संबंधों का परिणाम है। हाल ही में बहुप्रतिष्ठित कंपनी ''नेक्स्टवेव'' ने टिमिट के होनहार विद्यार्थियों - लवी शर्मा, मोहम्मद शाद, पुष्कर गुप्ता, तुषार कुमार और कुशाग्र गौतम को स्टूडेंट रिलेशनशिप ऑफिघ्सर पद पर चयनित किया है।

इन विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा आयोजित ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू और स्किल असेसमेंट टेस्ट जैसी सख्त प्रक्रिया के बाद हुआ। कंपनी से आये एच.आर. व ट्रेनिंग हैड श्री आरका प्रभघोष और श्री सौरभ जैन-बिजनेस डेवलपमेंट हैड (एलुमनाई 2018 बैच



लवी शर्मा | मोहम्मद शाद | पुष्कर गुप्ता | तुषार कुमार | कुशाग्र गौतम

एमबीए) ने सभी छात्र-छात्राओं के इंटरव्यू लिये। संस्थान ने कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। यह सफलता दर्शाती है कि टिमिट के विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से सक्षम हैं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, कम्युनिकेशन स्किल और कॉरपोरेट कल्चर के अनुरूप दक्षता भी रखते हैं। कॉलेज का मानना है कि शिक्षा का असली उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें करियर के सही मार्ग पर अग्रसर करना है। फैकल्टी द्वारा लगातार मेंटरशिप, करियर काउंसलिंग और इंडस्ट्री-रेडी स्किल ट्रेनिंग ने इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चयन के साथ टिमिट कॉलेज ने एक बार फिर साबित किया है कि यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी कॉरपोरेट जगत में प्रतिस्पर्धा करने और नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं। कॉलेज प्रबंधन, फैकल्टी और प्लेसमेंट सेल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि वे अपने उज्ज्वल करियर से संस्थान का नाम और रोशन करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के डीन - फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि टिमिट छात्रों, कार्पोरेट जगत व अभिभावकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाता रहेगा व गुण्वत्ता परक रोजगार परक शिक्षा के लिये हर संभव प्रयास करता रहेगा। टिमिट के छात्र छात्राओं को बेहतरीन प्लेसमेंट प्राप्त होने पर सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की व आर्शीवाद दिया और कहा कि हमारे छात्र-छात्रायें वैश्विक स्तर पर टिमिट, टीएमयू का नाम रोशन करें और नई तकनीक व खोज दुनिया को प्रदान करें।

इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व विद्यार्थियों को कडी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मूलमंत्र प्रदान किया। विद्यार्थियों में बेहतरीन प्लेसमेंट पाकर उत्सव का माहौल है व अभिभावकों की प्रशंसा लगातार मिल रही है।

# हिंदी दिवस पर हावर्ड कॉन्वेंट स्कूल में निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी में हिंदी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं हिन्दी भाषण प्रतियोगिता के साथ छात्र समूह क्रियाविधि जैसी अनेक प्रतियोगिताओं के आयोजन में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हिंदी में काम करना हर व्यक्ति के लिए बहुत आसान होता है इसलिए हमें हिंदी में पढ़ने और लिखने के कार्य के महत्व को समझना चाहिए। प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज अंग्रेजी का युग है लेकिन हिंदी के बिना अंग्रेजी अधूरी है क्योंकि हम अंग्रेजी की व्याख्या बिना हिंदी के नहीं कर सकते क्योंकि हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जो किसी भी भाषा के वाक्य विन्यास में चार चांद लगा देती है। प्रधानाचार्या ने






कहा कि हिंदी हमारे देश की मातृभाषा है इसके बिना हमारे देश की संस्कृति का विकास होना असंभव है। इसलिए हमें अपने देश की संस्कृति को बनाए रखने के लिए हमें अपने देश की भाषा हिंदी के महत्व को समझना होगा और उस पर क्रियान्वयन रहना होगा।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।उधर प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर विकास खंड छजलेट में हिंदी भाषा दिवस मनाया गया जिसमें स्कूली बच्चों के द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया और विभिन्न प्रकार के पोस्टर एवं पेंटिंग बनाई गई इसके साथ ही हिंदी भाषा की शान में स्लोगन भी लिखे गए जिनमे "देश की शान है हिंदी देश का अभिमान हैं हिंदी " व "एकता की जान है हिंदी देश की शान हैं हिंदी " हिंदी बोलो , हिंदी सीखो , हिंदी का मान बढ़ाओ " हिंदी दिवस मनाने के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि मातृभाषा हिन्दी हमारी पहचान है इसको आगे बढ़ाना हमारा अभिमान है हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। यह हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है। हमें गर्व होना चाहिए कि हमारी भाषा इतनी समृद्ध और लो. कप्रिय है। हिंदी दिवस के मनाने से बच्चो में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान बढ़ेगा । कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा कुमारी सुर्यलता अनिता बचन और पारुल मेहरोत्रा का योगदान रहा ।

## फीडर पर कार्य होने के कारण बाधित रही बिजली

**बिलारी।** नगर में टाउन 3 फीडर पार्क जर्जर 11 हजार की लाइन के तार को बदलकर नया एक्सएलपीई तार डाले जाने के कार्य के कारण नगर की बिजली बाधित रही। जिसकी वजह से नगर के टाउन थ्री फीडर से जुड़े लोगों को देर शाम तक बिजली नहीं मिल पाई। जिसकी वजह से लोग बुरी तरह से परेशान रहे। बिलारी में टाउन 3 फीडर के तहत मोहल्ला ठाकुरान, शाहाबाद रोड ,शांतिपुरम, रिशिपुरम, रहमतनगर, डाक बंगला कॉलोनी, लोधीपुरम, शक्ति नगर, वीर नगर,रजा नगर ,सरिया मिल चौराहा, सरकारी अस्पताल, हाता, इमामबाड़ा ,बाजार वाली मस्जिद से जामा मस्जिद तक, बाल्मीकि बस्ती, गल्ला स्टोर, कुचला आदि स्थान पर सवेरे 10 बजे से बिजली कार्य होने के कारण से शाम तक लाइट नहीं मिल पाई। जिसकी वजह से उपभोक्ता बुरी तरह से परेशान दिखाई दिए, सवेरे से शाम तक कार्य चला। विद्युत कर्मी भीषण गर्मी में कार्य करते हुए दिखाई दिए। केवल कार्य होने के कारण से हाईवे पर रूट डायवर्ट भी किया गया। जिसकी वजह से वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी और जाम जैसी स्थिति का भी सामना करना पड़ा। देर शाम बिजली सुचारू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। बिजली न आने से इनवर्टर जवाब दे गए। इसके अलावा घरों में पानी की किल्लत बनी रही।


## योग को लेकर दी गई जानकारी

**बिलारी।** स्योड़ारा के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में योग को लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं को योग और योगासन की जानकारी दी तथा उससे होने वाले लाभ भी बताएं। शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित योग शिक्षक गौरव त्यागी ने आर पी विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं को योग शिक्षा दी। छात्र छात्रों में योग से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा शिक्षकों को योगासन से होने वाले फायदे भी गिनाए। इस मौके पर अनेकों योगासन भी कराए गए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने बच्चों को योग के होने वाले लाभों के बारे में बताया। इस बीच योग प्रशिक्षक गौरव त्यागी का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरिशंकर शर्मा ने किया।



# भ्रष्टाचार रोकेगा अल्बानिया में AI मिनिस्टर

## अल्बानिया दुनिया का पहला ऐसा देश बना, जिसके पास एक पिक्सल और कोड से बने एआई मंत्री



**पीएम बोलेः सरकारी ठेकों पर नजर रखेगी, विपक्ष ने कहाः यह पब्लिसिटी स्टंट, संविधान के खिलाफ**

**तिराना।** अल्बानिया दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है जिसके पास एक एआई मंत्री है। यह कोई इंसान नहीं, बल्कि पिक्सल और कोड से बनी एक वर्चुअल मंत्री है, जो पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मुताबिक काम करती है। प्रधानमंत्री एडी रामा ने हाल ही में चौथी बार चुनाव जीतने के कुछ महीनों बाद डिएला को अपने कैबिनेट में शामिल किया है।

डिएला को सरकारी फंडिंग प्रोजेक्ट्स और पब्लिक टेंडरों में भ्रष्टाचार रोकने की जिम्मेदारी दी गई है। विपक्ष ने इसकी आलोचना की है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा कि यह एक पब्लिसिटी स्टंट है और संविधान के खिलाफ भी है। अल्बानियाई भाषा में डिएला नाम का मतलब 'धूप' या 'सूरज' होता है। डिएला इससे पहले भी अल्बानिया में काम कर चुकी है। वह एक एआई-आधारित वर्चुअल असिस्टेंट थी, जो नागरिकों को सरकारी दस्तावेज पाने में मदद करती थी। यानी कि अल्बानियाई नागरिक पहले से ही डिएला से परिचित हैं। रामा का दावा है कि डिएला ने ई-अल्बानिया प्लेटफार्म पर दस लाख से ज्यादा लोगों की मदद की। लेकिन अब उनका इरादा है कि डिएला को एक साधारण चैटबाट से कहीं आगे ले जाकर सरकारी कामकाज का अहम हिस्सा बनाया जाए। डिएला पहली बार 19 जनवरी 2025 को लॉन्च हुई थी। उसे अल्बानिया की डिजिटल सेवा प्लेटफार्म ई-अलबानिया में वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में पेश किया गया।

सरकारी डेटा लीक नहीं करेगी डिएला रामा कहते हैं कि बड़ी-बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाएं अभी भी पुराने तरीकों पर अटकी हैं, जबकि अल्बानिया इस पहल के जरिए एक छलांग लगा सकता है। रामा ने कहा कि उनका मकसद अल्बानिया को ऐसा देश बनाना है जो पूरी तरह करप्शन फ्री हो। एआई मंत्री बनाना एक प्रतीकात्मक कदम है क्योंकि अल्बानिया के संविधान के मुताबिक मंत्री बनने के लिए इंसान का वयस्क और सक्षम होना जरूरी है। लेकिन फिर भी, एक इंसान की बजाय एआई को चुनने के कई फायदे बताएं जा रहे हैं। डिएला कभी सरकारी रहस्य लीक नहीं करेगी, न ही भ्रष्टाचार या खर्च घोटालों में फंसेगी। उसे सिर्फ बिजली चाहिए।

इससे पहले जून में रामा ने कहा था कि एक दिन अल्बानिया में डिजिटल मंत्री या यहां तक कि एआई प्रधानमंत्री भी हो सकते हैं। तब बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि यह इतनी जल्दी हकीकत बन जाएगा। अल्बानिया की राजधानी तिराना में शुक्रवार को एनीयो कासो, जो अल्बानिया के कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्रिप्टोकरेंसी लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख हैं, ने एआई मंत्री डिएला का परिचय दिया। डिएला की नई भूमिका को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आ रहीं है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसे 'हास्यापद' और 'असंवैधानिक' कहा है। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि यह अच्छी पहल है। वित्तीय सेवाओं की कंपनी बाल्कन कैपिटल की संस्थापक अनीडा बजरकतारी बिजा ने कहा कि पीएम एडी रामा अक्सर सुधारों को नाटकीयता के साथ पेश करते हैं, इसलिए लोग इसे दिखावा मान सकते हैं, लेकिन अगर इसे सचमुच पारदर्शिता बढ़ाने और भरोसा कायम करने वाले सिस्टम में बदला गया, तो यह उपयोगी साबित हो सकता है। भ्रष्टाचार-विरोधी एक्सपर्ट्स भी मानते हैं कि एआई से फायदा हो सकता है। किंग्स कालेज लंदन के डा. एंडी होक्सहाज का कहना है कि अगर एआई सही तरह से प्रोग्राम किया जाए, तो यह आसानी से बता सकता है कि कम्पनी ने जो दावें किए थे उसे पूरा किया या नहीं। होक्सहाज का मानना है कि अल्बानिया के पास भ्रष्टाचार से निपटने का बड़ा कारण है, क्योंकि यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया में यह सबसे अहम शर्त है।



मुंबई। दादर बीच पर सफाई अभियान में भाग लेते युवा।

## नेपाल हिंसाः पीएम पद छोड़ने वाले ओली पर एफआईआर

**आरोपः पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर ज्यादती का आदेश दिया**

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ शनिवार को राजधानी काठमांडू में एफआईआर दर्ज की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओली पर आरोप है कि 8 सितम्बर को जब आंदोलन शुरू हुआ था, तब उन्होंने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर हमले और ज्यादती का आदेश दिया था। ओली ने भारी दबाव के बीच 9 सितम्बर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद से ही वो आर्मी की सुरक्षा में हैं। वहीं, नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की आज घायल आंदोलनकारियों से मिलने काठमांडू के हास्पिटल पहुंची। सुशीला कार्की ने शुक्रवार को ही नेपाल के अंतरिम पीएम पद की शपथ ली है। उन्हें 5 मार्च, 2026 तक संसदीय चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। 6 दिनों की हिंसा के बाद काठमांडू के कई इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। वहीं, 6 जगहों पर अब भी कर्फ्यू जारी है।

### संक्षिप्त समाचार

#### पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 97 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में हाल ही में आई बाढ़ से कम से कम 97 लोगों की मौत हो गई और 44 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने यह जानकारी दी है। पीडीएमए के अनुसार शुक्रवार को रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ ने पूरे प्रांत में 4500 से जयादा गांवों को नुकसान पहुंचाया है।

#### इराक में मस्जिद में सुन्नी मौलवी की हत्या

**बगदाद।** इराक की राजदानी बगदाद के दक्षिणी डोरा जिले में स्थित एक मस्जिद के इमाम शेख अब्दुल सत्तार अल-कुरघुली की शुक्रवार को मस्जिद के अंदर हत्या कर दी गई। इराक में सुन्नी मुस्लिम धार्मिक मामलों की देखरेख करने वाली सुन्नी एंडोमेंट ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया कि सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ लिया गया है और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

#### यूक्रेन के ड्रोनों ने रूस के तेल टर्मिनल पर किया हमला

**कीव।** यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसएसयू) ने ड्रोनों के जरिए बाल्टिक सागर पर रूस के सबसे बड़े तेल टर्मिनल प्रिमोर्स्क बंदरगाह पर हमला किया। उक्रिनफॉर्म समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। आगे कहा कि ड्रोनों ने बंदरगाह में एक जहाज और एक पम्पिंग स्टेशन पर हमला किया, जिससे आग लग गई तथा तेल की आपूर्ति अस्थाई रूप से रुक गई।

## चीन पर लगाएं 50 से 100 प्रतिशत टैरिफः ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने भेजा नाटो देशों को पत्र**
**यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए एकजुट होकर सामने आएं**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को जानकारी दी कि उन्होंने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों को पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने कहा, मैं रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, लेकिन तभी लगाऊंगा जब सभी नाटो देश इस पर सहमत हों और वहीं कदम उठाना शुरू कर दें और सभी नाटो देश रूस से तेल खरीदना पूरी तरह बंद कर दें।

ट्रम्प ने लिखा, जैसाकि आप जानते हैं कि नाटो की जीत के लिए अब तक पूरी कोशिशें नहीं हुई हैं और कुछ देशों की ओर से रूसी तेल की खरीद वाकई चौंकाने वाली है। इससे रूस के खिलाफ बातचीत में आपकी स्थिति और सौदेबाजी की ताकत कमजोर हो जाती है। खैर, अगर आप तैयार हों तो मैं तैयार हूं। बस आप बताइए कि कब शुरू करना है? मेरा मानना है कि इसके साथ ही अगर नाटो एक समूह के तौर पर चीन पर 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाए, जिन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद पूरी तरह से हटा लिया जाए तो यह इस खौफनाक और बेवजह के युद्ध को खत्म करने में बहुत मददगार साबित होगा। ट्रम्प ने आगे लिखा, चीन का रूस पर काफी मजबूत नियंत्रण है और पकड़ बनी हुई है। ये सख्त टैरिफ उस पकड़ को कमजोर करने का काम करेंगे।

# भारत की चुप्पी को जॉन बोल्टन ने सराहा

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने टैरिफ मुद्दे को लेकर कहाः यह ट्रम्प से निपटने का सबसे अच्छा तरीका



**बोल्टन ने कहाः अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर भारत की चुप्पी की पूर्व अमेरिकी एनएसए ने सराहना की है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर भारत का ज्यादातर चुप रहना और गुप्त कूटनीति पर निर्भर रहना ठीक है।

मुझे लगता है कि ट्रम्प जैसे व्यक्ति से निपटने का यही सबसे अच्छा तरीका है। अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी। पूर्व अमेरिकी एनएसए ने कहा कि अमेरिका में इस बात को लेकर काफी चिंता थी कि दो टैरिफ मुद्दों के साथ-साथ ट्रम्प द्वारा कश्मीर में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में शांति लाने का श्रेय लेना अनुचित था। मुझे लगता है कि भारत का दीर्घकालिक हित रूस के साथ सैन्य और आर्थिक संबंधों को कम करने में है, क्योंकि रूस तेजी से चीन के साथ एक धुरी बन रहा है। पुतिन और शी जिनपिंग ने असीमित साझेदारी की बात की है। जब प्रधानमंत्री मोदी बीजिंग जाते हैं और पुतिन, शी जिनपिंग और किम जोंग उन से हाथ मिलाते हैं, तो यह अमेरिका के लिए एक संकेत होता है। सभी ने वे तस्वीरें देखीं, लेकिन यह भारत के लिए कोई दीर्घकालिक रणनीति नहीं है। भारत-अमेरिका संबंधों पर उन्होंने कहा कि रिश्ते अब भी वैसे ही हैं। भारत सरकार को ट्रम्प को एक बार के प्रस्ताव के रूप में देखना चाहिए और उससे निपटना चाहिए। जो भी कदम उन्हें भारत के राष्ट्रीय हित में लगें, उन्हें उठाना चाहिए, लेकिन इसे ट्रम्प की खासियत समझना चाहिए। किसी व्यापक अमेरिकी दृष्टिकोण को नहीं दर्शाना चाहिए। ट्रम्प के पास कोई समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नहीं है। वह बहुत ही लेन-देन वाले हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच तनाव का एक बड़ा कारण ट्रम्प की बेहद अनिश्चित शैली है। हालांकि भारत की ओर से कई चिंताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी चिंता पिछले कई वर्षो से भारतीय कंपनियों द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ है। यह दर्शाता है कि ट्रम्प कितने अनिश्चित हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए रूस पर प्रतिबंध या टैरिफ नहीं लगाया है, न ही उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए चीन पर प्रतिबंध या टैरिफ लगाया है। जबकि चीन भारत से कहीं बड़ा खरीदार है और कई अन्य खरीदार हैं।

## इजरायल ने पाक को दिखाया आईना

**न्यूयार्क।** इजरायल ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उस पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इजरायल ने कहा कि पाकिस्तान इस तथ्य को नहीं बदल सकता कि खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन उनकी धरती पर मारा गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। दरअसल पाकिस्तान ने कतर में इजरायली हमले की निंदा की और पूछा कि शविदेशी धरती पर आतंकवादी को निशाना क्यों बनाया गया? इस पर इजरायली राजदूत ने तीखा जवाब देते हुए पाकिस्तानी प्रतिनिधि की बोलती बंद कर दी। इजरायली प्रतिनिधि डैनी डैनन ने कहा कि जब ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब तो सवाल यह नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया।

# नेपाल में फंसे भारत के 251 लोगों ने की वापसी

## अब तक 409 लोगों ने लगाई थी मदद की गुहार



**सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं**

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम में मदद मांगने का सिलसिला जारी है। अब तक 409 लोगों ने मदद की गुहार लगाई है हालांकि इनमें से 251 सकुशल वापस आ चुके हैं। बाकी लोगों की मदद के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि कंट्रोल रूम में करीब 30 काल आ चुकी हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर गुहार लगाने वालों से भी संपर्क कर मदद की जा रही है।

डीजीपी राजीव कृष्ण गृह मंत्रालय और आईबी के अधिकारियों से लगातार वार्ता कर लोगों की वापसी सुनिश्चित करा रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी सील रही। सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। इसका सीधा असर अब खाने-पीने की वस्तुओं और लंबी दूरी की यात्राओं पर दिखने लगा है। चावल, मक्का, दवा और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लादे करीब एक हजार ट्रक सीमा पर खड़े हैं। मुंबई, दिल्ली, शिमला और गोवा तक चलने वाली बसें भी यात्रियों के अभाव में हाईवे किनारे खड़ी हैं। इस बीच शुक्रवार सुबह पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के 20 से अधिक टैंकर नेपाली सेना की निगरानी में नेपाल रवाना किए गए। सप्लाई ठप होने से नेपाल में 150 ग्राम के पैकेट वाला जो बिस्कुट पहले 50 रुपये में मिलता था, अब वह 150 रुपये में मिल रहा है। यही हाल 600 ग्राम के पैक का भी है। यह बिस्कुट पहले नेपाल में 160 रुपये का मिलता था, जो अब 300 तक पहुंच चुका है। रसोई गैस के सिलिंडर की भी मारामारी मची है। कुछ क्षेत्रों में तो खाद्य पदार्थों की तस्करी भी शुरू हो गई है। रुपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पर माल लदे ट्रकों की लंबी कतार लगी है। इनमें पेट्रोलियम उत्पाद, दवा, चावल, मक्का और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुएं हैं। शुक्रवार सुबह अधिकारियों ने पेट्रोल और डीजल टैंकरों को प्राथमिकता पर नेपाल सेना की सुरक्षा में भेजना शुरू कर दिया है, लेकिन बड़ी संख्या में ट्रक अब भी फंसे हुए हैं। बार्डर पर हालात ऐसे ही रहे तो नेपाल में खाद्य सामग्री और दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है। सीमा सील होने से परिवहन पूरी तरह प्रभावित है। आम दिनों में रुपईडीहा से मुंबई, गुजरात, दिल्ली, शिमला, हरिद्वार और गोवा जाने वाली निजी बसें नेपाली यात्रियों से भरी रहती थीं, लेकिन अब ये बसें हाईवे 927 के किनारे खड़ी हैं। जिले से सटे नेपाली गांवों में दो दिन हुई हिंसा के बाद नेपाल सेना ने मोर्चा संभाल लिया है।

## पाकिस्तान में आतंकी हमले में मारे गए सेना के 12 जवान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम क्षेत्र के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में शनिवार तड़के सुबह आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला कर दिया, जिसमें 12 जवान मारे गए और चार अन्य घायल हैं। अधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने नाम न बताने के शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब पांच बजे घटी जब आतंकियों ने सुरक्षा बलों की दल पर गोलीबारी कर दी। सूत्रों ने आगे बताया कि घायल जवानों की हालत नाजुक बनी हुई है। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) संगठन का एक स्थानीय कमांडर इस क्षेत्र में सक्रिय है। हालांकि अभी किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## ब्रिटेन में दिनदहाड़े भारतवंशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म

- आरोपियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा
- पुलिस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतवंशी सिख महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, 20 वर्षीय महिला से पार्क में दिनदहाड़े दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा।

पुलिस इस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले घटी। पीड़िता से टेम रोड इलाके में एक पार्क में दिन के उजाले में दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दोनों हमलावर गोरे लोग थे। पुलिस ने उनके हुलिए की जानकारी साझा की है, जिसमें बताया गया है कि एक आरोपी मजबूत कदकाठी का है और उसने गहरे रंग का स्वेट शर्ट और दस्ताने पहने हुए थे। वहीं दूसरे आरोपी ने ग्रे रंग की जैकेट पहनी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई है और कोई भी संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज, वीडियो आदि मुहैया कराने की अपील की। इस घटना को लेकर ब्रिटेन के भारतवंशी और सिख समुदाय में गहरी नाराजगी और गुस्सा है। ब्रिटेन में हाल के समय में सिख समुदाय के खिलाफ नस्लीय हमलों की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं।


# रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप

**सुनामी की चेतावनी जारी**
**बीते 3 महीनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप दर्ज हुए**

**मॉस्को।** रूस के कामचटका में शनिवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के बाद यहां सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। यूएसजीएस ने पहले भूकंप की तीव्रता 7.5 बताई थी, लेकिन बाद में इसे 7.4 कर दिया। पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में रूस के तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले 30 जुलाई को यहां 8.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जो दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया था। कामचटका में बीते तीन महिनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप दर्ज किए गए हैं। रूस के कामचटका में जो प्रशांत 'रिंग आफ फायर' का हिस्सा है, इस साल भूकंपीय गतिविधियों का केंद्र रहा। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल यहां कुल 1200 से अधिक भूकंप दर्ज किए गए हैं। इनमें से अधिकांश छोटे-मोटे (मैग्निटयूड 2.0 से 4.0 के बीच) थे, लेकिन 4.0 या इससे ऊपर के 150 से ज्यादा भूकंप हुए।

### हिंदी दिवस पर विशेष...

# हिन्दुस्तानी भाषा और हिंदी का संबंध






शहजाद अली

**भारत** की भाषाई विरासत विश्व की सबसे समृद्ध परंपराओं में गिनी जाती है। विभिन्न भाषाएं विचारधाराए हमारे समाज में विद्यमान है संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को आधिकारिक दर्जा प्राप्त भारतीय मुद्रा पर 15 भाषाएं प्रदर्शित की जाती हैं इनमें हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। यहां की बोलियों, उपभाषाओं और भाषाओं ने न केवल सांस्कृतिक विविधता को जन्म दिया है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत किया है। इसी क्रम में हिन्दुस्तानी भाषा का उल्लेख सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हिंदी और उर्दू दोनों की जननी कही जाती है। हिंदी दिवस के अवसर पर इन दोनों भाषाओं के संबंध को समझना हमारे लिए प्रासंगिक है।

बहरहाल मध्यकालीन भारत में विभिन्न जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक समूहों का परस्पर मिलन हुआ। फारसी, अरबी, तुर्की और संस्कृत जैसी भाषाओं का संपर्क स्थानीय बोलियों से हुआ, जिससे एक साझा बोलचाल की भाषा का निर्माण हुआ। यही भाषा आगे चलकर हिन्दुस्तानी कहलाई। यह भाषा सरल, समझने में आसान और जनमानस की भाषा थी। लिपि को अगर भूल जाएं तो आज भी जनमानस की भाषा वही हिन्दुस्तानी है। हिन्दुस्तानी भाषा के दो रूप विकसित हुएकृहिंदी और उर्दू। हिंदी ने संस्कृत शब्दावली को अधिक ग्रहण किया और देवनागरी लिपि को अपनाया। उर्दू ने फारसी और अरबी शब्दों को आत्मसात किया और नस्तालीक लिपि का उपयोग किया। अमीर खुसरो को जहां हिंदी भाषी लोग हिंदी के पहले कवि कहते हैं वही उर्दू भाषी लोग उन्हें उर्दू का पहला शेयर मानते है।लेकिन दोनों की व्याकरण, वाक्य रचना और मूल स्वरूप एक ही है। यही कारण है कि सामान्य बोलचाल में हिंदी और उर्दू की सीमाएं अक्सर धुंधली पड़ जाती हैं।

### 1 साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान


हिंदी और उर्दू दोनों ने मिलकर भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यही हिंदुस्तानी भाषा राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति बनी रही। एथनोलोग 2020की रिपोर्ट के मुताबिक हिन्दी-उर्दू बोलने वालों की जनसंख्या 85करोड है। अमीर खुसरो, खघन खाना,कबीर, तुलसीदास और सूरदास जैसे कवियों की हिंदी रचनाओं ने भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश दिया। मीर, गालिब और फैज जैसे उर्दू शायरों ने प्रेम, मानवता और सामाजिक चेतना को स्वर दिया। दोनों भाषाओं के साहित्य ने एक-दूसरे से शब्द, शैली और भाव ग्रहण किए, जिससे एक अनूठा सांझा साहित्यिक संसार बना।

### 2 राष्ट्रीय एकता का प्रतीक

हिन्दुस्तानी भाषा और हिंदी-उर्दू का संबंध केवल भाषाई नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक भी है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, हिंदी और उर्दू, भले ही अलग-अलग रूपों में विकसित हुई हों, परंतु उनकी आत्मा एक ही है हिन्दुस्तानी। हिंदी दिवस के अवसर पर हमें याद रखना चाहिए कि भाषा कोई दीवार नहीं, बल्कि पुल है जो दिलों को जोड़ती है। हिंदी और उर्दू का संबंध भाईचारे, साझी संस्कृति और भारतीयता की पहचान है। दोनों को मिलकर ही हम अपनी भाषाई धरोहर को पूर्ण रूप में समझ सकते हैं।

# शाहरुख खान और गुरु रंधावा पंजाब के किसानों की मदद को आगे आए

## शाहरुख की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1500 परिवारों तक पहुंचाई मदद



**गुरु रंधावा किसानों को देंगे नई फसल की शुरुआत का सहारा**



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1,500 परिवारों तक मदद पहुंचाई है।

मीर फाउंडेशन स्थनीय एनजीओ के साथ मिलकर पंजाब बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद कर रहा है। इसके तहत जरूरी रिलीफ किट्स बांटी जा रही हैं, जिनमें दवाइयां, हाइजीन से जुड़ी चीजें, खाने-पीने का सामान, मच्छरदानी, तिरपाल की चादरें, फोल्डिंग बेड, कॉटन के गद्दे और दूसरे जरूरी सामान शामिल हैं। यह पहल अमृतसर, पटियाला, फाजिल्का और फिरोजपुर जैसे जिलों के कुल 1,500 परिवारों तक पहुंचेगी। इसका मकसद है कि लोगों को तुरंत स्वास्थ्य, सुरक्षा संग आश्रय की जरूरतें पूरी की जा सकें, जिससे बाढ़ से प्रभावित परिवार सम्मान के साथ अपनी जिंदगी को दोबारा पटरी पर ला सकें।

उधर, जानेमाने गायक गुरु रंधावा पंजाब में किसानों के बीच गेहूं के बीज का वितरण करेंगे। गुरु रंधावा ने हमेशा संकट के समय अपने लोगों का साथ दिया है। हाल ही में पंजाब में आई बाढ़ के दौरान, वह सबसे पहले मदद करने वालों में शामिल रहे। इससे पहले उन्होंने उस मां का घर दोबारा बनवाने का वादा किया था, जिसने इस आपदा में अपनी छत खो दी थी।अब एक और सराहनीय कदम उठाते हुए, गुरु रंधावा ने घोषणा की है कि जैसे ही बाढ़ का पानी कम होगा और हालात सामान्य होंगे, वे सभी बाढ़ प्रभावित किसानों को गेहूं के बीज वितरित करेंगे। इस पहल का मकसद किसानों को खेती फिर से शुरू करने और सम्मान के साथ जीवन को दोबा.रा बसाने में मदद करना है। अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए गुरु ने कहा, जैसे ही बाढ़ खत्म होगी और पानी नीचे जाएगा, मैं प्रभावित गांवों में गेहूं के बीज बांटूंगा ताकि अगली फसल बोई जा सके और लोग एक नई शुरुआत कर सकें। गुरु रंधावा का यह कदम उनके जड़ों से गहरे जुड़ाव और पंजाब के लोगों के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। बाढ़ की कुछ झलकियां भी साझा की व सभी से बेहतर दिनों की दुआ करने का आग्रह किया।



# दोस्तों के चक्कर में चलती ट्रेन से कूद गईं करिश्मा शर्मा



## हादसे में सिर और पीठ पर चोट लगी, अस्पताल में भर्ती कराया गया

**मुंबई।** एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा मुंबई लोकल ट्रेन से सफर करते समय हादसे का शिकार हो गईं। घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इसकी जानकारी दी। करिश्मा ने अपनी पोस्ट में लिखा, कल जब मैं चर्चगेट शूट के लिए जा रही थी तो मैंने साड़ी पहनकर ट्रेन से जाने का फैसला किया। जैसे ही ट्रेन में चढ़ी, वह तेज होने लगी। मैंने देखा कि मेरे दोस्त ट्रेन पकड़ नहीं पाए। डर की वजह से मैंने छलांग लगा दी और पीछे गिर गई। एक्ट्रेस ने आगे लिखा, मेरी पीठ में चोट लगी है, सिर पर सूजन है और पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं। डाक्टरों ने MRI किया और मुझे एक दिन के लिए आब्जर्वेशन में रखा है। ताकि सिर की चोट सीरियस न हो। कल से दर्द हो रहा है, लेकिन मैं हिम्मत बनाए हुए हूं।

जल्दी ठीक होने के लिए दुआ करें और अपना प्यार भेजें, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। करिश्मा की एक दोस्त ने भी अस्पताल से उनकी तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, यकीन नहीं हो रहा, मेरी दोस्त ट्रेन से गिर गई और उसे कुछ याद नहीं है। हमने उसे फर्श पर पाया और तुरंत अस्पताल लाए।

डाक्टर जांच कर रहे हैं। सब दुआ करें कि वह जल्दी ठीक हो जाए। उनकी दोस्त ने घटना से पहले का एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें करिश्मा स्टेशन पर साड़ी पहने नजर आ रही हैं। बता दें कि करिश्मा शर्मा प्यार का पंचनामा 2 और रागिनी एमएमएस रिटर्न्स जैसे प्रोजेक्ट्स से जानी जाती हैं। करिश्मा शर्मा होटल मिलन, फस्टी फसाते और एक विलेन रिटर्न्स जैसी फिल्मों में भी नजर आईं।

करिश्मा ने कई वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने लाइफ सही है से वेब डेब्यू किया। इसके अलावा हम-आई एम बिकाज आफ अस, फिक्सर और सुमेर सिंह केस फाइल्स गर्लफ्रेंड्स जैसी वेब सीरीज में भी नजर आईं। घटना के बाद लोग करिश्मा की सलामती और हादसे की जानकारी जानने के लिए गूगल पर उन्हें सर्च कर रहे हैं।

## मेरे रहो 12 दिसम्बर को होगी रिलीज

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म मेरे रहो 12 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म मेरे रहो में जुनैद खान और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर बताया, आमिर खान प्रोडक्शंस की नई फिल्म मेरे रहो 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस रोमांटिक ड्रामा में जुनैद खान और साई पल्लवी हैं।

# जो अजब है वो गजब है के साथ लौटा इंडियाज गॉट टैलेंट

**मुंबई।** नवजोत सिंह सिद्धू ने इंडियाज गॉट टैलेंट का नया सीजन लांच किया है। नवजोत सिंह सिद्धू की प्रोमो में दमदार लाइन दुनिया में सबसे बड़ा रोग, मेरे बारे में क्या कहेंगे लोग, उन लोगों की परेशानियों को दिखाती है जिन्हें समाज की सोच रोकती है।

यह लाइन टैलेंट्स को प्रेरित करती है कि वो ऐसे बंधनों से ऊपर उठकर बिना किसी डर अपने सपनों का पीछा करें। इंडिया गॉट टैलेंट के पहले प्रोमो में आने वाले सफर की बस एक झलक दिखाई गई है, जिसमें टैगलाइन जो अजब है, वो गजब है इस सीजन की असली रूह को बखूबी पेश करती है। शो के बारे में बात करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मैं उन टैलेंट्स को देखने के लिए उत्साहित हूं जो अनोखे, क्रिएटिव हैं और इतनी हिम्मत रखते हैं कि आम सोच को चैलेंज कर सकें। यह कमाल के टैलेंट्स न सिर्फ पूरे देश को हैरान करने वाले हैं बल्कि अनगिनत लोगों को अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित भी करने वाले हैं। इंडियाज गॉट टैलेंट का प्रीमियर चार अक्टूबर 2025 से, हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा।

# कंतारा: चैप्टर 1 के लिए होम्बले फिल्म्स ने देशभर से जोड़े कारीगर

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने कंतारा: चैप्टर 1 की भव्य दुनिया बनाने के लिए भारत के कारीगरों और संस्कृति का शानदार संगम किया है। होम्बले फिल्म्स की 'कंतारा: चैप्टर 1' एक बेहद अनोखी फिल्म है, जो ऐसे अंदाज से भारतीय संस्कृति को दिखाती है, जिसकी वो असल में हकदार है। मेकर्स ने इस सोच को पूरा करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ी है। होम्बले फिल्म्स की 'कंतारा: चैप्टर 1 जनता द्वारा सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। साल 2022 में आई कंतारा बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बनकर सबसे बड़ी स्लीपर हिट बनकर उभरी, जिसे बाद इस प्रीक्वल से दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। यह फिल्म कंतारा की दुनिया को बड़े पैमाने पर पेश करने के लिए तैयार है, जिसके लिए कारीगरों और क्रू के मेंबर्स ने अलग-अलग राज्यों से आकर फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिदा करने में अपना घस योगदान दिया है। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, पश्चिम बंगाल और बाकी जगहों से कारीगर और क्रू के मेंबर्स आए। हर कारीगर और क्रू मेंबर ने फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिंदा करने के लिए अपनी खासियत का कमाल दिखाया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...

:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# 52 वर्ष की हुईं महिमा चौधरी



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री महिमा चौधरी आज 52 वर्ष की हो गई। महिमा चौधरी का जन्म पश्चिम बंगाल के दार्जिलिग में 13 सितम्बर 1973 को हुआ था। उन्होंने दसवी कक्षा तक कुर्सेओंग में डॉवहिल में पढ़ाई की और बाद में दार्जिलिग के लोरेटो कॉन्वेंट में चली गई । उन्होंने स्थानीय सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस दार्जिलिंग का खिताब जीता। महिमा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1997 में प्रदर्शित सुभाष घई की ब्लॉककबस्टर फिल्म परदेस से की। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया। अपनी पहली रिलीज परदेस से पहले, उन्होंने अपने निर्देशक सुभाष घई की सिफारिश पर अपना नाम बदलकर महिमा चौधरी रख लिया, जो मानते थे कि एम अक्षर उनकी फिल्मों में अग्रणी अभिनेत्रियों के लिए भाग्यशाली होता है। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म धड़कन में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए महिमा सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2006 में शादी करने के बाद महिमा चौधरी ने फिल्मों में काम करना कुछ कम कर दिया था। जब महिमा काम कर रही थी, उसी दौरान उनका एक भयानक एक्सीडेटं भी हुआ था। फिल्म दिल क्या करे की शूटिंग के दौरान महिमा चौधरी का कार एक्सीडेंट हुआ था- उस दौरान उनके चेहरे में कांच के टुकड़े धंस गए थे-उस दौरान महिमा के चेहरे से कांच के 67 टुकड़े निकाले गए थे। वर्ष 2006 में महिमा ने बिजनेसमैन बॉबी मुखर्जी से शादी की थी, लेकिन वर्ष 2013 में दोनों का तलाक हो गया। महिमा की एक बेटी है जिसका नाम आर्यना है। महिमा की जिंदगी में सिर्फ एक्सीडेंट ही नहीं, बल्कि एक और बड़ा चैलेंज ब्रेस्ट कैंसर के रूप में आया, लेकिन महिमा ने हिम्मत नहीं हारी और इस बीमारी से भी लड़ाई जीती। महिमा ने अपनी बेटी आर्यना का जिक्र करते हुए बताया था कि जब वो कैंसर से परेशान थी, तब उनकी बेटी ने स्कूल जाना छोड़ दिया था, जिससे उनकी मम्मी को कोविड 19 का खतरा न हो। महिमा चौधरी अब पूरी तरह ठीक हो चुकी हैं। महिमा चौधरी ने अपने सिने करियर में लगभग 35 फिल्मों में अभिनय किया है। महिला चौधरी की इस वर्ष फिल्म इमरजेंसी प्रदर्शित हुई है। दाग द फायर, कुरुक्षेत्र, दिल क्या करे, लज्जा, दीवाने, खिलाड़ी 420, ओम जय जगदीश, दिल है तुम्हारा, सौतन, सहर, सैंडविच, बागबान आदि हैं।